सुप्रभात
रांची, गुरुवार
27.06.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 343

12 फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर हुआ रिलीज

# नहीं हुई वोटिंग, ध्वनिमत से ओम बिरला फिर बने स्पीकर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद और लोकसभा के पूर्व स्पीकर ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया है। लोकसभा में पीएम मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समर्थन किया। पीएम मोदी के प्रस्ताव को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और इसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इसके बाद सदन के नेता पीएम मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक ले कर गये। इस दौरान मोदी और राहुल ने एक दूसरे से हाथ मिला कर अभिवादन किया। यह भारती

## भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती



लोकतंत्र की खूबसुरती है।

**नहीं हुई वोटिंग :** विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था। शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने लोकसभा अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस सांसद के. सुरेश के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किया था, हालांकि वोटिंग की जरूरत ही नहीं पड़ी। ध्वनिमत से चुनाव जीतने के बाद इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की।

## हंगामे के बीच आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव पास

### पीड़ितों के सम्मान में दो मिनट मौन, विपक्ष का सदन के बाहर भी प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** आपातकाल की 50वीं बरसी पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच बुधवार को लोकसभा ने सदन में निंदा प्रस्ताव पारित किया। नये स्पीकर ओम बिरला ने आपातकाल पर पेश प्रस्ताव पर कहा कि ये सदन 1975 में देश में आपातकाल (इमरजेंसी) लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है।

इसके साथ ही हम, उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने इमरजेंसी का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया। उन्होंने तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी के फैसले को संविधान पर हमला बताया। स्पीकर की ओर से यह प्रस्ताव पेश करने के बाद लोकसभा ने दो मिनट का मौन रखकर निंदा प्रस्ताव को पारित कर दिया। इसके बाद सदन में विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सहित विपक्षी सांसद नारे लगाते हुए खड़े हो गये। दोनों पक्षों के बीच टकराव देखने को मिला। विपक्ष ने सदन के बाहर भी इस पर जोरदार प्रदर्शन किया।

### आपातकाल एक काला अध्याय

विपक्षी दलों के जोरदार विरोध के बीच बिरला ने कहा कि यह सदन 1975 में आपातकाल लागू करने के फैसले की कड़ी निंदा करता है। स्पीकर ने कहा कि 25 जून 1975 को भारत के इतिहास में हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जायेगा। इस दिन तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लगाया और बाबा साहब अंबेडकर की ओर से बनाये गये संविधान पर हमला किया। इंदिरा गांधी ने ऐसे भारत पर तानाशाही थोपी। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचल दिया गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गला घोंट दिया गया। बिरला ने कहा कि नागरिकों के अधिकारों को कुचला गया और विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था, पूरे देश को जेल में बदल दिया गया था।

विपक्ष के हंगामे के बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण तक के लिए लोकसभा स्थगित कर दी गयी।

(शेष पेज 11 पर)

**नीट पेपर लीक मामला :** आज रांची आयेगी सीबीआइ टीम

## हिरासत में हजारीबाग स्कूल के प्रिंसिपल, पूछताछ जारी

- बैंकों का सीसीटीवी फुटेज खंगाला,
- आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ होगी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**हजारीबाग,रांची।** नीट यूजी पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआइ की टीम ने इओयू की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर बुधवार को हजारीबाग के कल्लु चौक स्थित ओएसिस स्कूल पहुंची। स्कूल के प्रिंसिपल से पूछताछ करने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। फिलहाल, सीबीआइ अधिकारी उनसे चरही स्थित सीसीएल गेस्ट में पूछताछ कर रही है। इससे पहले सीबीआई की टीम दो बार एसबीआइ के मेन ब्रांच पहुंची। बैंक अधिकारियों से जानकारी ली। बैंक का सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। सीबीआई को हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से पेपर लीक होने की आशंका है। टीम हजारीबाग में यह पता लगाने में जुटी है कि पेपर स्कूल में पहुंचने के बाद लीक हुआ है या फिर बैंक से पेपर निकलने के बाद लीक हुआ है। जांच के बाद गुरूवार की सुबह टीम रांची आयेगी और ब्लू डॉट कुरियर में भी जाकर जांच करेगी। जानकारी के मुताबिक ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसानुल हक को एनटीए की तरफ से डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, वाईस प्रिंसिपल को सेंटर सुपरिटेंडेंट और एक प्रोफेसर को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया था। परीक्षा के दिन सुबह के वक्त प्रश्न पत्र बैंक से निकलता है। बैंक से प्रश्न पत्र ले जाने के लिए डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर और सेंटर के सुप्रीटेंडेंट मौजूद रहते हैं। बिहार में प्रश्न पत्र और उसके आंसर भेजने वाले चिंटू को रॉकी नाम के शख्स ने व्हाट्सएप पर प्रश्न पत्र भेजे थे। मूलरुप से बिहार के नवादा निवासी रॉकी रांची में ही रेस्टोरेंट चलाता है।

**गिरफ्तार आरोपियों से सीबीआई पूछताछ :** पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस और ईओयू बिहार झारखंड में अबतक 20 लोगों को गिरफ्तार किया है।

(शेष पेज 11 पर)

डबल इंजन सरकार ने राज्य को लूटा : सीएम चंपई

## अब झारखंड को संवारने में लगी है राज्य सरकार

- अगले तीन माह में 50 हजार युवाओं को नौकरी
- हर खेत को पानी, बहन-बेटियों को दे रहे हैं सम्मान
- विस्थापितों व मजदूरों के हित में शीघ्र बनेगी नीति



खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित संपत्ति वितरण कार्यक्रम में बुधवार को सीएम चंपई सोरेन ने भाजपा पर जम कर निशना साधा। उन्होंने कहा, भाजपा देश की सबसे झूठी पार्टी है। लंबे समय तक झारखंड की सत्ता पर ये लोग रहे, लेकिन लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया। डबल इंजन की सरकार की नजर केवल यहां के खनिज संपदा पर थी और जम कर लूटा। आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक का विकास नहीं होने दिया। सीएम ने कहा कि सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए झारखंड का विकास में उनकी सरकार लगी है। अगले तीन महीनें में 50 हजार युवाओं के हाथ में सरकारी नौकरी होगी । शिक्षक और सिपाही, एक्साईज विभाग में मिलेगी नौकरी। समारोह में सीएम ने धनबाद जिले को 383 करोड़ 69 लाख की योजनाओं की सौगात दी।

**झारखंड को संवार रहे :** सीएम ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने हर विद्यार्थी को तीन गुना छात्रवृत्ति दी। 9 लाख बेटियों को लाभ दिया, ताकि कोई अनपढ़ न रहे। उच्च शिक्षा के लिए गुरु जी क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी। इसका लाभ सभी वर्ग को दिया, ताकि यहां के युवा झारखंड को संवारने में काम करें। डबल इंजन की सरकार में 5 हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद कर दिया गया, ताकि आदिवासी और मूलवासी के बेटे बेटी स्कूल ना जा सके, लेकिन हमारी सरकार ने इसे चालू कर दिया है। इतना ही नहीं हमारी सरकार हर ब्लॉक में मॉडल स्कूल बनाने जा रही है, जो निजी स्कूल के स्कूलिंग को टक्कर देगी।

(शेष पेज 11 पर)

## डोडा में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकी को मार गिराया

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के गंदोह के वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मारा गया। इसके साथ ही मरने वाले आतंकियों की संख्या तीन हो गयी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं। वहीं इलाके में तलाशी अभियान जारी है। अभियान समाप्त होने के बाद ही आतंकवादियों की पहचान का पता चल पायेगा। उन्होंने कहा कि आतंकियों के पास से अमेरिका निर्मित एम4 राइफल सहित हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों पहाड़ी जिले में हुए दोहरे आतंकवादी हमलों के बाद से सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के साथ पुलिस का गहन तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी था। इस दौरान बुधवार सुबह गंदोह क्षेत्र के बजाद गांव में अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों को पास आते देख गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। इस दौरान सुरक्षाबलों ने अब तक तीन आतंकवादियों को मार गिराया।

(शेष पेज 11 पर)

नशामुक्त झारखंड सरकार की प्राथमिकता, सहयोग करें: सीएम

## नशा मनुष्य और परिवार का नाश कर देता है

- युवाओं को नशे की चपेट में आने नहीं देंगे
- नशा मुक्ति अभियान में परिजनों से भी सहयोग की अपील की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मोरहाबादी मैदान में आयोजित मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं, उन्हें नशे की चपेट में आने नहीं देंगे। इसके लिये जरूरी है कि सरकार-प्रशासन के साथ-साथ परिवार भी सहयोग करें। परिवार के लोग भी अपने बच्चों पर निगरानी रखें। नशामुक्त झारखंड हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में एक है। नशा मनुष्य और परिवार का नाश कर देता है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार नशा मुक्त झारखंड के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके तपह विशेष जागरूकता अभियान चलाकर जन जन को नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दी जा रही है। गांव, मोहल्ला, पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की जा रही है। वर्तमान समय में नशीली पदार्थ का व्यापक रूप से फैलाव हो रहा है। खास तौर पर मादक पदार्थों के तस्करों द्वारा विद्यालय, कॉलेज आदि क्षेत्र में युवा वर्ग को नशीली चीजों की लत लगा रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### कोडरमा में ठनका से दो भाइयों की मौत


**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के तिलैया बस्ती में बुधवार की दोपहर वज्रपात से दो बच्चों की मौत हो गयी। मृतक आपस में चचेरे भाई हैं। मृतकों में आयुष कुमार पिता (12) और उमेश कुमार (13) शामिल है। बारिश के दौरान दोनों बच्चे घर के समीप स्थित आम के पेड़ के नीचे खड़े थे। इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से दोनों इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बच्चों के परिजनों का बुरा हाल है, वहीं शवों को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

## 10 साल बाद लोकसभा को मिला विपक्ष का नेता

### शर्तें ही पूरी नहीं हो रही थीं, अंतिम वार सुषमा स्वराज (स्व) 2009 से 2014 तक थीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लंबे अंतराल के बाद लोकसभा को विपक्ष को नेता मिल गया है। राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद 1980, 1989, और 2014 से 2024 तक खाली रहा है। नियमों के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए किसी भी विपक्षी पार्टी के पास लोकसभा की कुल संख्या का 10 फीसदी, यानी 54 सांसद होना आवश्यक है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में किसी भी विपक्षी पार्टी के पास 54 सांसद नहीं थे। अंतिम बार दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज 2009 से 2014 तक नेता प्रतिपक्ष रही थीं। राजीव गांधी , सोनिया के बाद अब राहुल विपक्ष का नेता पद संभालेंगे। गांधी परिवार को तीसरीबार यह मौका मिला है।



**54 साल के राहुल पांच बार के सांसद हैं :** 54 साल के राहुल गांधी नेहरू-गांधी परिवार के वंशज हैं और पांच बार के सांसद हैं। राहुल गांधी ने 2004 में राजनीति में प्रवेश किया और अमेठी से पहली बार सांसद बने। लोकसभा में अब तक कई नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष का पद संभाला है।

(शेष पेज 11 पर)

### पहली वार राहुल को संवैधानिक पद

2024 के लोकसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस ने गठबंधन के तहत चुनाव लड़कर 99 सीटें जीती हैं। राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनने के साथ ही कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होगा। इससे उनकी प्रोटोकॉल सूची में स्थिति बढ़ेगी और वे भविष्य में पीएम पद के स्वाभाविक दावेदार हो सकते हैं। यह पहली बार होगा जब राहुल गांधी अपने राजनीतिक करियर में कोई संवैधानिक पद संभालेंगे। लोकसभा के विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी अब लोकपाल, सीबीआइ प्रमुख, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियों के पैनल के सदस्य होंगे। प्रधानमंत्री ऐसे सभी पैनल के प्रमुख होते हैं।

## पिछले टी-20 विश्वकप की हार का इंग्लैंड से बदला लेने उतरेगा भारत



**नयी दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को गुयाना में पिछले टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार का बदला लेकर इस बार फाइनल में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। टूनामेंट में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का विश्वकप में अब बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इसी के बलबूते पर वह दक्षिण अफ्रीका के बाद एकमात्र ऐसी टीम है जिसे अब तक इस संस्करण में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा लगा रहा कि भारतीय टीम इतिहास रचने के करीब है और उसे इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकाना है। मौसम को देखते हुए माना जा रहा है कि भारत-इंग्लैंड मैच में बारिश हो सकती है। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। अगर बारिश के कारण मैच धुल जाता है तो अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जायेगी।

न्यूज डायरी

### केजरीवाल तीन दिन की सीबीआइ हिरासत में गये

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की विशेष अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिनों की सीबीआइ हिरासत में भेज दिया। सीबीआइ ने कोर्ट से पांच दिन की हिरासत मांगी थी। बाद बुधवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने तीन दिनों तक सीबीआइ हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया।

### 29 जून तक रांची पहुंच जायेगा मानसून

**रांची।** झारखंड के तीन जिलों चाईबासा, पाकुड़ और साहेबगंज में मानसून ने दस्तक दे दी है, लेकिन अब भी 21 जिलों में मानसून का इंतजार है। छह दिन की देरी के बाद 21 जून को मानसून झारखंड में प्रवेश कर चुका है। मानसून कि रफ़्तार थोड़ी धीमी हो गयी है। रांची समेत बाकी 21 जिलों में मानसून पहुंचने में तीन से चार दिनों का समय लगने कि संभावना है।

### पुलिस हिरासत में युवक की मौत, प्रताड़ना का आरोप

**बोकारो।** पुलिस हिरासत में युवक की मौत मामले में मृतकों के परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। लोगों का आरोप है कि पुलिस तीन दिनों तक युवक की हिरासत में पिटाई करती रही। इस कारण युवक की मौत हो गयी। वहीं पुलिस विभाग के पदाधिकारियों का कहना है कि आरोपी ज्ञान कमर ने थाना हाजत के शौचालय में आत्महत्या कर ली है। घटना मंगलवार देर रात की है। घायल अवस्था में आरोपी ज्ञान कुमार को पेटरवार सीएचसी ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। सदर अस्पताल पहुंचने पर युवक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### सीआइएसएफ जवान की सड़क हादसे में मौत

**बोकारो।** सेक्टर चार थाना क्षेत्र के गांधी चौक के समीप बुधवार को ड्यूटी पर जा रहे सीआईएसएफ जवान को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे सीआईएसएफ जवान की मौके पर ही मौत हो गयी। जवान उमेश दास सेक्टर 11 स्थित अपने आवास से बोकारो स्टील प्लांट अपनी ड्यूटी के लिए जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मारी फिर उसे कुछ दूर तक घसीटता हुआ ले गया।

### सैम पित्रोदा फिर बने अध्यक्ष, विवादों से है नाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार , कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सैम पित्रोदा की फिर से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की की है। पित्रोदा ने लोकसभा चुनाव के दौरान आठ मई को अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। सैम पित्रोदा ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक विवाद टिप्पणी कर दी थी। उन्होंने कहा था कि पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 66900 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 | रु./प्रति किलो |



# राज्य वासियों को बेहतर परिवहन सुविधा दें, कोई कोताही न बरतें : दीपक बिरूआ



**परिवहन मंत्री ने मुख्यमंत्री ग्राम्य गाड़ी योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने बुधवार को विभाग के कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने बताया कि समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ग्राम्य गाड़ी योजना के पूरी तरह से क्रियान्वयन में विस्तार से चर्चा की गयी। अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि राज्यवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसे सुनिश्चित किया जाये।

मंत्री दीपक बिरूआ ने वाहन चलाने में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने की बात कही, ताकि सड़क हादसों को कम किया जा सके।

मंत्री ने इस अवसर पर परिवहन विभाग को राजस्व वृद्धि करने के लिए कार्य करने को कहा। साथ ही ओवरलोडिंग पर कड़ी कार्रवाई और चेकनाका पर वाहनों की जांच तत्परता से करने को कहा। परिवहन विभाग की बैठक में परिवहन सचिव कृपानंद झा, संयुक्त सचिव संगीता लाल, परिवहन संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जल्द निकाली जायेगी तीन शहरों की जलापूर्ति योजना की निविदा, विभागीय सचिव बोले

# रांची सिवरेज के निर्माण में विश्व बैंक मदद करे

**विश्व बैंक के अधिकारियों ने सहयोग का सकारात्मक संकेत दिया**

**विश्व बैंक के अधिकारियों ने धनबाद की सड़क परियोजना और खूंटी शहरी जलापूर्ति के कार्य को सराहा**

- गुमला, लोहरदगा एवं कपाली शहरी जलापूर्ति योजना की होनी है शुरुआत
- लगभग 1.60 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल कराया जायेगा उपलब्ध
- इन तीनों पेयजल जलापूर्ति योजनाओं पर 330 करोड़ रुपये होंगे खर्च



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने विश्व बैंक के अधिकारियों से भी रांची के सिवरेज सिस्टम के अधिष्ठापन में वित्तीय सहयोग देने का आग्रह किया है। सचिव से मुलाकात करने आयीं विश्व बैंक की टीम लीडर वसुधा थावाकर और रोबिन ठाकुर से उन्होंने सहयोग मांगा है। उनके अनुरोध पर विश्व बैंक के अधिकारियों ने सकारात्मक रूख इजहार किया। इसके अलावा सचिव राजकमल ने विश्व बैंक के सहयोग से शुरू की जाने वाली गुमला, लोहरदगा एवं कपाली शहरी जलापूर्ति योजना की स्थिति पर भी चर्चा की। उन्हें बताया गया कि इन तीनों योजनाओं की निविदा जल्द निकाली जायेगी। इन योजनाओं को धरातल पर उतार कर लगभग 1.60 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इन तीनों योजनाओं पर 330 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से धनबाद में स्मार्ट रोड भी बन रहा है। विश्व बैंक के सहयोग खूंटी जलापूर्ति योजना को पूरा कर जलापूर्ति शुरू की जा चुकी है। दोनों योजनाओं पर विश्व बैंक ने संतोष व्यक्त किया। रांची और धनबाद सिवरेज योजना लगभग 5500 करोड़ की है, जो फिलहाल एशियाई विकास बैंक के वित्तीय सहयोग प्रस्तावित है। रांची सिवरेज सिस्टम के निर्माण की योजना लगभग 3000 करोड़ की है। राजधानी के सभी 53 वार्ड को चार जोन में बांट कर सिस्टम को अधिष्ठापित किया जायेगा। डीपीआर तैयार है। स्टेक होल्डर्स की मीटिंग हो चुकी है। इस दौरान जुडको की ओर पीडीटी गोपाल जी, डीपीडी उत्कर्ष मिश्र और डीजीएम आलोक मंडल भी उपस्थित थे।

## रांची-धनबाद में ₹5500 करोड़ की लागत की सीवरेज परियोजना का डीपीआर तैयार

**अगर एडीबी से वित्तीय सहायता नहीं मिली तो सरकार वर्ल्ड बैंक के वित्तीय सहयोग से परियोजना कर सकती है शुरू**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने रांची व धनबाद के शहरी क्षेत्र में एडीबी के सहयोग से सीवरेज परियोजना का नये सिरे से डीपीआर तैयार करा लिया है। फिलहाल एशियन डेवलपमेंट बैंक के वित्तीय सहयोग से यह परियोजना पूरी कराने का प्रस्ताव है। दोनों शहरों को मिलाकर 5500 करोड़ की योजना तैयार की गयी है। सिर्फ रांची सिवरेज सिस्टम के निर्माण की योजना पर 3000 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान है। राजधानी के सभी 53 वार्डों को चार जोन में बांट कर सिस्टम को लगाया जायेगा। नगर विकास विभाग इस काम के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक भी कर चुका है। जुडको के जरिये इसका क्रियान्वयन करवाया जायेगा। यह प्रयास हो रहा है कि जल्द ही एडीबी से इसकी स्वीकृति ली जाये। हालांकि, नगर विकास सचिव ने इस संबंध में विश्व बैंक के अधिकारियों से भी वार्ता की है। विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने इस पर सकारात्मक रूख अपनाया है। ऐसे में अगर एडीबी से वित्तीय सहायता नहीं मिलती है, तो सरकार वर्ल्ड बैंक के वित्तीय सहयोग से परियोजना प्रारंभ कर सकती है।

## रांची में अब तक डेढ़ लाख तो धनबाद में तीन हजार घरों में लगा स्मार्ट मीटर

# स्मार्ट मीटर लगने पर रहें सतर्क, बिजली से संचालित भारी उपकरण चलाने से पहले विभाग को दें जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची और धनबाद में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से किया जा रहा है। एक ओर जहां रांची में लगभग डेढ़ लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है, वहीं, धनबाद में तीन हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया है। स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही उपभोक्ताओं को बिजली बिल अधिक आने और बगैर सूचना बिजली कटने का डर सताने लगा है। पूर्व के महीनों में रांची में प्री-पेड स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं करने पर उपभोक्ताओं की बिजली भी काटी गयी है। जेबीवीएनएल के क्षेत्रीय कार्यालयों में भी इस संबध में शिकायत मिलते रहती है। ऐसे में जबीवीएनएल की ओर से समय-समय पर उपभोक्ताओं को सतर्क किया जाता है। जहां स्मार्ट मीटर रीचार्ज से लेकर बिजली कटने तक की जानकारी दी जाती है।

**स्मार्ट मीटर के फायदे**



लोकल फाल्ट में कमी आयेगी, ऐप की मदद से मीटर की वर्तमान स्थिति एवं वर्तमान लोड की जानकारी मिलेगी। वर्तमान बिल की जानकारी एवं पिछले महीनों की बिल की जानकारी भी मिलेगी। मैनुअल मीटर रीडिंग की आवश्यकता नहीं रह जायेगी। बिजली चोरी करना बिल्कुल संभव नहीं होगा अचानक से बिजली लोड नहीं बढ़ाया जा सकता।

जेबीवीएनएल की मानें तो स्मार्ट मीटर मोबाइल से कनेक्ट रहता है। जिससे उपभोक्ता रिचार्ज कर इस्तेमाल करेंगे। जितना रिचार्ज करेंगे उतनी ही बिजली उन्हें मिल पाएगी। स्मार्ट मीटर में ऐसा यंत्र स्थापित किया गया है कि यदि उपभोक्ता विभाग को बिना बताए बिजली का लोड बढ़ाते हैं तो तीन बार यह स्मार्ट मीटर चेतावनी देगा।

चौथी बार बिना बिजली विभाग को बताये लोड बढ़ाया गया तो यह डिस्कनेक्ट हो जाएगा। उपभोक्ता एयर कंडीशन समेत अन्य भारी यंत्र लगा रहे हैं, तो इसकी जानकारी बिजली विभाग को जरूर दें। पहले जानकारी देने पर क्षमता बढ़ा दी जायेगी। ऐसे में बिजली कटने की समस्या नहीं होगी।

निगम की मानें तो वर्तमान में अधिकांश उपभोक्ता 1 किलोवाट क्षमता लेकर तीन से चार किलोवाट तक उपभोग कर रहे हैं। जिससे फीडर से लेकर ट्रांसफार्मर तक दबाव बन रहा है। इसकी वजह से लोकल फाल्ट हो रहे हैं और बिजली की समस्या बन रही है।

# हत्या के मामले में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अव्वल, 30 दिन में 36 हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में आये दिन हत्या की वारदात हो रही है लेकिन, हत्याकांड के मामले में उत्तरी छोटानागपुर और संथाल प्रमंडल ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले एक महीने के दौरान झारखंड के छह रेंज के अंतर्गत आने वाले 24 जिले में कुल 146 हत्या की घटनाएं प्रतिवेदित हुई है। जिनमें सबसे अधिक उत्तरी छोटानागपुर रेंज में 36 और उसके बाद संथाल परगना रेंज में 31 हत्या की प्राथमिकी विभिन्न थानों में दर्ज की गयी।

**किस रेंज में कितनी हुई हत्या की घटनाएं**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरी छोटानागपुर रेंज | | सिमडेगा: | 03 | सरायकेला: | 06 |
| रामगढ़ : | 03 | लोहरदगा: | 03 | जमशेदपुर: | 04 |
| कोडरमा: | 03 | कुल: | 25 | कुल: | 14 |
| चतरा: | 07 | | | | |
| गिरिडीह: | 18 | पलामू | रेंज | संथाल परगना रेंज | |
| हजारीबाग: | 05 | पलामू: | 09 | दुमका: | 09 |
| कुल: | 36 | लातेहार: | 06 | गोड्डा: | 05 |
| | | गढ़वा: | 06 | जामताड़ा: | 04 |
| दक्षिणी छोटानागपुर रेंज | | कुल: | 21 | देवघर: | 07 |
| रांची: | 11 | | | साहेबगंज: | 02 |
| खूंटी: | 01 | कोल्हान रेंज | | पाकुड़: | 04 |
| गुमला: | 07 | चाईबासा: | 04 | कुल: | 31 |

# रात 12 बजे के बाद बार और रेस्टोरेंट न खुले राज्य सरकार इसे सुनिश्चित करे : हाईकोर्ट

**कोर्ट ने मौखिक कहा- पुलिस नशा रोकने के अभियान को सिर्फ आईवॉश के रूप में ना ले**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार यह सुनिश्श्चित करें कि रात 12:00 बजे के बाद किसी भी हालत में बार एवं रेस्टोरेंट खुला नहीं रहे। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पुलिस की टीम बनाई गई है जो बार एवं रेस्टोरेंट पर नजर रखेगी। सरकार की ओर से यह भी कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर में चल रहे बार एवं रेस्टोरेंट के बंद होने एवं खुलने होने का समय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अफीम, चरस, गांजा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के संबंध में सरकार का शपथ पत्र अदालत को गुमराह वाला नहीं होना चाहिए।

रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है इनमें से कई ऐसे भी बारे में रेस्टोरेंट है जिन्होंने बार का लाइसेंस नहीं लिया है और उनके यहां शराब पीने की व्यवस्था रहती है। इनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए। पुलिस नशा रोकने के अभियान को सिर्फ आईवास के रूप में ना ले, सामाजिक दायित्व देखते हुए नशा उन्मूलन के लिए अभियान चलाएं।

कोर्ट ने कहा राजधानी रांची के लालपुर, डोरंडा, बिरसा चौक के आसपास, तुपुदाना में कई रेस्टोरेंट खुले हैं, जहां लोग रात में शराब का सेवन करते हैं, इन रेस्टोरेंट के पास बिना लाइसेंस के ही शराब की व्यवस्था रहती है। नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो के अधिवक्ता ने कहा कि सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से पुलिस को कई अफीम की खेती के बारे में उनकी ओर से जानकारी दी गई थी, जिसे पुलिस ने ध्वस्त कर दिया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई निर्धारित की है। बता दें कि खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**Walk-in-Interview हेतु विज्ञापन**

सरकार के अवर सचिव,पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड,राँची का पत्रांक–4503(s) दिनांक 06.08.2018 में दिये गये निर्देश के आलोक में पथ प्रमण्डल,कोडरमा कार्यालय में भू–अर्जन हेतु दो अमीन नियत पारिश्रमिक पर छः माह के लिए Walk-in-Interview हेतु दिनांक 02.07.2024 अपराह्न 4:00 बजे तक नीचे दिये गये अहर्त्ता पूर्ण करने वाले आवेदकों से स्वहस्तलिखित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

आवेदकों का Walk-in-Interview दिनांक 05.07.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा के कार्यालय में संपन्न होगा।

अहर्त्ता
1. आवेदक कोडरमा/गिरिडीह जिले का निवासी हो। आवेदन पत्र के साथ निवास के संबंध में साक्ष्य संलग्न होना चाहिए।
2. मान्यता प्राप्त विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं औद्योगिक केन्द्रों से एक वर्षीय या दो वर्षीय भू–मापी (सर्वेयर) प्रमाण–पत्र होना चाहिए।
3. अंचल कार्यालय/बंदोबस्त कार्यालय/नगर निगम कार्यालय/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/भवन निर्माण विभाग/नगर विकास विभाग इत्यादि में कार्य करने का अनुभव यदि हो, तो उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
4. सरकारी सेवानिवृत्त अमीन को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. उच्चतर शिक्षा एवं कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. सेवा का भुगतान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संबंधित संकल्प में निर्धारित शुल्क के आधार पर किया जायेगा,यह बिल्कुल ही अस्थायी है। भविष्य में स्थायी के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

नोट :– आवेदन–पत्र के साथ सभी शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन–पत्र पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा में जमा होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 327720 (Road) 24-25 (D)



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।**
Phone- 06541-223994,E-mail-electonoffice.chatra@gmail.com
**प्रेस विज्ञप्ति**

**फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024**

चतरा जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक–01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024 निम्न प्रकार निर्धारित है:–

| S.No. | Activity | Period |
|---|---|---|
| | Pre-revision activities | |
| 1. | (i.) H2H verification through BLOs (ii.) Rationalization/Re-arrangement of Polling Stations. (iii.) Removal of discrepancies in the Electoral roll/EPIC. (iv.) Improvement of image quality ensuring good quality photographs, by replacing blurred, poor quality and not to specification and non-human images in the roll, wherever necessary. (v.) Recasting of Section/Parts and Finalization of proposed restructuring of section/part boundary's location of polling stations and getting approval of list of polling stations. (vi.) Updation of Control table. (vii.) Preparation of Format 1 to 8 . (viii.) Preparation of integrated draft roll with reference to 01.07.2024 as the qualifying date | 25.06.2024 (Tuesday) to 24.07.2024 (Wednesday |
| | Revision Activities | |
| 2. | Publication of Integrated draft electoral roll. | On 25.07.2024 (Thursday) |
| 3. | Period for filing claims & objections | 25.07.2024 (Thursday) to 09.08.2024 (Friday) |
| 4. | Special campaign dates | Saturdays and Sundays within claims and objection period (to be fixed by the CEO) |
| 5. | (i.) Disposal of claims and objections (ii.) Checking of health parameters and obtaining Commission's permission for final publication (iii.)Updating database and printing of supplements | By 19.08.2024 (Monday) |
| 6. | Final publication of electoral roll | On 20.08.2024 (Tuesday) |

उक्त के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2024-ERS(Vol. II), दिनांक–20.06.2024 के द्वारा दिनांक–01.07.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (SSR,2024) के संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए है। उक्त के अनुसार 01 जनवरी सहित वर्ष (मतदाता सूची का प्रकाशन वर्ष) के आगामी अर्हता तिथियाँ यथा 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर को अर्हता तिथि मानते हुए वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण का संचालन किया जायगा। आवेदक जो 01 जनवरी एवं आगामी अर्हता तिथियाँ अर्थात 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर को पंजीकरण हेतु पात्र हो जाते हैं, वे मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तिथि से प्रपत्र–06 में दावा समर्पित कर सकते हैं।

मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का आधार लिंक हेतु प्रपत्र–6–ख (6B), मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रपत्र–7 तथा प्रविष्टियों के शुद्धिकरण/स्थानान्तरण /Duplicate EPIC एवं दिव्यांग मतदाता को चिन्हित करने हेतु प्रपत्र–8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। सभी प्रकार के दावा एवं आपत्ति हेतु प्रपत्र जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा, निर्वाचक निबंधन कार्यालय, चतरा/सिमरिया, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन कार्यालय, चतरा जिला एवं बी०एल०ओ० से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। उक्त प्रपत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वेबसाईट से https://ceojh.jharkhand.gov.in/linkinfo/DownloadForms.aspx से Online डाउनलोड किया जा सकता है।

उपरोक्त सभी प्रकार के आवेदन https://voters.eci.gov.in/ एवं Voter Helpline App के माध्यम से ऑनलाईन किया जा सकता है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए Toll Free No-1950 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त चतरा।

PR 327742 Election(24-25)D


# हजारीबाग एसपी ने हाई कोर्ट में दिया आश्वासन- एक सप्ताह में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में कर लेंगे सुधार

**हजारीबाग शहर में करीब 1500 ई–वाहन बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे**

**डिस्ट्रिक मोड चौक, कल्लू चौक, मटवारी चौक में जाम**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हजारीबाग के एसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को आश्वासन दिया कि दिया गया कि एक सप्ताह के भीतर हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर कर ली जाएगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हजारीबाग में ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था नहीं है, सड़कों पर छोटे-छोटे दुकान लगाते हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारीबाग के सभी चौक चौराहों पर जाम की स्थिति देखी जाती है। चुंगी टैक्स वसूली केंद्र के द्वारा बड़े वाहनों बस एवं ट्रक को शहर के भीतर सुबह 8:00 बजे से लेकर रात के 8:00 बजे तक के भीतर प्रवेश करने दिया जाता है, जबकि भारी वाहन का प्रवेश झारखंड के सभी जिलों में सुबह 8:00 से रात 8:00 बजे तक नहीं रहता है। हजारीबाग शहर में करीब 1500 ई-वाहन चल रहे हैं, जो बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं।

हजारीबाग शहर के डिस्ट्रिक मोड चौक, कल्लू चौक, मटवारी चौक आदि में जाम की समस्या हमेशा देखने मिलती है। शहर के 30 चौक चौराहों को जाम से मुक्त किया जाए।

कोर्ट ने मामले में एसपी, हजारीबाग से पूछा कि ट्रैफिक रूल के उल्लंघन को लेकर अब तक कितने लोगों का चालान काटा गया है? सड़कों पर दुकान लगाने की इजाजत क्यों दी जाती है? कोर्ट ने कहा कि हजारीबाग में पार्किंग स्थल चयनित कर हजारीबाग में जाम से मुक्त दिलाने की पहल करें। कोर्ट ने मामले में एसपी को शपथ पत्र दाखिल कर हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर कार्रवाई की जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली 11 जुलाई निर्धारित की है।

प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया गया है कि हजारीबाग में चौक चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था की जानी चाहिए। अत्यधिक भीड़ भाड़ वाले चौराहा पर पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए, ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। हजारीबाग शहर में अवैध पार्किंग को हटाया जाना जरूरी है।

# हाई कोर्ट में मैनहर्ट घोटाला मामले में विधायक सरयू राय की याचिका खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मैनहर्ट घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सरयू राय की याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही प्रार्थी को छूट दी कि वह उचित फोरम में अपनी बात को रख सकता है। पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। उस दौरान कोर्ट ने प्रार्थी की अधिवक्ता से पूछा था कि जब आपको यह पता था कि मैनहट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर काम दिए जाने में वित्तीय गड़बड़ी हुई है, तो फिर आपने थाने में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज कराया? आप सिविल कोर्ट में शिकायतवाद भी दर्ज करा सकते थे? लेकिन आपने विजिलेंस ब्यूरो में शिकायत कर मामले को छोड़ दिया।

बता दें पूर्व की सुनवाई में कोर्ट के आदेश के आलोक में एसीबी के एसपी सशरीर उपस्थित हुए थे। उनकी ओर से पीई की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। प्रार्थी द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि दिसंबर 2020 में इस मामले को लेकर एसीबी ने पीई दर्ज की थी, लेकिन मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।

बता दें कि सरयू राय ने मैनहट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर का कार्य दिए जाने में 21 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था। इस मामले को उन्होंने झारखंड विधानसभा में उठाया था। उसके बाद राज्य सरकार के निर्देश के बाद दिसंबर 2020 में एसीबी में पीई दर्ज की गई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं होने पर सरयू राय ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उनकी उसे कहा गया है की ढाई साल बीतने के बाद भी मैनहर्ट घोटाला मामले में पीई में क्या आया यह अब तक पता नहीं चला है।

## विस चुनाव को लेकर महिला कांग्रेस ने बनायी रणनीति, अगस्त में कार्यकारिणी समिति की बैठक

# एक्शन प्लान में पार्टी मेनिफेस्टो, स्वास्थ्य कैंप, पेपरलीक और महिला आरक्षण समेत स्थानीय मुद्दों पर रहेगा जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव और राष्ट्रीय नेताओं के मिले निर्देश के बाद महिला कांग्रेस ने अपना एक्शन प्लान तैयार किया है। जिसके तहत आगामी दिनों में महिला संगठन विंग कार्य करेगी। यह जानकारी प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने बुधवार को कांग्रेस भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि बीते 24 जून को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 की तैयारी के लिए महिला कांग्रेस कमेटी को एक एक्शन प्लान के तहत कार्य करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

**आगामी दिनों महिला कांग्रेस करेगी यह कार्यक्रम :** गुंजन सिंह ने बताया कि एक्शन प्लान के तहत महिला कमेटी सबसे पहले आगामी अगस्त माह में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत करेगी। जिसमें महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी मौजूद रहेंगे। प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्षों का तीन दिनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। एक्शन प्लान के आगे की कड़ी में महिला कांग्रेस स्थानीय मुद्दों पर काम करेगी, पार्टी के मैनिफेस्टो को जन जन तक पहुंचाएंगी। महिलाओं की स्वास्थ्य के लिए हेल्थ कैंप लगाया जायेगा। पेपरलीक मामले और महिला आरक्षण पर सांसद घेराव कार्यक्रम किया जायेगा। बढ़ती महंगाई, टोल टैक्स, भारतीय रुपया में गिरावट, मुहल्ला पदयात्रा और मेरा बूथ मेरी जिम्मेवारी पर विशेष रूप से महिला कांग्रेस कार्यक्रम चलायेगी।

**चंपाई सरकार गरीब महिलाओं के लिए ला रही अहम योजनाएं :** गुंजन सिंह ने राज्य में चल रही गठबंधन सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि हर आयु वर्ग की गरीब महिलाओं को आर्थिक रूप सशक्त बनाने के लिए हर माह एक हजार रूपये देने जा रही है। राज्य को नशा मुक्त बनाने की पहल पर बधाई दी है।

महिला कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी सरकार के 15 दिनों का रिपोर्ट कार्ड भी जारी किया। इनमें भीषण ट्रेन दुर्घटना, कश्मीर में आतंकवादी हमले, नीट घोटाला, नीट पीजी निरस्त, यूजीसी नेट का पेपर लीक, महंगाई, धधकते जंगल, जल संकट आदि शामिल हैं।

# 29 जून तक रांची पहुंचेगा मानसून 30 से पूरे राज्य को करेगा कवर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड के तीन जिलों चाईबासा, पाकुड़ और साहेबगंज में मॉनसून ने दस्तक दे दी है लेकिन अब भी 21 जिलों में मॉनसून का इंतजार है। छह दिन की देरी के बाद 21 जून को मॉनसून झारखंड में प्रवेश कर चुका है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार मानसून कि रफ़्तार थोड़ी धीमी हुई है। कई जिलों में बारिश की संभावना के बावजूद बारिश नहीं हुई। रांची समेत बाकी 21 जिलों में मॉनसून पहुंचने में तीन से चार दिनों का समय लगने कि संभावना है। अगले दो से तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री से. की गिरावट हो सकती है।

**30 जून से पूरे झारखंड में बारिश की संभावना :** मौसम विभाग के अनुसार 30 जून और 1 जूलाई को पूरे झारखंड में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। गुरुवार को राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं 29 जून को रांची समेत राज्य के पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा की संभावना है। पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई, जबकि एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा भी दर्ज किया गया। सबसे अधिक वर्षा 92.0 एमएम डुमरी में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 40.9 डिग्री गढ़वा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री चाईबासा में दर्ज किया गया।

## नगर विकास विभाग के सचिव को बैठक कर और तीन सप्ताह में समाधान रिपोर्ट देने का आदेश

# सिर्फ पाइपलाइन बिछाने से नहीं, पानी बचाने के साथ साथ जल स्रोतों से हटाना होगा अतिक्रमण : हाई कोर्ट

**तल्ख टिप्पणी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए मौखिक कहा कि रांची में सिर्फ पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने से कुछ नहीं होगा, जल स्रोतों के पानी को संरक्षित रखने और डैम के कैचमेंट एरिया को बनाए रखने के साथ-साथ शहर के जल स्रोतों यथा हिनू नदी, कांके डैम, हटिया डैम, गेतलसूद डैम से अतिक्रमण हटाना होगा। कांके डैम में नाली का पानी अभी भी गिर रहा है। वहीं लगातार गंदगी डाले जाने एवं अतिक्रमण से हरमू नदी नाले के रूप में बदल चुकी है। कोर्ट ने कहा कि नगर विकास विभाग के सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाए जो एक सप्ताह में शहर के डैम में अतिक्रमण एवं जल स्रोतों में पानी संरक्षित रखना, कैचमेंट एरिया को बनाए रखना आदि विषयों पर बैठक करें और तीन सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

इससे पूर्व सुनवाई के दौरान कोर्ट में सशरीर उपस्थित पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव एवं नगर विकास के विभाग के सचिव ने कोर्ट को बताया कि रांची शहर में पेय जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछायी जा रही है। पाइपलाइन के माध्यम से वर्ष 2026 तक 2 लाख घरों को पानी का कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा वॉटर और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर रांची के गंदे पानी की सफाई की जाएगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट में सशरीर उपस्थित रांची नगर निगम के प्रशासक ने कोर्ट को बताया कि बड़ा तालाब की स्थाई सफाई के लिए कई एजेंसियों से बात की जा रही है, टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर बड़ा तालाब की सफाई की जाएगी।

कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर के कई इलाके नगरमल मोदी सेवा सदन के आसपास, हरमू के निचली क्षेत्र, थड़पखना आदि जगहों में 2 घंटे की वर्षा के बाद नाली का पानी सड़कों पर आ जाता है और लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम के प्रशासक से मौखिक कहा अभी मॉनसून आने वाला है। राजधानी में वर्षा होने पर सड़कों पर नल का गंदा पानी आ जाता है, ऐसे में नाले की सफाई कर उसे दुरुस्त रखें ताकि गंदा पानी सड़क पर ना आए। सुनवाई के दौरान रांची शहर के मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की जांच करने वाले अधिवक्ताओं की कमेटी की ओर से कोर्ट में अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने रांची नगर निगम को इस रिपोर्ट का अवलोकन कर इस संबंध में लिये गए एक्शन की जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई निर्धारित की है। बता दें कि रांची में जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैमों की साफ सफाई एवं उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई।

# सिरमटोली फ्लाइओवर निर्माण कार्य सितंबर तक पूरा करायें : बसंत सोरेन

## मंत्री ने किया सिरमटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण, दिये निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने बुधवार को सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभागीय मंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ओर निर्माण कंपनी मेसर्स एल एंड टी लि. को काम में तेजी लाने का निर्देश भी दिया। मंत्री ने सितंबर तक हर हाल में डोरंडा से सिरमटोली फ्लाईओवर का काम पूर कराने का निर्देश दिया। विभागीय मंत्री ने सिरमटोली फ्लाईओवर में दो जगहें पर केबल ब्रिज निर्माण के लिए रेलवे से जो एनओसी लेना है, उस पर अधिकारियों से जानकारी ली। रेलवे के पदाधिकारियों को भी यथशीघ्र इस दिशा में कार्य करने को कहा।

मंत्री ने दोपहर में पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस दौरान राजधानी में और भी बनने वाले प्रस्तावित फ्लाईओवर पर भी विचार-विमर्श किया। निरीक्षण में विभागीय सचिव सुनील कुमार के अलावा विभाग के अभियंता प्रमुख और मुख्य अभियंता समेत अन्य अधिकारी और अभियंता शामिल थे।

भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ

# आजसू पार्टी ने राज्य भर में किया हल्ला बोल कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी के पदाधिकारियों ने आज हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न प्रखंड और नगर पंचायत कार्यलयों में सरकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ नगर पंचायत और प्रखंड कार्यालयों में जा कर सम्बंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बुधवार से शुरू हुआ हल्ला बोल कार्यक्रम 6 जुलाई तक चलेगा। इस कार्यक्रम के तहत राज्य सभी प्रखंड, नगर पंचायत, नगर परिषद, नगर निगम की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

हल्ला बोल कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार को रांची जिला अंतर्गत सोनाहातु प्रखंड, देवघर जिला के देवघर प्रखंड, पलामू जिला के नवाडीह प्रखंड और लातेहार नगर पंचायत कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। कल भी पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न प्रखंडों में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# सांसद संस्कृति महोत्सव का आयोजन अगस्त में

**महोत्सव को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मिले संस्कृत मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सांसद संस्कृति महोत्सव और राष्ट्रीय कथक महोत्सव के आयोजन को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार को दिल्ली में भारत सरकार के संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। श्री शेखावत को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी और इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मालूम हो कि संजय सेठ की ओर से पिछले वर्ष राजधानी रांची में मई माह में संसद संस्कृति महोत्सव का आयोजन किया गया था। इसमें पूरे झारखंड से लगभग 3500 कलाकारों ने इसमें भाग लिया था और इस महोत्सव में 450 सौ से अधिक प्रस्तुतियां हुई थी। इस वर्ष मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय कथक का आयोजन होगा। इसमें प्रसिद्ध कथक नृत्ययांगना अपनी प्रतिभा को दिखायेंगे । श्री सेठ ने बताया कि आज हमारे बच्चे अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिये इस तरह के आयोजन किये जाने की आवश्यकता है।

# रांची रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर अवैध शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए जहानाबाद जिला के रहने वाले रोशन कुमार नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने उसके ट्रॉली बैग में शराब की 36 बोतलें बरामद की। गौरतलब है कि रांची रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में शराब कि धर-पकड़ के लिए ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में आरपीएफ पोस्ट रांची और फ्लाइंग टीम द्वारा रांची रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या एक पर जांच के दौरान एक युवक संदिग्ध तरीके से एक भारी बैग के साथ खड़ा देखा गया, जब उसे हिरासत में लेकर उसके बैग की जांच की गई तो उसमें शराब बरामद हुई। युवक ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह शराब को लेकर बिहार जा रहा था और वहां जाकर शराब की बिक्री करता।

# अब एलेप्पी समेत कई ट्रेनों में लगाये जायेंगे अतिरिक्त कोच

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** राज्य से चलने वाली ट्रेनों में अब एसी कोच कम कर जनरल के डिब्बे बढ़ाए जाएंगे। रेलवे बोर्ड के आदेश पर मंडल कार्यालय की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। रेलवे की मानें तो अलेप्पी में जुलाई, गंगा दामोदर व गंगा सतलज में अगस्त तक और मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस में अक्टूबर से बदलाव होगा। अलेप्पी, गंगा दामोदर व गंगा सतलज में नए कोच संयोजन के तहत टिकटों की अग्रिम बुकिंग शुरू हो चुकी है। मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस में अक्टूबर से प्रभावी होगा। इन ट्रेनों में जनरल डिब्बे लगाये जायेंगे। बता दें यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इन ट्रेनों में कोच संयोजन का निर्णय लिया गया है।

अलेप्पी एक्सप्रेस में स्लीपर का एक कोच बढ़ने से 80 और जनरल के दो कोच बढ़ने से 200 सीटें बढ़ जाएगी। सेकेंड एसी के दो कोच कम होने से इस श्रेणी की 104 सीटें कम हो जाएंगी। गंगा सतलज एक्सप्रेस में स्लीपर एक कोच बढ़ने से 80 और जनरल का एक कोच बढ़ने से 100 सीटें बढ़ जाएंगी। सेकेंड एसी के दो कोच कम होने से इस श्रेणी की 104 सीटें कम हो जाएंगी।

गंगा दामोदर एक्सप्रेस में स्लीपर की दो सीटें कम होने से 160 सीटें कम हो जाएंगी। जनरल के दो कोच बढ़ने से इस श्रेणी की 200 सीटें बढ़ जाएंगी। मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस में थर्ड एसी की दो सीटें कम होने से इस श्रेणी की 144 सीटें घटेंगी। जनरल के दो कोच बढ़ने से 200 सीटें बढ़ जाएंगी।


# पंचतत्व में विलीन हुए अभिकर्ता राम लखन केशरी



**रांची।** स्थानीय अखबार के अभिकर्ता राम लखन केसरी का मंगलवार को देहांत हो गया था। वे लगभग 85 वर्ष के थे। बुधवार को शहर के हरमू मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया मुख अग्नि उनके बड़े बेटे रमेश केसरी ने दी। उनके अंतिम दर्शन के लिए मीडिया जगत के कई लोग पहुंचे। खबर मन्त्र के प्रसार प्रबंधक रामनारायण यादव ने पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने उनके बेटे रमेश केसरी और सुनील केसरी से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इस मौके पर अन्य अखबार के भी प्रतिनिधि मौजूद थे।

# जगन्नाथपुर रथ मेला में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

खबर मन्त्र ब्यूरो


फाइल फोटो

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की एक बैठक बुधवार को जगन्नाथपुर स्थित नीलाद्री भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता कैलाश केसरी ने की। इसमें आगामी जगन्नाथपुर रथ यात्रा के बारे में चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत, विभाग एवं महानगर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

विहिप के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने बताया कि भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा विश्वभर में प्रसिद्ध है। इस रथ यात्रा में भाग लेने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुचते हैं। इस भव्य यात्रा में लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है। यह यात्रा मुख्य रूप से आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन निकाली जाती है। रांची के जगन्नाथपुर में पुरी की तर्ज पर 300 वर्षों से रथ यात्रा निकाली जा रही है। इस वर्ष सात जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपनी बहन और भाई के साथ रथ पर सवार होकर अपनी मौसी के घर जायेंगे। बैठक में प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्रा ने बताया कि रथ यात्रा के सफल संचालन के लिए इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सुरक्षा समिति का गठन किया जायेगा, जो मंदिर समिति एवं प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर पूरे मेला परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगमता का ध्यान रखेंगे।

मेला में आने वाले बच्चों की गुमशुदगी पर भी विश्व हिंदू परिषद रथ मेला सुरक्षा समिति के मंच द्वारा सूचनाओं प्रदान की जायेगी। साथ ही साथ समिति के मंच के समय भी चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराया जायेगा। पूरी सुरक्षा समिति को विभिन्न गट में विभाजित कर अलग-अलग क्षेत्र में प्रभार दिया जायेगा। बैठक में सुरेन्द्र तिवारी, पारस नाथ मिश्र, अंकित सिंह, अजय, स्वेता सिंह, विश्व रंजन, नागेंद्र शुक्ला, अमर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### कैबिनेट की बैठक 28 को

**रांची।** राज्य मंत्रिमंडल की बैठक 28 जून को होगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है और विभागों से प्रस्ताव मांगा है।

### राज्यपाल से मिले नेता, पत्रकार और टीआरएल के प्रतिनिधि, अपनी-अपनी मांगें रखीं

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को जनजातीय उराँव/ कुँड़ुख कबिला का एक प्रतिनिधिमंडल राज भवन में भेंट कर झारखण्ड राज्य के अधिसूचित क्षेत्र में निवासरत उरांव/ कुंड़ुख आदिवासी भाषा की लिपि तोलोंग सिकि को विश्वविद्यालय स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया। वहीं, सीपी राधाकृष्णन से रांची प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की तथा पत्रकार के हितों पर चर्चा करते हुए विभिन्न सुविधा प्रदान करने की पहल करने संबंधी ज्ञापन समर्पित किया। इसी तरह राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राज्य के पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की एवं झारखण्ड राज्य में वर्ष 2008 में गठित जनजातीय परामर्शदात्री समिति के क्रियान्वित करने के लिए एक ज्ञापन समर्पित किया।

### डोरंडा में फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा इलाके में अपराधियों ने बुधवार को कई राउंड फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। मामले की जानकारी डोरंडा थाने की पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी गयी। पुलिस अपराधियों की तलाश में संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

### नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री करने वाले दो गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर और गांजा की खरीद-बिक्री करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विक्की और भीमा है। पुलिस ने 11 पुड़ियां ब्राउन शूगर और 5.20 ग्राम गांजा जब्त किया है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि कचहरी चौक के आस-पास दो युवकों द्वारा नशीले पर्दाथ की खरीद-बिक्री की जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद छापेमारी दल का गठन किया गया और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### ई टिकट की कालाबाजारी करने वाला गिरफ्तार

**रांची।** ई टिकट की कालाबाजारी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरपीएफ की टीम ने रांची जिले की गोंदा थाना की पुलिस के सहयोग से कांके रोड स्थित चांदनी चौक के पास छापेमारी कर रिजवान अहमद नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ ने उसके पास से 14 ई-टिकट बरामद किया है। जिसका कुल मूल्य 39 हजार रुपये आंका गया। आरोपी को रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया गया गौरतलब हो कि आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि चांदनी चौक के पास ई टिकट की कालाबाजारी की जा रही है। इसके बाद यह कार्रवाई की गयी। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसे रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया गया।

### व्यवसायी की हत्या मामले में पांच दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने कांके के बुकरू रोड स्थित खरीदी गयी जमीन पर चहारदीवारी निर्माण के विवाद में अपर बाजार के व्यवसायी मनोज कुमार साहू की पत्थर से कूच कर हत्या मामले में बुधवार को ट्रायल का सामना कर रहे पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने मोहन उरांव, शनिचरवा उरांव, बबलू कच्छप उर्फ डैनी, रंजन फोगला व मानकी देवी को दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 28 जून की तिथि निर्धारित की है। घटना को लेकर मृतक के भाई संतोष कुमार ने कांके थाना में तीन अप्रैल 2018 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सात गवाह प्रस्तुत किये गये थे। अभियोजन पक्ष की ओर से गवाही समाप्त होने के बाद एफएसएल रिपोर्ट अंकित की गयी थी।

# प्रेमिका की हत्या करने वाले संदीप की सजा बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ दाखिल संदीप कुमार त्रिपाठी की क्रिमिनल अपील याचिका को खारिज करते हुए निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। संदीप को जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने 18 मार्च 2016 को हत्या के जुर्म में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। संदीप की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस सुभाष चांद की खंडपीठ में सुनवाई हुई। अदालत ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए आजीवन कारावास की सजा को सही ठहराया। सुनवाई के दौरान दोषी की ओर से यह तर्क दिया गया कि जिस हथियार से हत्या हुई थी, उसे ट्रायल कोर्ट में पेश नहीं किया गया और मृतका के उस बयान के आधार पर अन्य गवाहों ने बयान दिया, जो उसने मरने से पहले दिया था। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि मृतक द्वारा घायल अवस्था में दिया गया मृत्यु-पूर्व कथन तुरन्त और मानसिक रूप से स्वस्थ था।

## रांची विश्वविद्यालय में नशामुक्ति पर एकदिवसीय कार्यशाला रसिस्ट संपन्न

# गंभीर अपराध से लेकर सामाजिक और आर्थिक समस्यायें उत्पन्न करता है नशा : मुख्य सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में नशामुक्ति पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का नाम रेसिस्टः रिड्यूसिंग सबस्टांस इनजेशन एंड स्टॉपिंग ट्रैफिकिंग रखा गया था। इस कार्यशाला का आयोजन उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और रांची विश्वविद्यालय ने किया। इस कार्यशाला के चीफ गेस्ट झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने कहा कि नशामुक्ति अभियान के लिए पूरे राज्य समाज आम जन को आगे आना होगा क्योंकि यह किसी व्यक्ति विशेष की नहीं बल्कि एक सामाजिक बीमारी है। हम यह कह कर अपनी जिम्मेवारी से बच नहीं सकते कि नशे की लत अगर हमारे परिवार में नहीं तो मुझे क्यों चिंता करनी है? हमें अपने जाने अनजाने सबों को नशे की लत से बचाने का प्रयास करना होगा। नशे के खिलाफ व्यक्ति विशेष के बजाय सामूहिक एक्शन की आवश्कता है, ताकि हम सभी राष्ट्र निर्माण में अपनी एक भूमिका निभा सकें।

वहीं डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि नशे के कारण बबार्दी का लैटिन अमेरिकी देश उदाहरण हैं, जहां सारी समस्याओं की जड़ में नशा और उससे जुड़ा अवैध व्यावसाय है। झारखंड में भी अफीम की खेती चतरा, खूंटी, लातेहार, में नियंत्रित किया गया जिससे वहां नक्सल पर भी लगाम लगा है। उन्होंने कहा कि छात्र भी दूसरों को नशा करते देख प्रभावित होते हैं

मुख्य सचिव ख्यांगते ने हाइकोर्ट से लेकर पुलिस महकमे तक को इस समस्याओं से अवगत कराया। तकनीकी एवं उच्च शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी राहुल पुरवार ने कहा कि नशामुक्ति सबों के सहयोग और प्रयास से ही संभव है। यह किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। युवाओं को बताना होगा कि हमें क्या करना है और क्या नहीं करना है। नशे से दूर रहने के अभियान को हमें अपने पाठ्यक्रम में शामिल करना है। इसके लिये हमें एक्शन प्लान और मॉड्युल्स तैयार करने होंगे।

वहीं प्रिंसिपल सेक्रेटरी वंदना डाडेल ने कहा कि नशामुक्ति पर पहली बार झारखंड में इस स्तर पर कैंपेन चलाया जा रहा है। यहां 70 प्रतिशत समस्या अफीम की खेती से संबंधित है। अफीम की खेती रोकने के लिये सभी विभागों का सहयोग आवश्यक है। नशे के आदि लोगों के लिए हमें इकोस्स्टिम बनाना होगा। कार्यशाला में एचटीइ के निदेशक रामनिवास यादव, सीआइपी के प्रो. संजय कुमार मुंडा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो झारखंड के रीजनल डायरेक्टर सैयद शारिक उमर, सीआइडी के इंस्पेक्टर जेनरल विक्रांत मिंज, सुनील कुमार सिंह, अखिलेश कुमार झा, आईजी झारखंड पुलिस ने भी नशे की समस्या और नशामुक्ति और इस समस्या पर विचार रखे। कार्यशाला के दूसरे सत्र में एनएसएस के छात्रों ने नशामुक्ति पर स्क्रीप्ट, प्ले तथा ड्रामा की प्रस्तुति दी। कार्शशाला में आरयू की डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ. ब्रजेश कुमार, कुलसचिव डॉ. बी नारायण, डीएसडबलयु प्रो. सुदेश साहु, एचआरडी डिप्टी डायरेक्टर डॉ विभा पांडेय समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी और विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

# कृषि के बिना किसी संस्कृति का अस्तित्व नहीं रहेगा : राज्यपाल

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का 44वां स्थापना दिवस समारोह

## कम प्राकृतिक संसाधनों में अधिक उत्पादन की रणनीति बनायें वैज्ञानिक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि कृषि के बिना किसी संस्कृति का अस्तित्व नहीं रहेगा। इसलिए कृषि, किसान और गांवों की बेहतरी के लिए सबको मिलकर काम करना चाहिएक आनेवाले समय में कम भूमि, कम पानी और कम प्राकृतिक संसाधन के साथ ही ज्यादा उत्पादन करने की चुनौती सामने आएगी। इसके लिए वैज्ञानिकों को कमर कसनी है और रणनीति विकसित करनी है। बुधवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 44वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम जो भी करें, वह राष्ट्र का काम समझकर करें, न कि किसी संस्थान, क्षेत्र, राज्य या समूह विशेष का कार्य समझकर। देश बढेगा तो सभी बढ़ेंगे। राज्यपाल ने हमेशा सकारात्मक रहने पर जोर देते हुए कहा कि सभी संस्थानों को मानव संसाधन सहित सुविधाओं की कमी है, कोई भी समस्याओं से मुक्त नहीं है। समस्याओं से गुजरते हुए सीमित संसाधनों के साथ भी हमको अपना सर्वोत्तम देना चाहिये। उन्होंने कहा कि वह कुलपतियों को अधिक से अधिक शक्ति और स्वायत्तता देने के पक्षधर हैं। समारोह के दौरान राजेंद्र चिकित्सा विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक एवं सीइओ डॉ राजकुमार ने कहा कि हृदय रोग, सड़क दुर्घटना और कैंसर के साथ-साथ खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं घातक रसायनों का अंश होना मौत का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। नियमित व्यायाम, शारीरिक वजन प्रबंधन और ताजे फल-सब्जियों के समुचित उपभोग से कैंसर होने की संभावना को कम किया जा सकता है। वहीं, भारतीय कृषि जैवप्रौद्योगिकी संस्थान नामकुम के निदेशक डॉ सुजय रक्षित ने कहा कि स्थापना दिवस का अवसर उपलब्धियों के सिंहावलोकन के साथ-साथ संस्थान के समक्ष उपस्थित चुनौतियों के आकलन और उनसे निबटने के रोड माप पर चिंतन करने का भी है। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दूबे ने स्वागत भाषण देते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कहा कि हमारे भावी शोध कार्यक्रमों का फोकस गर्मी सहिष्णु बायोफोटीर्फायड फसल प्रभेदों के विकास, टिकाऊ जल एवं पोषण प्रबंधन, समेकित कृषि प्रणाली तथा पशुओं एवं पौधों के देशज प्रभेदों के संरक्षण एवं संवर्धन पर होगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के वार्षिक रिपोर्ट तथा प्रो. एनसी दास की पुस्तक एंट्रेप्रेनुरल डिजाइन्स फॉर स्टार्ट अप्स का लोकार्पण किया। 80 वर्ष से अधिक उम्र के 6 कर्मियों- डॉ डीके ठाकुर, डॉ डीके मुखर्जी, डॉ डीके झा, ध्रुव राज महतो, सुकरी मेहतरानी तथा अर्जुन प्रसाद को सम्मानित भी किया। स्थापना दिवस पर शिक्षकों के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, गढ़वा के डॉ एंजल दीपक शयनराव को प्रथम, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, रांची की डॉ पुनीता कुमारी को द्वितीय तथा बागवानी महाविद्यालय, खूंटपानी, चाईबासा के डॉ शेखर साहू को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। शिक्षकेतर कर्मियों के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, गढ़वा के आकाश कुमार गुप्ता को प्रथम, कुलसचिव कार्यालय की भारती कुमारी को द्वितीय तथा वानिकी महाविद्यालय के अमरेन्द्र कुमार वर्मा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। अंतर स्नातक विद्यार्थियों के लिए आयोजित ऑन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता में तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय की तनुश्री ने प्रथम, यशी ने द्वितीय तथा प्रेरणा भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित निबंध प्रतियोगिता में वानिकी महाविद्यालय की जेबा सदफ ने को प्रत्रहम, गुलाम मुर्तजा को द्वितीय तथा हसन शौफीक को तृतीय पुरस्कार मिला। नवोन्मेषी कृषि के लिए चार किसानों, पलामू के कपिलदेव ठाकुर, पूर्वी सिंहभूम के अमित कुमार महतो, चतरा के बीरेंद्र कुमार तथा बोकारो की संगीता देवी को सम्मानित किया गया। आयोजन सचिव तथा निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन तथा शशि सिंह ने संचालन किया।




### आनंदमार्ग का तीन दिवसीय सेमिनार कल से

**रांची।** आनंदमार्ग का तीन दिवसीय डाइसिस स्तरी ग्रीष्मकालीन सेमिनार शुक्रवार से आनंदमार्ग जागृति हेसल, पिस्कामोड़ में आरंभ होगा। यह 30 जून तक चलेगा। सेमिनार के मुख्य प्रशिक्षक आचार्य नभातीतानंद अवधूत हैं। सेमिनार में मानव समाज को कैसे एकताबद्ध किया जा सकता है इसपर चर्चा होगी। इसके अलावा प्रति संवेदी पुरुष और कृषि विप्लब जैसे विषयों पर भी विद्वान चर्चा करेंगे। यह सेमिनार गया एवं रांची डायसिस के लिए संयुक्त होगा। सेमिनार में योगासन, तांडव, कौसकी नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेमिनार को सफल बनाने में भुक्ती प्रधान पंचु, डॉ करुणा सहदेव, तात्विक रत्न, विजय, बबिता दीदी सक्रिय हैं।

### स्व. गंगा प्रसाद बुधिया जी की पुण्यतिथि मनी



**रांची।** गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती विद्या मंदिर, मोरहाबादी के प्रांगण में बुधवार को स्व. गंगा प्रसाद बुधिया की पुण्यतिथी मनाई गई। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार बुधिया, माता शारदा बुधिया, सचिव दिलीप पाहन, हरि कृष्ण बुधिया, सदस्य अरूण बुधिया, प्रधानाचार्य आशीष कुमार झा, समिति के अन्य सदस्य और विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी एवं भैया-बहनों की उपस्थिति रही। विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति की कामना की। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया।

# 28 साल लड़ा केस, मध्यस्थता के जरिये मिला मुआवजा

## साल 1996 में प्रमिला देवी के पति की सड़क हादसे में हो गई मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मध्यस्थता केंद्र में बुधवार को 28 साल पुराने लंबित मामले को सफलता पूर्वक सुलझा लिया गया है। प्रथम पक्ष कन्हाई साहू एवं द्वितीय पक्ष प्रमिला देवी, शिशुपाल शर्मा एवं दुर्गा कुमारी के बीच में अधिवक्ता मध्यस्थ मनीषा रानी एवं अधिवक्ता रामनारायण साहू की अहम भूमिका से दोनों पक्षों के बीच ढाई दशक पुराने केस में सुलह संभव हो सका। झारखण्ड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में सुप्रीम कोर्ट में लंबित वाद संख्या एसएलपी 26658/2019 को मध्यस्थता केंद्र के मध्यस्थ ने सुलह कराया। जानकारी हो कि सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत पुराने लंबित वादों में सुलह कराने की कोशिश जारी



### साल 1996 में प्रमिला देवी की पति की सड़क हादसे में हुई थी मौत

यहां बता दें कि साल 1996 में ट्रक और कार की टक्कर में प्रमिला देवी के पति का निधन हो गया था। उस समय उनके बच्चे बहुत छोटे थे। प्रमिला देवी के द्वारा एमएसीटी लोहरदगा में कंपेनसेशन वाद संख्या 180/1996 दायर किया गया था। जिसमें साल 2005 में आदेश हुआ। जिसमें वाहन मालिक कन्हाई साहू के द्वारा प्रमिला देवी एवं उनके बच्चों को कंपेनसेशन देने का आदेश पारित किया गया था। आदेश की चुनौती कन्हाई साहू ने उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये। सुनवाई के पश्चात उक्त वाद में निचली अदालत का आदेश को मान्य किया गया। इसके बाद पुनः इसकी चुनौती उच्चतम न्यायालय में उपरोक्त वाद को प्रस्तुत किये थे। मध्यस्थता में दोनों पक्षों के बीच कई बैठकों के बाद मध्यस्थ के सहयोग से दोनों पक्षों के बीच सुलह हुआ और साहू के द्वारा प्रमिला देवी एवं उनके बच्चों को उचित राशि प्रदान की गयी। इसके बाद दोनों ही पक्ष भविष्य में किसी भी वाद को लड़ना नहीं चाहते हैं। इस प्रकार 28 वर्ष पुराना वाद का निष्पादन मध्यस्थता के माध्यम से अधिवक्ता मध्यस्थ मनिषा रानी के द्वारा किया गया। सुलह होने पर पीओ एमएसीटी, मनीष, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय-2, राजेश कुमार सिंह एवं डालसा प्रभारी सचिव, राकेश रंजन ने भी दोनों पक्षों को बधाई दी।

### साईं नाथ विश्वविद्यालय में नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए सेना में करियर संबंधी परामर्श का आयोजन



**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय के नर्सिंग के छात्रों का सेना में करियर संबंधी परामर्श मिलिट्री नर्सिंग सर्विसेस की कर्नल-करमजीत कौर ने बुधवार को दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति- (डॉ०) एस० पी० अग्रवाल एवं नर्सिंग विभाग की प्राचार्या ने मुख्य अतिथि-कर्नल- करमजीत कौर को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कर्नल- करमजीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नर्सिंग पेशे की विशेषताओं एवं रक्षा और सेवा के अहम तत्वों का उल्लेख करते हुए सेना में नर्सिंग करियर के विभिन्न अवसरों जैसे- अस्पताल, फील्ड अस्पताल, युद्ध क्षेत्र एवं आपातकालीन सेवाएं इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ ही कर्नल कौर ने सेना में नर्सिंग विभाग में भर्तियों के लिये आवेदन की प्रक्रिया और योग्यता मापदंडों के बारे में भी छात्रों को विस्तार से अवगत कराया। कुलपति ने कहा कि नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए सेना में करियर एक बहुत ही महत्वपूर्ण और सम्मानित क्षेत्र है। सेना में नर्सिंग करियर व्यापक, सम्मानित एवं सामाजिक रूप से प्रभावी है, यह एक उत्कृष्ट दायित्व है जिसमें आप सेवा और देष के लिए योगदान कर सकते हैं।

## मादक पदार्थों को ना कहने की आदत बनायें : महानिदेशक अनुराग गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**




रांची। संत जेवियर्स कॉलेज में बुधवार को आईक्यूएसी, झारखण्ड पुलिस व सीआईडी के संयुक्त तत्वावधान में मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ संगोष्ठी का आयोजन किया गय। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीआईडी के महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि मादक पदार्थों को ना कहने की आदत रखनी चाहिए। इसमें पुलिस विभाग हर संभव मदद करेगी कॉलेज के छात्र समूह बनाकर मादक की पदार्थों बिक्री की पुलिस को जानकारी, उसके लत से जूझ रहे व्यक्तियों को समझा कर सरकार के मुहीम को सफलीभूत कर सकते हैं। पुलिस विभाग द्वारा इसके रोकथाम पर हेल्पलाइन नंबर जारी कर व कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सीआईडी के डीआईजी असीम विक्रांत मिंज ने कहा कि नशे की लत का कारण बुरी संगती से भी पड़ता है। इसलिए अच्छे और स्वच्छ समाज में खुद को रखना चाहिए। सीआईडी एसपी अनुरंजन किस्पोप्ता ने भी मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों एवं जागरूकता को लेकर बहुत ही अच्छा सन्देश दियो डीआईजी संध्या रानी मेहता ने सभागार में उपस्थित प्राध्यापकों व छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एसजे ने की। मौके पर डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. शिव कुमार, डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. सौम्या सिन्हा, डॉ. आशुतोष पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को शादी का झांसा देकर नाबालिग का यौन शोषण करने के मामले के दोषी करार अभियुक्त देवलाल बेदिया को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 19 जून को दोषी पाया था। अभियुक्त पर अपने ही इलाके की रहनेवाली नाबालिग के साथ 2014 से 2016 दो साल तक लिव इन रिलेशनशिप में रहने और बाद में शादी से मुकरने का आरोप था। अभियुक्त ने 20 जून 2020 को दूसरी लड़की से शादी कर लेने के बाद सिल्ली थाना में इस घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने सिल्ली थाना में जून 2020 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पांच गवाह एवं बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह प्रस्तुत किया गया है।

### गवाह की हत्या मामले में आरोप गठित

**रांची।** अपर न्यायायुक्त सचिंद्र बिरूआ की अदालत ने बुधवार को हत्या के एक मुकदमे में गवाही देने को लेकर बेड़ो निवासी दिलीप महतो की गला रेतकर हत्या करने के मामले में चार आरोपियों रामकिशुन महतो, देवथान महतो, राजू गोप और सोमा उरांव पर आरोप गठित किया। साथ ही, अदालत में मामले में अभियोजन पक्ष को 19 जुलाई से गवाह प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। हत्या की घटना कांके थाना क्षेत्र के संग्रामपुर में घटी थी। पैरोल पर जेल से बाहर आये अपराधी राजू गोप और सोमा उरांव ने अपने साथियों संग मिलकर 24 दिसंबर 2023 को हत्या की घटना को अंजाम दिया था। इसको लेकर मृतक की पत्नी ने कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी होने बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बेड़ो थाना में दर्ज हत्या के एक केस में आरोपी सोमा उरांव और राजू गोप समेत 4 लोग जेल भेज गये थे। जेल जाने के पूर्व मामले में गवाह बने दिलीप महतो और उनके भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके डर से बेड़ो निवासी दिलीप महतो अपनी पत्नी सुगंती देवी के संग कांके के संग्रामपुर में किराये के मकान में रह रहे थे। पत्नी सुगंती देवी गर्भवती होने की वजह से अपनी मायके चली गई थी। इसी बीच 24 दिसंबर को आरोपियों ने दिलीप महतो की हत्या गला रेतकर कर दी थी।

### मनी लाउंड्रिंग के दोषी को तीन वर्ष कैद की सजा

**रांची।** अलकतरा घोटाले से प्राप्त 55०41 लाख रुपए से अधिक का मनी लाउंड्रिंग करने के जुड़े 12 साल पुराने मामले में अभियुक्त मेसर्स कलावती कंस्ट्रक्शन प्राण लिमिटेड के निदेशक उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के केवल गांव निवासी विजय कुमार तिवारी को दोषी पाकर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ईडी ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में साल 2012 में केस दर्ज किया था। मामले में सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने अभियुक्त पर लगे आरोपों के तहत अधिकतम सजा देने का अनुरोध किया था। अभियुक्त की कंपनी ने साल 2007-08 में पलामू में सड़क मरम्मत का काम लिया था। सड़क निर्माण विभाग ने उन्हें बालूमाथ से हेरहंज पांकी रोड की विशेष मरम्मत का कार्य 1.32 करोड़ रुपये में दिया था। कार्य के एवज में विभाग की ओर से 1.02 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। यह भुगतान अभियुक्त की ओर से जमा किये गये 13 चालानों के एवज में किया गया था। इनकी ओर से जमा किये 13 में से 11 चालान फर्जी पाये गये थे। इससे सरकार को 55 लाख 41 हजार 979 रुपए का राजस्व क्षति हुआ था। कलावती कंस्ट्रक्शन कंपनी का रजिस्टर्ड ऑफिस ओड़िशा था। वर्तमान पता गढ़वा के चिनिया मोड़ था। मामले में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से कुल 18 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। साथ ही, कई दस्तावेजों को चिन्हित कराया गया था। इसके आधार पर अभियुक्त को मनी लाउंड्रिंग के आरोप में सजा सुनाई गई। मालूम हो कि रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में अब तक पांच मामलों में सजा सुनाई है।

### राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़कर 62 वर्ष की जाए : आदिल जहीर

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एवं मुख्य सचिव एल खयागंते से महासंघ के पूर्व के लंबित मांगो में सरकारी सेवकों राज्य कर्मियों की घोर कमी को देखते हुए कार्यहित राज्यहित में मध्य प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के तर्ज पर सरकारी सेवकों राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़कर 62 वर्ष किए जाने की मांग की। साथ ही इसकी घोषणा जल्द से जल्द की जाए और सचिवालय से लेकर प्रखंड स्तर तक के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को सीधे लिपिक में तृतीय वर्ग में प्रोनोती दी जाए एवं वर्षो से विभिन्न विभागों में दैनिक कर्मियों अनुबंध कर्मियों संविदा कर्मियों का समायोजन और समान काम का समान वेतन दिया जाए। साथ ही रिम्स में कार्यरत नर्सों सहित अन्य को पूर्ण पेंशन का निर्धारण किया जाए बेरोजगारों को रोजगार और ठेका प्रथा एवं मानदेय प्रथा बंद की जाए ।

### डीएसपीएमयू के कुलपति ने किया शिक्षक डॉ राजेंद्र महतो की पुस्तक का विमोचन

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के आईटी विभाग में शिक्षक डॉ राजेंद्र कुमार महतो द्वारा लिखित पुस्तक कंप्युटर आगेर्नाइजेशन और आर्किटेक्चर का विमोचन बुधवार कुलपति कक्ष में हुआ। पुस्तक का विमोचन विवि के वीसी प्रोफेसर डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। मौके पर उन्होंने इस पुस्तक को एक बेहतर संदर्भ ग्रंथ, पठनीय रोचक पुस्तक और नवीन तकनीकों से युक्त पुस्तक बताया। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया में इस पुस्तक के अवलोकन से प्रतीत होता है कि पुस्तक की उपयोगिता सभी वर्गों के लिए है। उन्होंने आगे कहा कि विगत कुछ अंतराल में विश्वविद्यालय से कंप्यूटर, विज्ञान और सामाजिक संकाय की कई पुस्तकें विद्यार्थियों की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के द्वारा लिखी गई है जो इस विश्वविद्यालय के लिए एक शुभ संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय में एक व्यापक पुस्तकालय के निर्माण की योजना है जहां अन्य पुस्काओं के साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का भी संग्रह होगा। लेखक डॉ राजेंद्र कुमार महतो ने कहा कि यह पुस्तक नयी शिक्षा नीति-2020 तहत लिखी गयी है, जो सभी के लिए उपयोगी है। खास कर जो कंप्युटर क्षेत्र से जुड़े नहीं है, उनके लिए भी यह विशेष रूप से लाभप्रद होगी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, डीएसडब्ल्यू डॉ. एसएम अब्बास, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता, एफओ आनंद मिश्रा, डॉ एस एन सिंह, डॉ अनुपम कुमार, डॉ आईन साहू, डॉ जाफर अब्बास आदि मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### निर्मला कान्वेंट हाई विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दिवस का समापन

रांची। निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल में झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से बुधवार को आयोजित मादक द्रव्यों के दुरुपयोग से संबंधित अन्तर्राष्ट्रीय दिवस का समापन किया गया। इस आयोजन में कक्षा षष्ठम से कक्षा दशम तक के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, प्रभात फेरी, साइकिल रैली अभियान का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए तथा उनकी लग्न एवं प्रतिभा का सम्मान करते हुए उन्हें पुरुस्कृत किया गया। पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता में नेहा प्रवीण, अवन्तिका कुमारी,स्वीटी कुमारी विजयी रहे तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिखा कुमारी,स्मृति टोप्पो, साक्षी पाण्डेय विजयी रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के कठिन श्रम की प्रशंसा की। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा ने छात्रों के होसले को बढाया। मौके पर मौजूद सीमा शर्मा, सुधा राणा, निशा सिंह अनामिका छेत्री, गीता कुमारी, किरण कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# झारखंड के स्कूलों में सीखने की प्रणाली विकसित करने के लिए जे-गुरूजी वेब और मोबाइल ऐप शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार ने डिजिटल भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जे-गुरुजी का शुभारंभ किया है। यह अभिनव पहल चल रहे डिजिटल परिवर्तन का हिस्सा है, जो झारखंड के स्कूलों में सीखने की प्रणाली को बढ़ाने के लिए वेब और मोबाइल ऐप की विशेषताओं को सहजता से जोड़ती है। इस ऐप में एक बार निबंधन करने के बाद बच्चे अपने कक्षा का विषय वस्तु पढ़ सकते है साथ ही खुद का मूल्यांकन कर सकते है वैसे ही शिक्षक भी इस ऐप में निबंधन करने के बाद ही उपयोग कर सकते है। जे-गुरुजी डिजिटल और ऑडियो पुस्तकें, शिक्षण वीडियो, प्रश्न बैंक, रिकॉर्ड किए गए और लाइव कक्षाएं, मूल्यांकन, एआई-संचालित सिफारिशें और बहुत कुछ प्रदान करता है। इसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और प्रशासकों के लिए व्यापक सीखने का अनुभव प्रदान करना है। इस पहल के साथ, झारखंड डिजिटल ऐप-सक्षम शिक्षा को अपनाने और लागू करने वाले अग्रणी राज्यों में से एक बन गया है जिसका लक्ष्य झारखण्ड के सभी छात्रों को शामिल करना है।

इसके अतिरिक्त, झारखंड सरकार ने विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से वर्षों से राज्य भर में 1,578 डिजिटल स्मार्ट क्लास और 3,015 आईसीटी कंप्यूटर लैब स्थापित किए हैं। विशेष रूप से 439 आदर्श विद्यालयों का उल्लेख किया जाना चाहिए, जिसमें 80 उत्कृष्ट विद्यालय शामिल हैं जो अंग्रेजी माध्यम और सीबीएसई पाठ्यक्रम का पालन करते हैं। इन आदर्श विद्यालयों में, सभी 1,835 कक्षाओं को डिजिटल स्मार्ट क्लास में बदल दिया गया है और प्रत्येक स्कूल में अत्याधुनिक आईसीटी लैब स्थापित की गई है, जो स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के माध्यम से है। इन स्कूलों के शिक्षकों को निरंतर प्रशिक्षण और सहयोग किया जा रहा है ताकि इन डिजिटल पहलों की सफलता सुनिश्चित की जा सके और बेहतर, अधिक आनंददायक और समावेशी सीखने के अनुभव प्राप्त हो सकें। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, राज्य सरकार ने राज्य स्तर से लेकर स्कूल स्तर तक एक सख्त और विस्तृत निगरानी तंत्र लागू किया है। इसमें आयोजित कक्षाओं की संख्या, कक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों की संख्या और पढ़ाए जाने वाले विषयों की वास्तविक समय में रिपोर्टिंग शामिल है। इसके अलावा, छात्रों की निरंतर साप्ताहिक मूल्यांकन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर की जा रही है ताकि सतत प्रगति और सुधार सुनिश्चित हो सके।

## सरला बिरला में करियर मेले का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मेगा करियर मेले का आयोजन फोरम के सहयोग से किया गया। रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स तथा निकटवर्ती जिलों के 10 से अधिक विद्यालयों के 1500 से अधिक छात्र-छात्राएं और 15 विश्वविद्यालय इस सत्र में उपस्थित हुए। सत्र के मुख्य वक्ता नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर प्रनब मुखर्जी थे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें सफलता का वास्तविक अर्थ समझाया। इसके बाद छात्रों और अभिभावकों के लिए करियर मेले का आयोजन किया गया। परामर्श के माध्यम से स्कूलों का रूपांतरण और नए युग के कौशल और करियर पर सत्र हाई स्कूल के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित किए गए, जिनका संचालन मूवमेंट के संस्थापक, गणेश कोहली और संस्थान के शैक्षणिक प्रबंधक रतिश श्रीवास्तव ने किया। छात्रों और अभिभावकों के लिए बूट कैंप का आयोजन किया गया। कम्पैशन एंड माइंडफुलनेस इन काउंसलिंग विषय पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इस पैनल चर्चा में प्रो.(डॉ.) गोपाल पाठक, कुलपति, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, रांची, प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा, कुलपति, ईक्फाई विश्वविद्यालय, डॉ. सुभाष कुमार, प्राचार्य, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल रांची, डॉ. कैप्टन सुमित कौर, प्राचार्या, गुरु नानक हाइयर सेकेंडरी स्कूल रांची, तनुश्री सरकार, अध्यक्ष, बाल कल्याण आयोग, डॉ. शालिनी लाल, सहायक प्रोफेसर (वनस्पति विज्ञान विभाग), डीएसपीएमयू, रांची तथा हमारे स्कूल के पूर्व छात्र उज्जवल मोहता जैसे प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। दर्शकों को संलग्न रखने के लिए एक विशेष नेटवर्किंग क्विज का आयोजन किया गया। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि वर्तमान युग के छात्र सौभाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें अपने करियर की संभावनाओं को चुनने के लिए कई विकल्प मिलते हैं। उन्होंने मुख्यधारा के पाठ्यक्रम में अपरंपरागत और कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करने की सीबीएसई की पहल का भी उल्लेख किया।

स्पीड न्यूज

## कैंडल मार्च निकाल कर दरिंदों को कड़ी सजा देने की मांग



**अनगड़ा।** एक नाबालिग बच्ची के साथ ओरमांझी थाना क्षेत्र में हुयी दरंदगी के विरोध स्वरूप बुधवार की शाम भाजपा नेताओं और ग्रामीणो ने गोंदली पोखर में कैंडल मार्च निकाला। नेताओं ने उन दरिन्दों को जिन्होंने उक्त नाबालिग बच्ची के साथ इस तरह का घिनौनी अपराध किए हैं उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। कैंडल मार्च मे भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो नरेश साहू सुनील महतो शिबु मुन्डा सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक मेकैनिक को कुचला, मौत

### दुर्घटना के बाद टोल प्लाजा का वैरियर तोड़कर भागा

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क पर पड़े शव देखकर रोते लोग और इनसेट में मृतक का फाइल फोटो

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के चुटूपालू के पास एक तेज रफ्तार कार ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। उसकी पहचान चुटूपालू निवासी अख्तर अंसारी को बेटा इल्ताफ अंसारी 43 वर्ष के रूप में हुई है। वह मोटर मैकेनिक का काम करता था। बुधवार सुबह 5.30 बजे हुई घटना के संबंध में बताया गया कि सुबह अपने घर से पैदल काम पर जा रहा था। तभी रांची से रामगढ़ की ओर जा रही सफेद रंग की टाटा नेक्शन कार यूपी 65ईएस- 5232 ने पीछे से उसे जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे वह सड़क पर फेका गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि दुर्घटना के बाद भागने के दौरान कार टोल प्लाजा का वैरियर तोड़ते हुए फरार हो गया। वहीं घटना के बाद सड़क में भीड़ जमा हो गई। वहीं मृतक के स्वजन काफी रो रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने दुर्घटना का आरोप एनएचआई की लापरवाही पर लगाते हुए कहा चुटूपालू में सर्विस रोड निर्माण नहीं किया गया। चुटूपालू में लगने वाले बाजार में आसपास गांव के दर्जनों लोग पहुंचते हैं। भीड़-भाड़ के कारण अक्सर वाहन दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। चुटूपालू मे हुई सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोगों की जान जा चूकी है। मृतक की पत्नी यासमीन प्रवीन ने ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कार चालक व मालिक पर कार्रवायी करने की मांग की गई है। वहीं इल्ताफ अंसारी की मौत पर क्षेत्र लोगों द्वारा दुख जताया गया है।

# टीएसपीसी ने अब तक नहीं ली जिम्मेवारी

### पतराटोली के टिंबर से रंगदारी मांगे जाने का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

फॉलोअप

**रातू।** थाना क्षेत्र के परहेपाट पतराटोली स्थित आफताब टिंबर के पार्टनर सुल्तान अहमद से टीएसपीसी की ओर सात लाख की रंगदारीए सर काटने और उनके हर गतिविधि पर 24 घंटे निगरानी रखने की धमकी दिये जाने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी संगठन के शीर्ष नेतृत्व की ओर से इसकी जिम्मेवारी नहीं ली गयी है। पीड़ित परिवार और मील के कर्मचारी सहमें हुये हैं। किसी संदिग्ध को हिरासत में लिये जाने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि पुलिस स्थिति पर पैनी निगाह रख रही है। थानेदार शशिभूषण चौधरी ने दिवाए संध्या और रात्रि गश्ती दल को अलर्ट कर दिया है। मामले का उद्भेदन के लिये तकनीकी सेल की मदद ली जा रही है। सीडीआर के जरिये कॉल डिटेल्स खंगाले जा रहे हैं।

**उच्चकों की रहती है भीड़**

टिंबर के नजदीक पिछले दो साल से चौक बन गया है। यहां होटलए फल, मुर्गा, बाइक मरम्मत, हेयर कटिंग सैलून व फ्लावर मील आदि दुकानें हैं। होटल में सुबह से रात तक उच्चके, शराबी, गंजेड़ी और जुआरी की भीड़ लगी रहती है। लकड़ी और जमीन कारोबारी तथा असामाजिक तत्वों का भी अड्डा है। दस साल तक टिंबर निर्बाध रूप से चला। इस बीच इसकी कई शाखाएं भी खुली, लेकिन किसी ने आंख नहीं दिखायी थी।

### रातू : महिला से चेन छिनतई का प्रयास

**रातू।** थाना क्षेत्र में हत्या, लूट, चोरी, अपहरण, रंगदारी व छिनतई की घटनाएं थम नहीं रही है। इससे आम नागरिक, विशेष कर महिला और युवतियों में भय का माहौल है। बुधवार की शाम 3.45 बजे पल्सर मोटर साइकिल पर सवार चार अपराधियों ने गोविंदनगर निवासी शिवदीप साहू की पत्नी कांता देवी को निशाना बनाते हुये उनकी गले से सोने की चेन छिनने का प्रयास किया। किंतु वह असफल रहे और तिलता ओवरब्रिज की ओर भाग निकले। मामले को लेकर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की सूचना नहीं है। पीड़िता टेंडर बगीचा के समीप फल खरीदने पैदल आयी थी। तभी यह घटना हुई। तीन अपराधकर्मी हेलमेट पहने थे, जबकि एक का चेहरा खुला था।


**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची**

अतिअल्पकालीन
ई.–कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्याः– 01/2024–25
(2nd Call)
**PR No. 325989 Irrigation (24-25):D**

झारखण्ड सरकार, जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत डैम/जलाशय/वीयर/नहर के यॉंत्रिक कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाले यॉंत्रिक सामग्रियॉं अनुसूचित दर 2022 में सम्मिलित नहीं होने के कारण **Non-Scheduled item** का दर (**GST** एवं **Labour Cess** छोड़कर सभी करों सहित) प्राप्त करने हेतु ई.–कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। दर दाता झारखण्ड सरकार के वेबसाईट Http://jharkhandtenders.gov.in पर सामग्रियों की सूची **Download** कर सकते हैं एवं अपना दर **Online** दिनांक 01.07.2024 समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 08.07.2024 से समय 5:00 बजे अपराह्न तक **Freeze** कर सकते हैं।

उक्त कोटेशन दिनांक 09.07.2024 को समय 3:30 बजे अपराह्न में **Online** खोला जायेगा।

नोटः–उक्त प्राप्त दरों का उपयोग विभागीय स्तर पर यॉंत्रिक कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार करने के उपयोग मात्र में लाया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची।

PR.NO.327798 Water Resource(24-25):D


# सहेलियों संग स्कूल से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़, आरोपी को ग्रामीणों ने धुना

### आरोपी को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैसे घटी घटना**



सभी आरोपित युवक पंडरा स्थित केसीसी बिल्डकॉम प्राइवेट कंपनी लिमिटेड में काम करते हैं। लड़कियों से छेड़छाड़ इनकी नियति बन गयी थी। छात्राओं की शिकायत पर उनके घर वालों के कान खड़े थे। जैसे ही युवकों ने घटना को अंजाम देने की कोशिश की। गुस्साये लोगों ने उन्हें दौड़ाया। इस बीच विवेक कुमार पकड़ा गया। जबकि उसके तीन साथी भागने में सफल रहे।

**रातू।** सिमलिया नयांटोली स्थित बाघलता के समीप सहेलियों संग स्कूल से घर लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी के आरोप में 24 वर्षीय विवेक कुमार साहू को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ा और जमकर धुनाई करने के बाद थाने के हवाले कर दिया। जबकि गौतम कुमार, कमल व एक अन्य आरोपी फरार हो गये। वह लोहरदगा जिले के सेन्हा चेनकोपा निवासी विपिन कुमार साहू का पुत्र है। मारपीट में उसके शरीर के कई हिस्से में चोटें आयी है। सीएचसी में उसका इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना बुधवार को दिन के करीब 2.30 बजे की है। मामले को लेकर पीड़िता के पिता की ओर से रातू थाने में चार के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

> पीड़िता के पिता के बयान पर कांड अंकित कर लिया गया है। आरोपी युवक के परिजनों ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। तीन अन्य की तलाश की जा रही है।
> **शशिभूषण चौधरी, थानेदार रातू**

# इटकी में आंगनबाड़ी सहायिका चयन को लेकर हुई आमसभा



**इटकी।** प्रखंड के खोरखा टोली में बुधवार को आंगनबाड़ी सहायिका का चयन को लेकर आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में अंजना केरकेट्टा को सहायिका के रूप में चयन किया गया। सहायिका चयन को लेकर आमसभा में सावित्री कुमारी सविता कुमारी सुचिता टोप्पो व अंजना केरकेट्टा ने आवेदन किया था। जिसमे से अंतिम रूप से अंजना केरकेट्टा को सहायिका के रूप में चयन कर लिया गया। ग्रामसभा में सीडीपीओ संगीता कुजूर मुखिया रीता देवी राजकुमार तिर्की निभा कुजूर विधायक प्रतिनिधि ताहिर अंसारी सेविका सरानी सांगा सहित अन्य मौजूद थे।


**कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

कार्यालय आदेश सं०– 06/2024–25 — दिनांक–25/07/2024

**अति अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–02.12.2023 को जिला परिषद, खूँटी की बैठक में लिए गए निर्णय एवं विभागीय आदेश संख्या–2713 दिनांक–30.12.2022 के आलोक में निम्नांकित स्थावर संपत्ति कर्रा, तोरपा, रनियां एवं खूँटी प्रखण्ड में नवनिर्मित गोदामों को किराये पर आवंटित किया जाना है। उक्त आवंटन निलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले को किया जाएगा।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० | गोदाम का नाम | प्रखण्ड का नाम | निमार्ण का कुल क्षेत्रफल (वर्ग फुट) में | न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फीट | गोदाम का कुल निर्धारित न्यूनतम किराया प्रतिमाह | अग्रधन की राशि | आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कर्रा गोदाम | कर्रा | कुल क्षेत्रफल 2954 sq.ft | 06.00 रू० प्रतिवर्ग फीट | 17,724.00 (सतरह हजार सात सौ चौबीस रू०) मात्र। | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पॉंच सौ रू०) | |
| 2 | तोरपा गोदाम | तोरपा | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 06.50 रू० प्रतिवर्ग फीट | 14,852.50 (चौदह हजार आठ सौ बावन रू० पचास पैसा) मात्र। | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पॉंच सौ रू०) | |
| 3 | रनियां गोदाम | रनियां | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 05.80 रू० प्रतिवर्ग फीट | 13,253.00 (तेरह हजार दो सौ तिरपन रू०) मात्र। | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पॉंच सौ रू०) | |
| 4 | खूँटी गोदाम | खूँटी | कुल क्षेत्रफल 2285 sq.ft | 07.00 रू० प्रतिवर्ग फीट | 15,995.00 (पन्द्रह हजार नौ सौ पंचानब्बे रू०) मात्र। | 50,000.00 (पचास हजार रू०) | 500.00 (पॉंच सौ रू०) | |

उपरोक्त प्रखण्डों में नवनिर्मित गोदामों को किराये पर आवंटित करने हेतु अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति में खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से दिनांक–05/07/2024 को 02.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक–05/07/2024 को अपराह्न 3.00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष की जायेगी। **इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/प्रोपराइटर/अध्यक्ष/ सचिव/स्वयं बैठक में उपस्थित रहेंगे।** इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्तें तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी

PR 327765 District(24-25)#D


# 15 लाख की नशीली दवा जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

### एनसीडीसी अस्पताल के बाउंड्री के बाहर बने कमरे से बरामद की गई नशीली दवा

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी पुलिस ने नशे के कारोबार में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 15 लाख रुपये के नशीली दवाइयां जब्त की है। बुधवार को इटकी थाना परिसर में बेड़ो डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर द्वारा प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी गई। बताया गया की इटकी रेलवे स्टेशन रोड स्थित लाल साहेब के पेट्रोल पंप के सामने नव निर्माणाधीन एनसीडीसी अस्पताल के बाउंड्री के बाहरी हिस्से में बनी कमरे में डीएसपी के नेतृत्व में इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार व सशस्त्र बलों ने छापेमारी कर कमरे से इमरान अंसारी (30 वर्ष), दानिश अंसारी (27 वर्ष) और मोहसिन अंसारी (28 वर्ष) को अपने हिरासत में लिया और कमरे की तलाशी लेने पर कमरे से सात पेटी और दो बोरी 1500 ओनरेक्सए एक कार्टून में नशीली एक हजार नाइट्रोसन 10 टैबलेट, वहीं विनस्पास्मो फोर्ट 13 डब्बे में 1872 कैप्सूल और 2 डब्बे में 1180 टैबलेट अप्लराजोलम 0.5 एमजी बरामद किया गया है। जिसकी अनुमानित मूल्य पंद्रह लाख रुपए बताई गई है। नशीली दवाइयों का कारोबार में लिप्त डीलर सप्लायर अमित सिंह उर्फ सूरज आईटीआई बस स्टैंड, बाबा हेमंत उर्फ रवि गुप्ता जलान रोड रांची, आशीष रंजन दलादिल्ली, रंजन सिंह उर्फ सूरज पंडरा बाजार समिति के द्वारा नशीली दवाइयों का सप्लाई किया जाता था, जो पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस मामले में मादक पदार्थ अधिनियम 1985 की धाराओं और ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में सुमित कुमार दास, कोसमोस टोप्पो, तारण सिंह, बिरसिंह मुंडा, आशित केरकेट्टा शामिल थे।

# सोनाहातू प्रखंड में अनियमितता के खिलाफ आजसू पार्टी ने सीओ-बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** आजसू पार्टी सोनाहातू प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार, अनियमितता और जनहित के मुद्दे को लेकर सीओ मनोज कुमार महथा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल के मुख्य प्रखंड प्रभारी चितरंजन महतो ने ज्ञापन देकर बिंदूवार उल्लेख करते हुए समय पर समाधान की मांग की। बीडीओ एवं सीओ ने सभी 12 सूत्री मांगों का क्रमब रूप से जबाव देते हुए आश्वस्त किया कि ज्ञापन के अनुरूप कार्य होगा। दिए गए ज्ञापन में आजसू ने लंबित दाखिल खारिज का निष्पादन, पंजी 2 सुधार के लंबित मामले का समाधान, अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता लाया जाए तथा जरूरत मंद एवं गरिबों को इसका समुचित लाभ मिले। जाति, आय, आवासीय, मृत्यु एवं जन्म प्रमाण-पत्र निर्गत करने में शीघ्रता लाया जाए, अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित सभी कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियम अनुसार सुनिश्चित किया जाए, जंगली हाथियों के द्वारा ग्रामीणों के किए गए नुकसान का आकलन कर समय पर मुआवजे का भुगतान का अविलंब निराकरण, सभी प्रकार के पेंशन का भुगतान नियमित रूप से किया जाए, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान शीघ्र किया जाए ताकि बर्षा से पहले कार्य पूर्ण किया जा सके।

# एसएस प्लस टू उवि के विद्यार्थियों ने निकाली जन जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर बुधवार को एस एस प्लस टू उच्च विद्यालयए बेड़ो के शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं ने मादक पदार्थो के विरुद्ध जागरूकता लाते हुए एक रैली का निकाली। जो विद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर बीआरसी बेड़ोए प्रखंड कार्यालय परिसरए लोहरदगा रोड महावीर चौक होते पुनः विद्यालय प्रांगण पहुंच कर समाप्त हो गई। रैली में शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा जागरूकता नारों व हाथों में तख्तियां लेकर रैली निकालीए युवाओं ने यह ठाना है नशा को जड़ से मिटाना हैए नशा छोड़ो जीवन से नाता जोड़ोए जो करेगा नशा उसकी होगी दुर्दशा आदि के सलोगन के साथ समाज को नशा से दूर रहने का आह्वान किया गया एवं नशे के प्रयोग से होने वाले नुकसान से समाज को अवगत कराया गया। रैली में प्रधानाध्यापिका हेनरी ता मिंज शिक्षिका श्रुति सुप्रिया अमिता शिक्षक ज्ञानेंद्र दयानन्द प्रकाश के साथ सैकड़ों छात्र एवं छात्राओं ने भी हिस्सा लेकर सफल बनाया।


**विश्वविद्यालय पॉलिटेकनिक**
**बी. आई. टी., मेसरा, रॉंची — 835215**
**Website : univpoly.bitmesra.ac.in**

डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (Lateral Entry) द्वितीय चरण हेतु
नामांकन सूचना – 4/2024

विश्वविद्यालय पॉलिटेकनिक मेसरा, झारखण्ड सरकार के कल्याण विभाग एवं बी० आई० टी०, मेसरा का एक संयुक्त उद्यम है। यह पूर्णतः आवासीय संस्थान है। इस संस्थान में निम्नलिखित विषयों के रिक्त स्थानो में तृतीय सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष) में Lateral Entry के द्वारा नामांकन हेतु सभी वर्ग के प्रत्याशियों से (ST, SC, PT, OBC & UR Category) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :

1. ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग 2. इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग 3. कम्प्यूटर इंजीनियरिंग
4. मैकेनिकल इंजीनियरिंग 5. इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग

**1. शैक्षणिक योग्यता –**
1.1 आवेदक को 2022, 2023 अथवा 2024 में बारहवीं कक्षा (या समकक्ष) अथवा आई०टी०आई० परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
1.2 आवेदक 12th Science/ या समकक्ष (with Physics, Chemistry & Mathematics) परीक्षा उत्तीर्ण किया हो। अथवा आवेदक ने इंटरमीडिएट व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा (Intermediate Vocational Course Examination) उत्तीर्ण किया हो। अथवा
आवेदक दसवीं(10वीं) कक्षा के पश्चात उचित व्यवसाय में दो वर्षीय आई०टी०आई० परीक्षा उत्तीर्ण किया हो।
2. आवासीय प्रमाण पत्र :–कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत पत्र संख्या 14/विविध – 15–22/2019 का० 5752 दिनांक – 19.07.2019 के अनुसार आवेदक को झारखण्ड का स्थानीय निवासी होना चाहिए। उक्त के अनुसार अंचलाधिकारी (CO) अथवा उच्चतर स्तर द्वारा निर्गत ऑन लाइन स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
**3. जाति प्रमाण पत्र** :– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत पत्रांक – 14/जा० नि० –03–13/2015 का० 1754 दिनांक – 25.02.2019 के अनुसार जाति प्रमाण पत्र जिले के अंचलाधिकारी (CO) अथवा उच्चतर स्तर द्वारा निर्गत ऑन लाइन जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
**4. आयु सीमा** – अधिकतम आयु सीमा 30 जून, 2024 को सामान्य कोटि एवं अन्य पिछड़ी जाति के लिए 20 वर्ष एवं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लिए 25 वर्ष।
**5. फोटोग्राफ** – आवेदन पत्र में हाल का खिंचाया हुआ रंगीन फोटोग्राफ संलग्न करना है, (जिसमें चेहरे के साथ साथ दोनों कान स्पष्ट रुप से दिखाई देना चाहिए) अन्याथा आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा।
**6. मेधा सूची** – मेधा सूची दसवीं (10वीं) कक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत, 12th/ITI/ Intermediate (Vocational) के प्राप्तांक प्रतिशत एवं लिखित परीक्षा के आधार पर तैयार की जाएगी। इसका संपूर्ण विवरण website पर दिया जाएगा।
आवेदन पॉलिटेकनिक के **website** पर online भरा जा सकता है। पूर्णतः भरा हुआ आवेदन पत्र online आवेदन शुल्क (State Bank Collect के माध्यम से देय) रु0 600 (अनारक्षित वर्ग Unreserved Category के लिए)/रु0 350 (आरक्षित वर्ग ST, SC, PT & OBC Category के लिए) के है। आवेदन करने कि अंतिम तिथि 07 जूलाई, 2024 के संध्या 5 बजे तक है।
नोटः आवेदक को निर्देश दिया जाता है कि समय–समय पर **website: univpoly.bitmesra.ac.in, www.bitmesra.ac.in** पर उपलब्ध दिशा निर्देशों की जानकारी रखें।
क) शैक्षणिक योग्यता कॉलम में दर्ज ITI व्यवसाय यदि दो वर्ष से कम अवधि का हो तो, ऐसे व्यवसायों में उतीर्ण होने वाले आवेदक उक्त परीक्षा के तहत नामांकन के योग्य नहीं समझे जायेंगे।
ख) ऐसे आवेदक जिन्होंने वैसे व्यासायिक पाठ्यक्रम/व्यवसाय में उतीर्णता प्राप्त किया है, जिसके समतुल्य या संबंधित डिप्लोमा अभियंत्रण शाखा की सीटें उपलब्ध नहीं है, तो वैसे अभ्यर्थियों का सीट आबंटित नही किया जाएगा।

आवेदन करने कि अंतिम तिथि – 07 जूलाई, 2024
योग्य अभ्यर्थी की सूचि – 08 जूलाई, 2024
प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार – 11 जूलाई, 2024
नामांकन की अन्तिम तिथि – 19 जूलाई, 2024
Contact details – 7004415422, 7004781194 email – admissions.univpoly@bitmesra.ac.in

निदेशक,
विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक — आदिवासी कल्याण आयुक्त।

PR.NO.327737 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(24-25):D


# छात्राओं ने रैली निकाल नशे से दूर रहने की दी नसीहत

### इटकी में निकली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत जीआईएमआईटी संस्था के छात्राओं द्वारा बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली इटकी मौसीबाड़ी, तिरबिंधा चौक, साहेब मोड़ होते हुए प्रखंड परिसर पहुंची। जहां छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को नशा मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया गया। जागरूकता रैली में अनेकों स्लोगन हाथ में लेकर छात्राएं ग्रामीणों को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, गांजा, अफीम आदि जैसे जानलेवा नशीली पदार्थ से खुद को दूर रखने की अपील कर रहे थे। कार्यक्रम में सुबिया सुल्ताना, नेहाल अहमद, मुस्ताक अहमद, मेराज आलम, जिशान जलीली, फरहीन बेगम, अजमेरी, संजना सहित अन्य शामिल थे।

### राहे में नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली

**राहे।** रांची पुलिस और वन प्रमंडल खूंटी के सौजन्य से एसडीपीओ बुंडू रतिभान सिंह के नेतृत्व में नशा मुक्ति जन जागरण अभियान के तहत राहे गांव में प्रभात फेरी निकली गई। भगत सिंह चौक गोमदा से प्रभात फेरी निकाली, जो सुभाष चौक होते हुए बैंक चौक तक गई। प्रभात फेरी में राहे पुलिस, बुंडू रेंज के वन अधिकारी, समाजसेवी और स्कूली बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखे तख्ती लेकर लोगों को नशा से दूर रहने की अपील किया। इस दौरान एसडीपीओ बुंडू रतिभान सिंह ने लोगों से कहा कि गंजा, अफीम, चरस, शराब, गुटका, सिगरेट, तंबाकू आदि नशा छोड़ें और अपने परिवार को बर्बाद होने से बचायें। साथ ही क्षेत्र में अफीम की खेती करने की सूचना पुलिस को अवश्य दें। इस दौरान डायन–बिसाही के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर थाना प्रभारी फैज रब्बानी, समाजसेवी मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, सुशांत सिंह, जगन्नाथ मुखर्जी, अमजद अली, संजय महतो, शिक्षक लव कुमार, निर्मल सिंह, वन विभाग के राजू कुमार महतो, प्रफ्फुल टोप्पो, रोशन श्रीवास्तव, प्रभात परही, शशि कुमार, खिरोध मुंडा सहित मिडिल स्कूल, कन्या स्कूल और कन्या डोमनडीह स्कूल के बच्चे शामिल थे।

# सबकी सहमति


पहले सत्र में ही ताना-तानी की बात सामने आ गयी। विपक्ष एक ओर लोकसभा उपाध्यक्ष पद देने की मांग कर रहा था, तो सत्ता पक्ष ऐसा करने को तैयार नहीं था। जाहिर इस टकराव के बीच लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराने की स्थितियां बनी हैं। हालांकि, राजग सरकार के पास चुनाव पूर्व गठबंधन के चलते पूर्ण बहुमत है, लेकिन विपक्ष इस चुनाव को अपनी एकजुटता के रूप में एक प्रतीकात्मक दबाव के रूप में दिखाना चाहेगा। बहरहाल, बेहतर होता कि लोकसभा में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों पर चयन सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच सहमति से होता। इसी तरह नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों को शपथ दिलाने के लिये नियुक्त प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति को लेकर भी सत्ता पक्ष व विपक्ष में तनातनी देखी गई। वरिष्ठता के क्रम में इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस की दावेदारी की गई थी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि 17वीं लोकसभा के दौरान टकराव के चलते तमाम सत्रों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित रहा। उल्लेखनीय है कि दिसंबर, 2023 में शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में घुसपैठ के मामले में बहस की मांग पर कथित दुर्व्यवहार हेतु 141 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। जिसमें 95 लोकसभा सदस्य थे। उम्मीद की जानी चाहिए 18वीं लोकसभा में वैसे दृश्य फिर न देखने को मिलें। जनता अपने प्रतिनिधियों को इस लिये चुनकर संसद में भेजती है ताकि वे उनके इलाके के विकास को नई दिशा दे सकें। लेकिन पहले दिन विपक्षी नेताओं द्वारा संसद में संविधान की प्रतियों के साथ एकजुटता दर्शाना और कतिपय सत्तारूढ़ दल के सांसदों के शपथ ग्रहण के दौरान नारेबाजी को देखकर लगता है कि विपक्ष ज्यादा मुखर होकर सरकार के लिये चुनौती पेश करता रहेगा। बहरहाल, किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि सरकार सहमति से चले।

# जीएसटी के सात साल

देश की अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव हुए सात वर्ष बीत चुके हैं। सात वर्ष और दो आम चुनाव बीतने के बाद भी यह स्पष्ट है कि व्यवस्था में बुनियादी सुधार के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। जीएसटी की निगरानी जीएसटी परिषद करती है। यह राज्यों और केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालयों को एक साथ लाती है। बीते सप्ताहांत परिषद की बैठक हुई लेकिन इस बार भी जीएसटी में अहम सुधारों के गहरे प्रश्न आगे की बैठकों के लिए टल गए। कहने का अर्थ यह नहीं है कि परिषद ने अहम काम नहीं किए।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकेत दिया कि जीएसटी परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों में मांग नोटिस को चुनौती देने के तरीके और अपील में बदलाव तथा अनुपालन व्यवस्था में अन्य सुधार शामिल हैं। अब वक्त आ गया है कि जीएसटी के बुनियादी ढांचे में सुधार करने का प्रयास किया जाए। यह सवाल उठाया जाना चाहिए कि राज्य और केंद्र सरकार के स्तर पर दोहरा ढांचा क्यों होना चाहिए? जीएसटी के अधूरे एजेंडे में दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाया जाना भी शामिल है। जिससे स्पष्टता और किफायत सुनिश्चित होती। परंतु इसकी जगह कई दरें पेश की गईं और जीएसटी परिषद भी इन दरों में लोकलुभावन ढंग से बदलाव करने का मोह नहीं त्याग पाई। यहां तक कि पिछली बैठक में भी बॉक्स पैक करने पर लगने वाली दर को 18 फीसदी से कम करके 12 फीसदी कर दिया गया। बहरहाल, परिषद ने वादा किया था कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी व्यवस्था में लाने के विषय में चर्चा की जाएगी। अल्कोहल की तरह इन पर भी फिलहाल राज्यों द्वारा कर लगाया जाता है। व्यवस्था के भीतर लागत और अक्षमता की एक बड़ी वजह यह भी है। उन्हें जीएसटी के दायरे में लाना बहुत लंबे समय से लंबित है और आवश्यक भी।

# योग दिवस पर एक ही दिन में बने कई विश्व रिकॉर्ड





-योगेश गोयल

> अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष तो कई रिकॉर्ड बने। देश-विदेश में फैली आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज ने भी इस अवसर पर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ब्रह्माकुमारीज के आबूरोड स्थित अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय के साथ 140 देशों में फैले इसके 9000 केंद्रों पर करीब एक करोड़ लोगों ने एक साथ योग किया जबकि आबूरोड स्थित मुख्यालय पर 10 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया।

**भारत** ने पूरी दुनिया को योग करना सिखाया है और भारत के कारण ही दुनिया के तमाम देश अब योग की महत्ता को समझने लगे हैं। करीब 5000 वर्ष पहले भारत से शुरू हुई योग की परंपरा शरीर और मन के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन को जोड़ती है। 'योग' शब्द संस्कृत से लिया गया है। इसका अर्थ है 'जुड़ना' अथवा 'एकजुट होना', जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। भारत की प्राचीन परंपराओं में गहराई से निहित योग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य और आध्यात्मिक कल्याण के प्रतीक के रूप में कार्य करता है। 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को वैश्विक मान्यता मिलने के बाद से पिछले 10 वर्ष में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर कई रिकॉर्ड बने हैं।

2015 से लेकर अब तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नाम कई रिकॉर्ड 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो चुके हैं। 2015 में पहले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिल्ली में राजपथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कुल 35,985 भारतीयों ने एक साथ योग करके सबसे बड़े योग सत्र का पहला विश्व रिकॉर्ड बनाया, जबकि दूसरा रिकॉर्ड एक ही स्थान पर योग सत्र में कुल 84 देशों के भाग लेने पर बना था। योग को लेकर एक विश्व रिकॉर्ड तब बना, जब 2018 में राजस्थान के कोटा में करीब 1.05 लाख लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया था। 2023 में दुनियाभर से कुल 23.4 करोड़ लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर भी विश्व रिकॉर्ड कायम किया, वहीं 2023 में ही गुजरात के सूरत में योग दिवस कार्यक्रम में योग सत्र में 1.53 लाख लोगों ने एक साथ हिस्सा लेकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। उस योग कार्यक्रम के लिए करीब 300 मीटर चौड़ी दो सड़कों के चार किलोमीटर लंबे हिस्से को योग प्रतिभागियों के लिए कालीन से ढ़का गया था।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष तो कई रिकॉर्ड बने। देश-विदेश में फैली आध्यात्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज ने भी इस अवसर पर एक नया रिकॉर्ड कायम किया। ब्रह्माकुमारीज के आबूरोड स्थित अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय के साथ 140 देशों में फैले इसके 9000 केंद्रों पर करीब एक करोड़ लोगों ने एक साथ योग किया जबकि आबूरोड स्थित मुख्यालय पर 10 हजार लोगों ने एक साथ योगाभ्यास किया। हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के दूरदर्शी नेतृत्व में तो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक नया इतिहास रचा गया। 'अक्षर योग केंद्र' ने 5 विशिष्ट योगासनों का वैश्विक मानकों पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके पांच नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए और 10वें अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित इस स्पर्धा के जरिये योग की सार्वभौमिक अपील यानी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए इसके गहन लाभों का संदेश पूरी दुनिया देने का प्रयास किया गया। इन पांच वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले आसनों में नौकासन, कौंडिन्य आसन (ऋषि कौंडिन्य मुद्रा), चक्रासन, भगवान शिव की एक मुद्रा नटराजासन, पांच मिनट तक लगातार सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।

हालांकि अक्षर योग केंद्र ने त्रिपुरा वासिनी, पैलेस ग्राउंड, बेंगलुरु में प्रभावशाली वैश्विक भागीदारी में सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार करने की योग की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए कुल सात आसनों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए प्रयास किया था लेकिन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की अंतरराष्ट्रीय टीम ने सभी मानकों का अध्ययन करने के बाद इनमें से पांच आसनों में रिकॉर्ड को मान्यता प्रदान की जबकि दो आसनों पर रिकॉर्ड की मान्यता अभी समीक्षाधीन है, जिन्हें विचार के लिए लंदन भेजा जाएगा। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के वरिष्ठ निर्णायक स्वप्निल डांगरीकर और ऋषिनाथ के मुताबिक 5 रिकॉर्ड सफलतापूर्वक पूरे किए गए थे। इसकी पुष्टि करते हुए स्वप्निल डांगरीकर का कहना था, "मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि टीम अक्षर योग केंद्र ने सफलतापूर्वक 5 नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब स्थापित किए हैं और मुझे याद नहीं आता कि मैंने एक ही दिन में इतने सारे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाणपत्र दिए हैं।"

अक्षर योग केंद्र द्वारा ये विश्व रिकार्ड बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें छात्र, अनाथालयों के बच्चे, व्यापारिक समुदाय के सदस्य और कॉरपोरेट घराने भी शामिल थे। इसमें भाग लेने वाले एनसीसी ग्रुप 'ए' बेंगलुरु के 1200 से अधिक एनसीसी कैडेटों का भी विशेष योगदान रहा। उनके साथ उप महानिदेशक, एनसीसी डीटीई कर्नाटक और गोवा, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय 'ए' बेंगलुरु, कमांडिंग ऑफिसर, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, ग्रुप 'ए' एनसीसी बटालियन के स्थायी प्रशिक्षक भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा थे। इस गरिमामय समारोह में 20 से अधिक विभिन्न देशों के प्रतिभागी शामिल हुए। हिमालयन सिद्ध योग गुरु अक्षर के अनुसार योग दिवस के मौके पर ये रिकॉर्ड बनाने का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर योग के असंख्य लाभों के बारे में जागरुकता बढ़ाना, दुनियाभर के लोगों को समग्र स्वास्थ्य और आंतरिक शांति के लिए इस अभ्यास को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिमालयन सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इस अवसर पर योग के गहन प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया, साथ ही समर्पित अभ्यास के माध्यम से अनुशासन का प्रदर्शन किया गया।उल्लेखनीय है कि शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्पष्टता और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित अक्षर योग केंद्र इसके विविध लाभों को प्रदर्शित करने के लिए नियमित रूप से फिटनेस शिविर, मुद्रा कार्यशालाएं और ध्यान सत्र आयोजित करता है। हिमालयन सिद्ध अक्षर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित एक आध्यात्मिक योग गुरु हैं, जो अक्षर योग केंद्र के संस्थापक, अध्यक्ष, पाठ्यक्रम निदेशक, विश्व योग संगठन के अध्यक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय सिद्ध फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। योग गुरु अक्षर का कहना है कि योग शरीर, मन और आत्मा का एक अभिन्न अंग है।

खास बात

## पैतृक संपति में बेटी का अधिकार

**बिंदिशा सारंग**

**कड़वी** सच्चाई यह है कि उन्हें वह आजादी और वित्तीय स्वतंत्रता नहीं मिलती है, जो पुरुषों के लिए सुलभ है। अच्छी बात यह है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। उदाहरण के लिए भारत में विरासत कानूनों को ही लें, विशेष रूप से हिंदू परिवारों में उत्तराधिकार और विरासत के कानूनों को। हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि बेटियों को हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) की संपत्तियों में समान हिस्सेदारी के अधिकार मिलेंगे, भले ही उनके पिता 9 सितंबर तक जिंदा थे या नहीं। डीएसके लीगल में पार्टनर नीरव शाह ने कहा, 'पहले स्थिति यह थी कि 2005 का अधिनियम शुरू होने की तारीख को किसी जीवित समान हिस्सेदार की जीवित बेटी होनी चाहिए। पिछली कानूनी स्थिति जन्म से प्राप्त हिस्सेदारी के अधिकार को पूरा करने में असफल रही है। शाह कहते हैं, 'हाल के फैसले ने यह स्थिति बदल दी है। इसमें कहा गया है कि बेटी को अपने जन्म से ही पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, भले ही उसके पिता उसके जन्म के समय जिंदा थे या नहीं।' सीधे शब्दों में कहें तो इस फैसले से संयुक्त परिवार की संपत्ति की विरासत के लिहाज से बेटियों के अधिकार और जिम्मेदारियां बेटों के समान हो गई हैं।

समीर जैन कहते हैं, ' एक संयुक्त हिंदू परिवार (जेयूएफ) वह है, जिसमें सभी व्यक्ति किसी एक पूर्वज के वंशज हैं और जिनकी एकसमान उपासना पद्धति और संयुक्त संपत्तियां हैं।' समान हिस्सेदारी कानून की उत्पत्ति है। यह संयुक्त हिंदू परिवार का छोटा रूप है, जिसमें वंश का प्रमुख और तीन क्रमानुगत पुरुष वंशज शामिल हैं। पैतृक संपत्ति वह है, जो किसी हिंदू बेटे को अपने पिता, दादा और परदादा से मिलती है। जैन कहते हैं, 'वर्ष 2005 के संशोधन का मकसद बेटियों को भी इस तथाकथित प्रीमियम क्लब में शामिल करना था।'गौर करने वाली बात यह है कि 9 सितंबर, 2005 से पहले जन्मी बेटियां केवल संशोधन की तारीख से अपने अधिकारों का दावा कर सकती हैं।

# मिथिला प्रस्थान

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सिद्धाश्रम** (बक्सर) पहुंचते ही विश्वामित्र ने राम एवं लक्ष्मण को भविष्य में होने वाले युद्ध को ध्यान में रखकर एक ऐसी विद्या की सिद्धि करवाई जिससे भूख एवं प्यास युद्ध के दौरान प्रातः काल से संध्या तक न सताए। श्री राम को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण देने के लिये महर्षि विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ द्वारा नियोजित किये गये थे। उन्होंने श्री राम और लक्ष्मण को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण दिया। आग्नेयास्त्र, वायव्यास्त्र एवं ऐन्द्रास्त्र इत्यादि जितने भी दिव्यास्त्र थे वे सब तथा उनको संधान करना भी सिखाया। गुरु भक्ति का व्यवहारिक रुप श्री राम को महर्षि विश्वामित्र ही सिखाए।


**अहिल्या उद्धार:** श्री राम और लक्ष्मण ताड़का एवं सुबाहु समेत अन्य राक्षसों का संहार कर महर्षि विश्वामित्र का यज्ञ रक्षा किये। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद एक दिन महर्षि विश्वामित्र श्री राम से बोले- श्री राम मिथिला के राजा जनक जनकपुर में धनुष यज्ञ आंरभ करने वाले हैं । आप दोनों भाई भी साथ वहां चलिये। यह आदेश सुनकर श्री रामचन्द्र ने विचार किया कि अयोध्या से चलते समय गुरु वशिष्ठ ने कहा था कि मुझें अब ब्रह्मर्षि विश्वामित्र के आज्ञाधीन रहना है। ये जैसा चाहें वैसा ही कर्म करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। अतः मुझे एवं लक्ष्मण को जनकपुर चलना चाहिए। महर्षि विश्वामित्र तथा अन्य ऋषियों के साथ श्री राम और लक्ष्मण सिद्धाश्रम से जनकपुर के लिये प्रस्थान किये। जनकपुर जाने के मार्ग में थोड़ी दूर तय किये।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

विपदा में
मन के बल का हथियार
चलाना पड़ता है
अपने हिस्से का सूरज भी
खुद खींच के लाना पड़ता है ,
वापस आना पड़ता है,
फिर वापस आना पड़ता है।
**- अमिताभ बच्चन**

आपके ट्वीट

ज्ञान अमृत है और पुस्तकें उस अमृतत्त्व - निर्बाध ज्ञान परंपरा की संवाहिकायें-प्रसारिकाएँ हैं।अविद्याजनित विकृतियों से मुक्त कर अंतस को प्रकाशित करने वाले सद्ग्रन्थों का नित्य पारायण करें।पुस्तकें सच्ची पथप्रदर्शक हैं !
**- अवधेशानंद गिरी**





**राज्य** के हर जरूरतमंद परिवार को पेंशन, राशन, वस्त्र, बेहतर शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।
**-चंपई सोरेन**

# नेता विपक्ष की कार्यशैली से देश परखेगा राहुल गांधी का सियासी ज्ञान

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**सोलहवीं** और 17वीं लोकसभा में नंबरों के लिहाज से कांग्रेस 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतनी पिछड़ गई थी कि उसे नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही। पर, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे कब बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दारोमदार जनता के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही। भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा। हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा।

कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृत्ति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 44 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे। पर, ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा

सामयिक

है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है। जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है। जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे। 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष सभी से काम की उम्मीद करती है।

बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। पद पर आसीन होने वाले ओहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा, क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहरण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षों में असफल हुए हैं। इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है। उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोलने पर एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है। वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। पर, इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही, वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे।

सियासी मैदान में डटे रहे। खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उनपर थोड़ा भरोसा जताया है।खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती। कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बात ही है। सियासत ऐसा अखाड़ा है जहां अच्छे से अच्छा खिलाड़ी चित हुआ है।

कॉर्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## कानून से असुरक्षा


श्रम कानून के सुधार में नया कानून बनाया गया है, जिसके तहत तीन सौ से कम काम करने वाले कर्मचारियों को कोई कम्पनी बिना सरकार की मंजूरी लिए कभी भी निकाल सकती है। ऐसे में हर कोई कम्पनी अब अपनी मनमानी करेगी, जहां गरीब आदमी का जरूरत से ज्यादा शोषण होगा तो हर समय नौकरी जाने का डर, कही न कहीं उसकी सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। **-रमन कुमार, रांची**

## नशे का प्रभाव

**धन** ऐश्वर्य-संपन्नता की वसूली नशे के माध्यम से करते हुए फिल्में, धारावाहिक, मनोरंजन का घालमेल समाज में परोसा जा रहा है। दूसरों को टेंशन मुक्त करता बॉलीवुड आज स्वयं टेंशन का शिकार है। दुनिया को हंसाने-रुलाने का बीड़ा उठा खुद की जिंदगी से खिलवाड़ करने का अवसर जुटा रहा है। प्रशासन व शासन सख्त कानून बना नशे में लिप्त फिल्मी व्यवसायियों पर कड़ी निगरानी बनाए।

**- रविन्द्र कुमार, हजारीबाग**

# आधुनिक जीवन शैली,सोशल मीडिया की देन है रात में नींद न आना



**कुसुम पी**

स्वास्थ्य

**आपको** कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है।

पूरी नींद नहीं सोने से कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। रात को नींद नहीं आने का आपके दिन के साथ पूरा संबंध है। आपकी जीवनशैली, खान-पान और शरीर से जुड़ी कोई अन्य बीमारी सब इसके जिम्मेदार हैं। आज के समय में ज्यादातार लोगों को अनिद्रा की शिकायत होती है। अनिद्रा हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह होती है और नींद क्यों नहीं आती यह सोच-सोच कर भी हम अपनी नींद खराब कर लेते हैं।

बिस्तर से दूर करता दफ्तर

हम सबकी जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बस पंजों पर खड़े रहते हैं। काम का बोझ एक ऐसा सच है जो हर कोई अपनी मर्जी से नहीं ढोना चाहता। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको निकालना होगा।आयरन की कमी से लेकर मोटापा दूर करने में कारगर है अंडा, जानिये नाश्ते में कैसे खाना उचित

कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है और डॉक्टर आपकी पर्ची पर बिस्तर पर आराम लिख देते हैं। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें। नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है।

नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।

**आपके दिमाग में क्या है**

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए पॉडकास्ट पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या है तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और आनलाइन खबरें पढ़ना। बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। हमने अपने दिमाग को एक मिनट के लिए खाली छोड़ा ही नहीं है तो फिर नींद पर उन सूचनाओं का एक साथ हमला होने लगता है।

आपको कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें। अपनी मनपसंद कोई हल्की-फुल्की किताब पढ़ें और किसी भी तरह की विवादित बातें न सोचें। इन दिनों एक मजाक प्रचलित है कि नींद आंखें बंद करने से नहीं इंटरनेट का डाटा बंद करने से आती है। अच्छी नींद के लिए बिस्तर पर जाने से पहले आभासी दुनिया से कट जाने में ही भलाई है।

**शारीरिक गतिविधि**

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बहुत जरूरी है। अपनी सेहत और रुचि के हिसाब से कोई भी शारीरिक गतिविधि चुन लें। अगर वक्तनिकाल सकते हैं तो सुबह और शाम दोनों की सैर करें। जो लोग दौड़ सकते हैं वो तो ऐसा करें ही। किसी एक व्यायाम को चुन लें और उसे हफ्ते में कम से कम पांच दिन जरूर करें। शुरूआत में व्यायाम हल्का ही रखें और धीरे-धीरे क्षमता बढ़ाते चलें। अगर नृत्य का कोई रूप पसंद हो तो वो भी एक बेहतरीन कसरत है। नृत्य शरीर के साथ दिमाग को भी तनावमुक्त करता है। लेकिन अपने शरीर को इतना भी न थका लें कि सारी रात दर्द से ही नींद न आए।

## स्पीड न्यूज

### संघर्ष समिति ने डिस्पैच कराया बंद




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अपनी बारह सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति ने बुधवार को भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान का सम्प्रेषण (डिस्पैच) व परिवहन (ट्रांसपोर्टिंग) ठप कर दिया। यह आंदोलन सुबह में करीब 5 घंटा तक चला। रामदास बेदिया के नेतृत्व में आयोजित चक्का जाम आंदोलन के दौरान समिति के लोगों में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला। पांच घंटा बाद सीसीएल प्रबंधक के पहल एवं लिखित आवश्वासन के बाद समिति ने आंदोलन वापस ले लिया। इस दौरान समिति द्वारा भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक को अपनी मांगों से संबंधित मांग-पत्र भी सौंपा गया। समिति द्वारा सौंपे गये मांग-पत्र पर सीसीएल प्रबंधन सहानुभूति पूर्वक एवं गम्भीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रबंधक एवं समिति के प्रतिनिधियों के बीच 5 जुलाई को परियोजना कार्यालय में द्विपक्षीय वार्ता करने की बात कही गई। मौके पर सीसीएल प्रबंधन की ओर से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक ने वार्ता का पत्र समिति को सौंपते हुए 5 जुलाई को आयोजित द्विपक्षीय वार्ता के लिए आमंत्रित किया। आंदोलन में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष बेरोजगार नौजवान शामिल थें।

### प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष को हटाने की मांग



**कुजू।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को डटमा मोड़ में हुआ। बैठक में नेताओं ने लोकसभा चुनाव को लेकर मांडू प्रखंड का समीक्षा की। मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने लोसकभा चुनाव से पूर्व पंचायत में कमिटि गठित और नहीं बूथ बनाया । वहीं बिना समन्वय कर जहां-तहां कार्यक्रम करने, बूथ मैनेजमेंट ठीक से नहीं करने, समर्पित कांग्रेस नेताओं को सूचना नहीं देना, वरिष्ठ एवं अन्य कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान नहीं देने से लोकसभा चुनाव में मांडू प्रखंड पीछे रहा। नेताओं ने कांगेस हित को देखते हुए जल्द से जल्द सागर महतो को प्रखंड अध्यक्ष पद से हटाने का मांग किया। बाद में सर्वसम्मति से मामले को लेकर जिलाध्यक्ष सहित प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी सहित अन्य वरीय नेताओं को पत्र प्रेषित कर कार्रवाई करने की मांग कीद्व बैठक में बूटी तिवारी, मो गुलजार, राजेश कुमार, किनु मुंडा, सुधांशु सिंह, दानिश हुसैन, संदीप कुशवाहा, तुलसी महतो, आकाश ओझा, आशु सिंहआदि मौजूद थे।

### अबुआ संथाल के कोषाध्यक्ष का स्वागत



**कुजू।** अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम का भारत स्तर का जोगवा (केन्द्रीय कोषाध्यक्ष) केरीबंदा हेसागढ़ा निवासी दीपक टुडू को बनाये जाने पर ग्राम समिति केरीबंदा एवं संथाल विकास युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि हमें 7 राज्यों के प्रतिनिधियों जो सम्मान मिला है उससे हम सभी काफी खुश है। समिति के लोगों ने कहा कि हमारे बीच और गाँव के समाज सेवी के व्यक्ति पर इतना बड़ा जिम्मेवारी सौंपना हमारे गांव समाज के लिए काफी गर्व की बात है। दीपक टुडू ने बताया कि झामुमो जिला अध्यक्ष सह आबुआ संथाल समाज के अगुवा बिनोद किस्कू के अगुवाई में भारत के अन्य राज्यों से आये प्रतिनिधियों के साथ बैठक करके केंद्रीय कमिटी के गठन किया गया। जिसमें हमें अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम का केंद्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। श्री टुडू ने कहा कि जो जिम्मेवारी मुझे दी गई है उसे मैं पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा।

### दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार




रामगढ़। पुलिस ने विभिन्न मामलों में नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या - 31/2024 दिनांक-15.02.2024 धारा 376(2)(द)/384 भादवि के प्रथमिकी अभियुक्त बसंत करमाली उम्र करीब 35 वर्ष पे0 शिवलाल करमाली साकिन- पिरि एवं पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या - 165/2024 दिनांक- 22.06.2024 धारा-323/341/376/506/34 भादवि के प्राथमिक अभियुक्त विजय बेदिया उम्र करीब 20 वर्ष पे0 जद्दू बेदिया साकिन-कंडेर दोनों थाना पतरातू (बारककाना) जिला रामगढ़ के रहने वाले हैं। उक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के उपरांत 26 जून न्यायालय में पेश किया गया। इसके उपरांत न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## आइलेक्स पब्लिक स्कूल में बरही पुलिस ने नशा के खिलाफ निकाली जागरुकता रैली

# परिवार औ समाज के लिए घातक है नशा : एसडीपीओ

**नशा छोड़े व जिंदगी से नाता जोड़े : चन्द्रशेखर**

**नशा बेचने व इसका सेवन करने वाले लोग समाज के सबसे बड़े दुश्मन : शैलेश कुमार**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर बरही पुलिस ने आइलेक्स पब्लिक स्कूल बच्चों के साथ नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर बरही थाना परिसर से रैली निकाली गई। रैली में आइलेक्स पब्लिक स्कूल के सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। वहीं, बच्चों ने नशा मुक्ति के संबंध में जागरूकता रैली निकालकर नारे लगाते हुए नशा निवारण के लिए जागरूकता फैलाई। आइलेक्स पब्लिल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बरही के चारों रोड में भ्रमण करते हुए नशापान नहीं करने को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में छात्र छात्राओं ने हस्तलिखित तख्तियों पर चित्रांकन कर नशा से होने वाले घातक बीमारियों को बताया और नशा से दूर रहने का संदेश दिया। जागरूकता रैली में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह एएसपी सुरजीत कुमार, बरही थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से शरीर पर तो विपरीत प्रभाव पड़ता ही है, पीड़ित का पूरा व्यक्तित्व इससे प्रभावित होता है। नशा सम्पूर्ण परिवार के लिए घातक है। यह परिवार की आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है, जिससे समस्याओं की नवीन श्रृंखला परिवार में शुरू हो जाती है। घरेलू हिंसा, कर्जा, सामाजिक उपहास, स्वास्थ्य समस्या इत्यादि इसके ही परिणाम हैं। नशे की प्रवृत्ति व्यक्ति को अपराधों की ओर अग्रसर करती है, इसलिए लोगों को नशा से दूर रहने की जरूरत है। बरही थाना परिसर में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने बच्चों को बताया कि वह अपने अभिभावक समेत आस-पास के लोगों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में अवश्य बताएं। कहा कि किसी भी तरह का नशा शारीरिक, नैतिक, पारिवारिक, सामाजिक व धार्मिक दृष्टिकोण से नुकसान दायक एवं निषिद्ध है।

उन्होंने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव से आने वाली कई पीढ़ियां कुप्रभावित होती हैं। उन्होंने नशा छोड़ने व जिंदगी से नाता जोड़ने की अपील की। आइलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने बरही पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज समाज के लोगों को नशा करने वाले लोगों से दूरी बना लेने की जरूरत है। श्री कुमार ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर देता है, जो लोग नशा बेचने का काम करते हैं, वह समाज के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश के विकास में बड़ी भूमिका अदा करती है। अगर युवा ही नशे की गर्त में चले जाएंगे तो देश की तरक्की में बाधा बन जाएंगे। नशा मुक्त भारत अभियान में हर व्यक्ति को अपना योगदान देते हुए सरकार व अपने समाज का सहयोग करना चाहिए। जागरूकता रैली में पुलिस अवर निरीक्षक सुमित साव, शिवम गुप्ता, जहांगीर हुसैन, बसन्त कुमार, सोनाराम बिरुआ, सुरजीत चौधरी, संजय कुमार, मो. आशिफ, शिक्षक भूषण कुमार, इरम अंसारी, पप्पू यादव, नवीन यादव, नरेश कुमार, संदीप कुशवाहा, नेहा कुमारी, मनीषा कुमारी सहित बरही थाना के सशस्त्र जवान बल व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

# ओएसिस स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई करे सीबीएसइ : अभाविप

**▸▸ बीपीएससी समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक में आया था इनका नाम, जांच करे सरकार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य नवलेश सिंह व प्रदेश सह मंत्री रीतेश यादव ने ओएसिस स्कूल के प्राचार्य पर कार्रवाई करने का मांग सीबीएसई के चेयरमैन व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की है। अभाविप का स्पष्ट मानना है कि ओएसिस स्कूल प्रबंधन व प्राचार्य का नाम नीट पेपर लीक में आना काफी दुःखद एवं शर्मनाक है। साथ ही एक बड़ा संगठित अपराध भी है, इसे कदापी माफ नही किया जा सकता। पूर्व में भी इनका नाम बीपीएससी समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक में आया है , जिसका उच्च स्तरीय जांच हो।नीट पेपर लीक मामले में ओएसिस प्राचार्य का नाम आने के बाद अभाविप का मानना है की नीट जैसे गोपनीय परीक्षा में यदी इनके द्वारा धांधली किया गया तो सीबीएसइ के सेकंडरी और सीनियर सेकंडरी परीक्षाओं में ओएसिस प्रबंधन क्या करता होगा जांच का विषय है, ऐसे व्यक्ति को सीबीएसइ द्वारा जिला कोर्डिनेटर बनाना समझ से परे है।इनको तत्काल सीबीएसइ कोर्डिनेटर समेत सभी जिम्मेवारीयों से मुक्त कर इनके विद्यालय का पिछले 10 वर्षों के रिजल्ट का भी जांच करते हुए कठोर दंडात्मक कार्रवाई किया जाए। अभाविप जल्द जिला प्रशासन व राज्यपाल महोदय को भी इनके कृत्यों से अवगत करवाते हुए आंदोलन करेगा।

इधर इस मामले पर समाजसेवी बबलू कुमार ने कहा की ओएसिस स्कूल प्रबंधन ने दो दिन पहले प्रेस वार्ता कर पेपर लीक का सारा ठीकरा ब्लू डार्ट एजेंसी और टोटो वाहन पर फोड़ दिया। मामले को डाइवर्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर ऐसा है तो जांच एजेंसी बार बार ओएसिस स्कूल क्यों आ रही है। बिना आग का धुवा नहीं निकलता है। ओएसिस स्कूल प्रबंधन कुछ लोकल मीडिया हाउस के पत्रकारों को मैनेज कर मामले को घुमाने का प्रयास कर रहे है, लेकिन जांच सीबीआइ कर रही है। इस बार जो भी दोषी होंगे से बचेंगे नहीं बल्कि नपेंगे।

### अग्रसेन स्कूल में मधुमेह जांच शिविर 28 जून को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के प्रांगण में रोटरी रांची के सौजन्य से 28 जून को मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में रांची के प्रख्यात चिकित्सक डॉ विनय कुमार ढांढनिया जांचोपरांत लोगों को आवश्यक परामर्श देंगे। शिविर का आयोजन सुबह दस बजे से दोपहर साढ़े बजे तक किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने देते हुए क्षेत्र के लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## श्राद्ध में ढाई सौ पौध वितरित

**कटकमदाग।** सलगावां में पत्रकार लखन पासवान की मां स्व. बोधनी देवी के श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान पौधा वितरण किया गया। ग्रामीणों के बीच विभिन्न प्रजातियों के करीब ढाई सौ पौधे वितरण किया गया। पौधा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार ओझा, सलगावां पंचायत के मुखिया मधु रानी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय राणा व वरिष्ठ पत्रकार केके सिंह ने दिवंगत बोधनी देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मौके पर थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि समाज के लिए एक अच्छा संदेश है। पेड़-पौधे के बिना हमारा जीवन संभव नहीं हैं। क्योंकि ऑक्सीजन हमें इसी से मिलता है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील कुमार ओझा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे नेक कार्य हर लोगों को करना चाहिए। मुखिया मधु रानी ने कहा कि जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। भयावह गर्मी पड़ रही है। आने वाले समय मानव जीवन के लिए खतरा साबित होगा। ऐसे में हमसबों को पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि अजय राणा ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र समान होता है। पौधे लगाने के साथ-साथ उसे संरक्षित करना भी जरुरी है। वरिष्ठ पत्रकार केके सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे जीवित रहने पर हमे फल और ऑक्सीजन देते हैं। कई पेड़ ऐसे होते हैं, जो सूखने के बाद भी उसकी लकड़ियां हमें काम आते हैं। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी गौतम मिश्रा ने किया। मौके पर पत्रकार अनिल राम मनोज कुमार के अलावे मनोहर शर्मा, दिलीप शर्मा, बिजेंद्र कुमार, डालेश्वर पासवान, संजय पासवान, बसंत पासवान, गणेश प्रसाद, सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## आनंद साईं दरबार का 14वां स्थापना दिवस समारोह भंडारे के साथ संपन्न

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 14वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस बुधवार को भंडारे के साथ संपन्न हुआ। पुजारी राजेश पांडे ने साईं बाबा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद भंडारे हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, अरूण कुमार सिन्हा, पूर्व विधायक शंकर चौधरी, पतरातू एसडीपीओ विरेन्द्र कुमार राम, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली, भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, समाज सेवी नंदकिशोर गुप्ता, रंजन फौजी, मनोज मंडल, अजीत जायसवाल, तिलक राज मंगलम, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, अनूप कुमर बाबू साहेब,आशुतोष सिंह ,अमित सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह को सफल बनाने में सुबोध सिन्हा, सन्नी सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, दिलीप कुमार, अरूण कुमार महतो, आनंद प्रताप सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, राजेश साव, विनोद साव, कृष्णा ठाकुर, शरद सिन्हा, शशि पांडे, आयुष कुमार गुप्ता, लखन साह , सतोष सिंह, कौशल सिंह, जीतू अग्रवाल, विशाल यादव, उमेश महतो, सुभाशीष, अरविंद अग्रवाल,अजय गुप्ता, नवनीत कुमार, शीतल सिंह, मल्लिका दत्ता, ज्योति मानसाता, पूनम टोप्पो, नीलम केंसरी, लक्ष्मी पटेल, ललिता कुमारी, संध्या शर्मा, मालती देवी, उषा देवी, सुशीला देवी, मीना देवी आदि ने योगदान दिया।



# खेल मानव जीवन के लिए अमृत : आशीष जैन

**▸▸ जिंदल स्टील एंड पॉवर पतरातु में बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातु के जिंदल ऑफिसर्स क्लब के द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 12 से 25 जून तक चलने वाले इस बैडमिंटन टूनामेंट में कुल 110 प्रतिभागियों को 11 दलों में बाटा गया। जिसमें पुरुष एकल, महिला एकल, महिला-पुरुष युगल, महिला युगल एवं पुरुष युगल में मैच खेला गया। ज्ञात हो कि जिंदल स्टील एंड पॉवर के अध्यक्ष और हरियाणा के कुरूक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल खेल के प्रति सजग रहते हैं, तथा समाज एवं अपने कर्मचारियों को खेल के लिए प्रेरित करते हैं। उनका मानना है कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक रूप से लोग तंदुरुस्त रहते हैं। जिंदल परिसर में आयोजित मैच में बतौर मुख्य अतिथि प्लांट हेड आशीष जैन ने कहा कि खेल मानव जीवन के लिए अमृत है। खेल-कूद हमें अनुशासन की भी सीख देता है। मैच में प्रथम द्वितीय को पुरस्कृत किया गया। जिसमें 17 आयु वर्ग में आलोक शर्मा प्रथम एवं आर्यन मिश्रा द्वितीय, 18 से 35 आयु वर्ग में हर्तिष दुवे प्रथम एवं द्वितीय देव पटेल, 35 $ में अलकेश पटेल प्रथम एवं द्वितीय आरवीएन राव, महिला के 17 वर्ष आयु वर्ग में किया शर्मा प्रथम एवं द्वितीय भक्ति पुष्पा, 18 से 35 आयु वर्ग में रूपाली झा प्रथम एवं द्वितीय लक्ष्मी कुमारी, 35 से उपर वर्ग में विनिता जैन प्रथम एवं द्वितीय प्रगया दुबे। युगल में शम्भु दास व मोमीता दास प्रथम एवं आर्यन हर्षित रुपाली। पुरुष युगल में शम्भु दास, आरवीएन राव प्रथम एवं द्वितीय प्रसांत डॉ दिलीप। अलकेश पटेल, देव पटेल प्रथम एवं द्वितीय गगन सिंह, नितिन पाण्डेय। महिला युगल में किया शर्मा, निकीता प्रथम एवं द्वितीय शुभाश्री दास, भक्ति बेहरा एवं रूपाली, रीना प्रथम एवं द्वितीय मोमीता दास, अनीता रहा। सभी प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागी को मुख्य अतिथि के द्वारा उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।

## एक नजर में

### यूपीएससी में सफलता हासिल कर अपने गृह प्रखंड पहुंची मोनिका पटेल का जोरदार स्वागत



विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ की बेटी मोनिका पटेल को यूपीएससी सफलता हासिल करने पर प्रखंड के कई स्थानों पर पुष्प वर्षा, गुलदस्ता, हार पहनाकर प्रखंडवासियों ने किया स्वागत ।जैसे ही मोनिका बनासो चौक पहुंची स्कूली बच्चों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।,उसके बाद सपरिवार मोनिका ने मां बागेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल गई, जहां बच्चों को पढ़ाई के महत्व को बताते हुए, बच्चों के उत्साह एवं मनोबल को बढ़ाया । इसके बाद मोनिका के माता डॉ. नीलम पटेल, पिता वरीय अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल और पति उत्तम कुमार के साथ पैतृक आवास चानो के लिए निकली जहां ग्रामवासियों ने ढोल नगाड़े से स्वागत किया। इस दौरान डॉ अनंत कुमार पांडे समाजसेवी अमूल्यचंद्र पांडेय, सिकंदर अली राजू श्रीवास्तव, जेबीकेएसएस के केद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, सत्येंद्र पांडे प्रदीप पांडेसुनील अकेला लोकोपायलट अयोध्या महतो, रूपलाल महतो ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल संचालक डुमरचंद महतो, ग्रीन वेली पब्लिक स्कूल के संचालक विजय कुमार, समेत शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मना नशा मुक्ति दिवस



**बरही।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के प्रांगण में नशा मुक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का समन्वय व संचालन शिक्षक फैयाज आलम ने किया। नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सभी ने शपथ लिया। विविध कार्यक्रमों से स्कूल के बच्चों ने नशा के खिलाफ जागरूकता का अभियान चलाया। वर्ग 7 से अंश कुमार, वर्ग 8 से जुबैरिया बानो, वर्ग 9 से पूजा कुमार ने नशा मुक्ति पर भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ सुनील यादव ने किया ।उन्होंने विस्तार से नशा मुक्ति अभियान पर प्रकाश डाला। कहा कि नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू व धूमपान, चरस, स्मैक, ब्राउन शूगर जैसे घातक मादक दवाओं व पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। इन पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक हानि पहुंचने के साथ सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। साथ ही स्वयं व परिवार की सामाजिक स्थिति को भी नुकसान पहुंचता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। कार्यक्रम में वरीय शिक्षक देवेंद्र कुमार, पूनम मुर्मू, सुधा रश्मि, रश्मि टोप्पो,विजय कुमार दास, विक्रम प्रजापति, अताउल्लाह अंसारी, रश्मि द्विवेदी, किरण देवी,संजू देवी आरती देवी लिपिक प्रत्युष बनर्जी उपस्थित रहे।

### गिरिजा साव की प्रथम पुण्यतिथि मनी

**विष्णुगढ़।** गिरजा नायक मेमोरियल स्कूल में बुधवार को पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी नेता गिरजा साव की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। नायक परिवार तथा अतिथियों ने गिरजा साव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय गिरजा साव का सफर राजनीतिक जीवन में गिरिडीह के पूर्व सांसद तथा मांडू के विधायक स्वर्गीय टेकलाल महतो के ड्राइवर से लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष तक का सफरनामा रहा। साव एक उलझे हुए सामाजिक कार्यकर्ता थे। तथा समाज के उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते थे। यही कारण था कि तेली समाज के प्रखंड अध्यक्ष से जिला उपाध्यक्ष तक पद देकर उन्हें सुशोभित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष टेकोचंद महतो , पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, युवा नेता गौरव पटेल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, सचिव संजय प्रजापति, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, मुखिया रामचंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी, 20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, सूर्य मंदिर निर्माण समिति के सचिव नवल वर्मा, विजय कुमार, अजय कुमार, संजय प्रसाद, यमुना प्रसाद, छोटेलाल प्रसाद एवं कई गण मान्य लोगों सहित नायक परिवार के लोग उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल तापिन नॉर्थ में रक्त परीक्षण

**चरही ।** श्रमिक चिकित्सालय तत्वावधान में द्वारा बुधवार को डीएवी स्कूल तापिन नॉर्थ के छात्र-छात्राओं के लिये स्वास्थ्य और रक्त परीक्षण सह आएच निर्धारण कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम बच्चों के समग्र स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने और उनके रक्त समूह की पहचान के उद्देश्य से किया गया। डीएवी स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं का मेडिकल टीम ने पूर्ण शारीरिक जांच किया । बच्चों का रक्त समूह वर्गीकरण और आरएच निर्धारण भी किया गया। अस्पताल के डॉ.पूनम कुमारी ने बताया कि यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।आगे कहा कि स्वास्थ परीक्षण कार्यक्रम बच्चों के संपूर्ण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को उनके स्वास्थ्य परीक्षण और रक्त समूह के परिणाम संबंधित प्रमाण-पत्र दिया गया।

### विधायक ने तीन ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने बुधवार को तीन ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। सबसे पहले उन्होंने चौपारण के डुमरी ग्राम में 100 केवीए व रामपुर के दर्जीचक में 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। उसके बाद बरही प्रखंड के धनवार पंचायत अंतर्गत अम्बाटोला में किया। अकेला ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। विधायक ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दु:ख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। मौके पर अब्दुल मनान वारसी, बासुदेव यादव, राजदेव यादव, मो सरताज, मो जसीम, महेश प्रसाद, सिकंदर कुशवाहा, अर्जुन पंडित, प्रकाश कुशवाहा, बीरेंद्र ठाकुर, टुकलाल राणा, मनोज यादव, शरीफ मियां, मंटू ठाकुर, बीरेंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ओरपरता के ग्रामीण विस चुनाव का करेंगे बहिष्कार

**बरही।** बरही प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत डपोक के ओरपरता के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण नहीं होने के कारण आगामी विधानसभा में चुनाव बहिष्कार करने का फैसला लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद भी आज तक ग्रामीणों के बीच सड़क का साधन नहीं मिला है, यदि ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ती है या महिलाओं को प्रसव कराने के लिए या मरीज को आने-जाने में रास्ता नहीं होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डेढ़ किलोमीटर सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा आम सभा कर बनाने का निर्णय लिया गया। जिसे लेकर निरीक्षणकर्ता में पंचायत की मुखिया इंदिरा देवी, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बिहारी यादव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, वार्ड सदस्य मीना देवी शामिल रहें। मौके पर डूगीलाल राणा, राजू यादव, इंद्रदेव यादव, वंशी यादव, नरेश यादव, बालकिशोर यादव, चंद्रावती देवी, जिरवा देवी, चंपा देवी, गीता देवी, प्रयाग यादव, नारायण सिंह, प्रयाग सिंह, बलदेव यादव सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# देश के किसानों के साथ छल जारी है...

**समय संवाद**

**अब खेत खाली नहीं छोड़े जाते हैं। कोई सत्तर-अस्सी के दशक तक कृषि की यह परंपरा रही है। बाद में वैज्ञानिक यह बताने लगे कि लगातार फसलों से पैदावार के साथ आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। नए-नए उर्वरकों का प्रचार बढ़ा। किसानों ने वैज्ञानिकों के सुझावों को माना। धुआंधार खेती की शुरूआत कर दी। अब कोई किसान खेत दो से तीन माह खाली नहीं छोड़ता है। लगातार आर्थिक लाभ के गणित कृषि वैज्ञानिक बताते हैं। उनके सुझाव थे कि भारत में परम्परागत एक साथ एक खेत में छः से सात तरह की फसलें लेना ठीक नहीं है। खेती व्यावसायिक करें लाभ होगा। विभिन्न तरह के उर्वरकों के तेजी से प्रयोग बढ़ गए। परिणाम स्वरूप मिट्टी की उत्पादन शक्ति घट गई। उर्वरकों के साथ कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग हुआ। पहले मिट्टी की शक्ति घटने की बात कही गयी। बाद फिर शोध में आया कि कीटनाशकों के प्रयोग से रसायनों के कुछ तत्व फलों,सब्जियों अन्य फसलों के उत्पादों के द्वारा व्यक्ति के शरीर में पहुंच रहे हैं। इससे कैंसर जैसी घातक बीमारियां बढ़ रही हैं।**

**अरुण कुमार दीक्षित**



कृषि कर्म अब लाभकारी नहीं रहा। किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। लागत अधिक है और मुनाफा कम है। बीज महंगे हैं। कृषि यंत्र महंगे हैं। कारें सस्ती हैं। कृषि कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले ट्रैक्टर महंगे हैं। कारों को बैंक तत्काल ऋण देते हैं। किसानों को ऋण देने में त्रस्त होने की सीमा तक चक्कर लगवाते हैं। सरकारी तंत्र द्वारा छूट के लिए दफ्तर पहुंचे किसानों को आदर नहीं दिया जाता। उन्हें कई बार परेशान किया जाता है। कागजी औपचारिकता के लिए सरकारी तंत्र की आदतें भी बैंकों जैसी हैं। बड़ी समस्या यह भी है कि फसलों के उत्पादन के बाद उपज बेचने के लिए बाजार उपलब्ध नहीं है। बिचौलियों का सहारा लेकर ही किसान अनाज बेच पाते हैं। कई बार बिचौलिए ही किसानों की भूमिका में देखे जाते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि किसानों के पास अपनी उपज के भंडारण के लिए व्यवस्था नहीं है। सुनिश्चित स्थान नहीं है। जैसे ही फसल तैयार होती है किसान फसल लेकर नगरीय या निकट के बाजारों में बेचने के लिए जाते हैं। किसानों के उत्पादन में सबसे पहले बिचौलिए हावी होते हैं। मूल खरीदार बाद में आता है। किसान बिचौलियों की बातों में फंसकर अपनी उपज को कम मूल्य में ही बेचने को मजबूर होते हैं।

बिजली के बिल कुछ राज्यों में मुफ्त हैं। उत्तर प्रदेश में इसकी प्रक्रिया चल रही है। सरकार के इस कदम से किसानों को आर्थिक लाभ होगा। बिजली विभाग किस तरह से किस उपभोक्ताओं को दौड़ाता है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। सरकार द्वारा लगातार कार्रवाई करने अच्छे निष्कर्ष की आशा है। राजनीति किसानों की बात सबसे पहले करती है, मगर किसानों की स्थिति आजादी से अब तक बहुत अधिक नहीं सुधरी है। खेतों को बार-बार जोते जाने के साथ छहों ऋतुओं को संयुक्त किए जाने को कहा गया है। ऋषि पाराशर का कथन है कि देवता, असुर, मनुष्य सभी अन्न से जीवित हैं। अन्न धान्य से उत्पन्न होता है। अतः सभी कर्म छोड़कर कृषि करना चाहिए। ऋग्वेद में जुआ खेलना छोड़कर खेती करने को प्रेरित किया गया है। उस काल खण्ड में खेती करना श्रेष्ठ था। तभी तो घाघ कवि ने लिखा था कि उत्तम खेती, मध्यम बान।

संस्कृति, सभ्यताएं नदियों के किनारे पर अधिक विकसित हुई। मनुष्यों ने अपने निवास स्थान नदियों के तट पर बनाये। बृहस्पति संहिता के अनुसार मृदु मिट्टी वाली भूमि हर प्रकार की खेती के लिए उपयोगी है। खेती का संबंध सीता शब्द के साथ भी है। इसका अर्थ है जुती हुई भूमि। हल के फाल से बनने वाली रेखाएं सीता कही गई हैं। लोक भाषा के कवि घाघ कहते हैं कि धान की खेती के लिए हल्की जुताई उपयुक्त होती है। प्राचीन खेती की परंपरा में खेतों को चक्रीय व्यवस्था से वर्ष में एक बार सूर्य ताप में तपने के लिए चार माह तक परती रखा जाता था। इसे वैज्ञानिक सिलिका कहते हैं। परती भूमियों में कार्बन अवशोषित करने की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।

वर्तमान में जैविक खेती और जैविक खाद के प्रयोग के कार्यक्रम हैं। विचार गोष्ठियां हो रही हैं। जैविक विषय को लेकर सरकारें कार्यक्रम बना। रहीं है। मगर गांव तक जैविक खेती और जैविक खाद की प्राथमिकता समझा पाने में कृषि वैज्ञानिकों से लेकर कृषि विभाग व उससे जुड़े अन्य विभाग अब तक नाकाम हैं। दूसरी तरफ माटी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। यह बात अलग है कि मृदा परीक्षण कार्यक्रम भी कई क्षेत्रों में चलाए जा रहे हैं,मगर उनसे अभी तक कोई विशेष लाभ होता नहीं दिख रहा है। भूमि बंजर हो रही है। नमी घट रही है। जल के स्त्रोत दूर जा रहे हैं। जल स्त्रोतों के रिचार्ज के लिए जल संचयन की रस्में जारी है। छोटी नदियों नालों में बांध, चेक डैम से जल स्त्रोत बढ़ सकते हैं। मगर नौकरशाही की रुचि नहीं है। राजनीति जल संचयन, जल संरक्षण के सटीक प्रयोग का अध्याय ही नहीं जानती तो राजनीतिक दल इस विकराल समस्या से दूर ही हैं। एम. एस. स्वामीनाथन के नेतृत्व में वर्ष 2004 में एक किसान आयोग गठित किया गया। आयोग ने किसानों को परिभाषित करने के सवाल पर विचार किया। इस नीति के प्रयोजन के लिए किसान शब्द का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से होगा जो फसल उगाने और अन्य प्राथमिक कृषि वस्तुओं के उत्पादन की आर्थिक या आजीविका गतिविधियों में लगा हुआ है। इसके अतिरिक्त कृषि मजदूर, बटाईदार, किराएदार, पशुपालक, बागान मालिक, कृषि वानिकी विभिन्न कृषि संबंधी व्यवसाय में लगे व्यक्ति शामिल है। वर्ष 2007 स्वामीनाथन आयोग के अनुसार किसान की यह परिभाषा है।

केंद्र की एनडीए सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्णय स्वागत योग्य है। कृषि उत्पादन लागत मूल्य के जानकारों का कहना है कि यह समर्थन मूल्य और अधिक होना चाहिए था। यहां यह बात सरकार को समझनी चाहिए कि किसान आंदोलन में दिल्ली कूच करने वाले कथित किसानों के आधार पर शेष किसानों को जोड़कर नहीं देखना चाहिए। किसानों की अनेक समस्याओं का पता लगाने के लिए नए ढंग से सर्वे और समिति गठित होनी चाहिए। तभी सरकार किसानों के हितों की कार्रवाई में सफल हो सकती है। भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो वर्ष 2011 की सामाजिक आर्थिक जनगणना के अनुसार भारत की 51 प्रतिशत ग्रामीण आबादी भूमिहीन है । देश में भूमिहीन खेतिहर मजदूरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है । किसानों पर ऋण भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने 18 जून को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त के तहत 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपये हस्तान्तरित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि किसान सम्मान निधि योजना फरवरी वर्ष 2019 में आरम्भ की गयी थी। इससे किसान को तात्कालिक छोटी-मोटी जरूरतें पूरी करने में सुविधा हो जाती है। मगर अन्नदाताओं के लिए ठोस कार्य योजना के अभाव के चलते ही इस तरह की नगद धनराशि देनी पड़ रही है। जब तक किसानों की भूमि, सिंचाई, फसल उत्पादन, प्रबंधन एवं उनके लिए अच्छे बाजार, सस्ते ट्रैक्टर व अन्य कृषि यन्त्र और किसानो की सुरक्षा के अवसर उपलब्ध नहीं होंगे। किसानों का समृद्धि शाली होना दिवास्वप्न ही है। कृषि को उद्योग का दर्जा दिये जाने की मांग काफी पुरानी है। भारतीय किसान संघ की भी मांग है कि किसानों का लाभकारी मूल्य दिये जायें और सरकार किसानों से संवाद करे।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# यूनिसेफ की चाइल्ड फूड पॉवर्टी रिपोर्ट बेहद आपत्तिजनक

**-डॉ. निवेदिता शर्मा**

**भारत में** लोगों को खाने के लिए भोजन नहीं मिल रहा, लोग भूख से मर जाते हैं, कुपोषण के शिकार बच्चों की संख्या हजारों, लाखों में भी नहीं, करोड़ों में है। बच्चे पौष्टिक आहार नहीं मिलने से कई तरह की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। यह कहना है भारत के संदर्भ में यूनिसेफ की ह्यह्यचाइल्ड फूड पॉवर्टीह्लह्ल रिपोर्ट का। यह रिपोर्ट कहती है, गंभीर बाल खाद्य गरीबी में रहने वाले बच्चों के मामले में भारत दुनिया के सबसे खराब देशों में शामिल है, जबकि उससे अच्छी स्थिति में पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका जैसे अनेकों देश हैं।

इससे पहले हमने देखा कि कैसे वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2023 में भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया था और दुनिया को यह बताने का प्रयास हुआ था कि भारत की रैंकिंग में गिरावट हो रही है। साल 2023 की सूची में 121 देशों की रैंकिंग में भारत 107वें नंबर पर था। 2021 में 101वें और 2020 में 94वें नंबर पर, किंतु वर्तमान में भारत की रैंकिंग चार पायदान और गिर गई है। यहां भारत से कई गुना अच्छी स्थिति में पाकिस्तान (102वें), बांग्लादेश (81वें), नेपाल (69वें) और श्रीलंका (60वें) नंबर पर दिखाया गया । ठीक इसी तरह से इस रिपोर्ट के माध्यम से यूनिसेफ ने भी यह बताने का प्रयास किया है कि भारत अपने बच्चों के बीच भोजन की गरीबी को दूर नहीं कर पा रहा । भारत को लेकर रिपोर्ट इसलिए भी चौंकाती है, क्योंकि भारत की करोड़ों की बाल जनसंख्या को इसमें समाहित कर दिया गया है।

यूनिसेफ की पूरी रिपोर्ट के अध्ययन से जो निष्कर्ष निकलते हैं, वह यह हैं कि दक्षिण एशियाई देशों की सूची में भारत गंभीर बाल खाद्य गरीबी से जूझ रहा है यहां पांच वर्ष तक की आयु वाले 40 प्रतिशत तक बच्चे गंभीर बाल खाद्य गरीबी झेल रहे हैं । इसके अलावा 36 प्रतिशत बच्चे भारत में मध्यम बाल खाद्य गरीबी की चपेट में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। यहां दोनों का योग किया जाए तब उस स्थिति में भारत में 76 प्रतिशत बच्चे उचित आहार के वंचित हैं। यहां दक्षिण एशियाई देशों की सूची में मुख्य तौर पर 07 देश शामिल किए गए हैं, जिनमें सिर्फ अफगानिस्तान को चाइल्ड फूड पॉवर्टी में भारत से पीछे रखा गया है, जबकि पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल समेत दुनिया के अनेकों देश भारत से बेहतर स्थिति में हैं।

यदि हम इस रिपोर्ट को स्वीकार करेंगे तो भारत दुनिया के उन 10 देशों में शामिल हो जाता है, जहां बच्चों को जरूरी पोषक आहार



नहीं मिल पाता। विश्व में सबसे ज्यादा स्थिति सोमालिया की खराब है, वहां 63 प्रतिशत बच्चों तक उचित आहार की पहुंच नहीं है। इस क्रम में सोमालिया के बाद नाम गिनी का है, 54 प्रतिशत बच्चे यहां सही आहार मिलने के इंतजार में हैं। फिर गिनी -बिसाऊ 53 प्रतिशत, अफगानिस्तान 49 प्रतिशत, सिएरा लियोन 47 प्रतिशत, इथियोपिया 46 प्रतिशत और लाइबेरिया 43 प्रतिशत, भारत 40 प्रतिशत, पाकिस्तान 38 प्रतिशत और मॉरिटानिया 38 प्रतिशत के साथ इस सूची में हैं। जिनके कि बच्चे आहार के मामले में बहुत ही बुरे दौर से गुजर रहे हैं। किंतु यहां प्रश्न यह है, क्या यह भारत के संदर्भ में दिया गया प्रतिशत सही है?

इस संबंध में गहराई से किए गए अध्ययन के बाद ध्यान में आता है कि जिस डेटा का उपयोग यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड (यूनिसेफ) अपने दावों को पुख्ता करने के लिए कर रहा है, वर्तमान में उन तथ्यों की कोई सत्यता ही नहीं है। क्योंकि यूनिसेफ भारत के संदर्भ में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस 4 और 5) का संदर्भ देता है। जबकि उसके द्वारा जारी किए गए आंकड़े एनएफएचएस 4 एवं 5 से मेल ही नहीं खाते।

इसमें भी समझने वाली बात यह है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-4) के आंकड़े वर्ष 2015 में जारी हुए थे जोकि 2014 की भारत की स्थिति को दशार्ते हैं। इसी प्रकार से एनएफएचएस-5 के आंकड़े 2020-21 के हैं। जबकि यूनिसेफ की यह ह्यह्यचाइल्ड फूड पॉवर्टीह्लह्ल रिपोर्ट इसी माह जून 2024 में प्रकाशित की गई है। अब इसमें सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि एनएफएचएस के अंतिम आंकड़े वर्ष 2020-21के जो प्रस्तुत किए गए हैं। इस रिपोर्ट में साफ लिखा हुआ है ह्यह्यपिछले चार वर्षों से भारत में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग का स्तर 38 से 36 प्रतिशत तक मामूली रूप से कम हो गया है। 2019-21 में शहरी क्षेत्रों (30%) की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों (37%) के बच्चों में स्टंटिंग अधिक है। स्टंटिंग में भिन्नता पुडुचेरी में सबसे कम (20%) और मेघालय में सबसे ज्यादा (47%) है। हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और सिक्किम (प्रत्येक में 7 प्रतिशत अंक), झारखंड, मध्य प्रदेश और मणिपुर (प्रत्येक में 6 प्रतिशत अंक), और चंडीगढ़ और बिहार (प्रत्येक में 5 प्रतिशत अंक) में स्टंटिंग में उल्लेखनीय कमी देखी गई ह्लह्ल

अब यदि एक बार को यह मान भी लिया जाए कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) भारत सरकार के इसी स्टंटिंग आंकड़ों का हवाला देते हुए अपने तथ्य प्रस्तुत कर रहा है। तब भी आप देख सकते हैं कि भारत में कहीं भी गंभीर बाल खाद्य गरीबी की श्रेणी में 40 प्रतिशत तक और 36 प्रतिशत मध्यम बाल खाद्य गरीबी की चपेट में बच्चे अपना जीवन यापन करते हुए नहीं दिखाई देते हैं । जिसमें कि दोनों का योग करने पर 76 प्रतिशत बच्चे देश के किसी भी कोने में खाद्य गरीब झेलते हुए नहीं मिलते।

इसके अनुसार अध्ययन के लिए उदाहरण के लिए दिल्ली को देखें, यहां की जनसंख्या 02 करोड़ है, तब उस स्थिति में 0 से 5 वर्ष की आयु वाले बच्चों की जो 10 प्रतिशत जनसंख्या 20 लाख है, उसका 76 प्रतिशत यानी इन बच्चों की बीस लाख की जनसंख्या में 15 लाख से अधिक संख्या में अकेले बच्चे देश की राजधानी में फूड पॉवर्टी के संकट से हर रोज गुजर रहे हैं। क्या वाकई अकेले दिल्ली जैसे महानगर में पंद्रह लाख से अधिक बच्चे भोजन के लिए तरसते एवं परेशानी में आज आपको मिलेंगे? इसी तरह से भारत के प्रत्येक नगर, महानगर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्र का डेटा निकाला जा सकता है और यूनिसेफ के दिए आंकड़ों से तुलना की जा सकती है।

इसके साथ ही हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि यूनिसेफ की ये रिपोर्ट जिस राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला दे रही है, तब से अब तक देशभर में बहुत अधिक परिवर्तन हो चुका है। भारत में हर क्षेत्र में बहुत तेजी के साथ विकास हो रहा है, तब कैसे यूनिसेफ की यह रिपोर्ट को सही माना जा सकता है? ऐसे में यहां स्पष्ट हो रहा है कि भारत को लेकर यूनिसेफ की जून-2024 ह्यह्यचाइल्ड फूड पॉवर्टीह्लह्ल रिपोर्ट आज भ्रामक तथ्य प्रस्तुत करती है। इसलिए यह जरूरी है कि भारत के संदर्भ में दिए गए आंकड़ों को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष देरी किए बगैर सही करे।

# 'न्यू इंडिया' को 'स्वस्थ भारत' में बदलेंगे आयुर्वेद और योग

**प्रियंका सौरभ**

आयुष उन चिकित्सा प्रणालियों का संक्षिप्त रूप है जिनका भारत में अभ्यास किया जा रहा है, जैसे आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी। स्वास्थ्य, रोग और उपचार पर इन सभी प्रणालियों का मूल दृष्टिकोण समग्र है। आयुष, स्वास्थ्य सेवाओं की बहुलवादी और एकीकृत योजना का प्रतिनिधित्व करता है। आयुष अपने नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा देखभाल प्रदान करके 'न्यू इंडिया' के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 'न्यू इंडिया' को 'स्वस्थ भारत' भी होना चाहिए, जहां उसकी अपनी पारंपरिक प्रणालियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन जामनगर (गुजरात) दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए पहला और एकमात्र वैश्विक चौकी केंद्र होगा।

आयुर्वेद और योग ने प्राचीन भारतीय विज्ञान के रूप में 5000 साल पहले अपनी यात्रा शुरू की थी। जबकि सिद्ध दक्षिण भारत में लोकप्रिय दवाओं की प्राचीन प्रणालियों में से एक है, यूनानी, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली की उत्पत्ति प्राचीन ग्रीस में हुई है। होम्योपैथी का विकास 1800 के दशक की शुरूआत में जर्मन चिकित्सक सैमुअल हैनिमैन ने किया था। इन प्रणालियों ने वर्षों से लोगों के निरंतर संरक्षण का आनंद लिया है। आयुर्वेद सहित भारत की अधिकांश पारंपरिक प्रणालियों की जड़ें लोक चिकित्सा में हैं। आयुर्वेद पर कुछ महत्वपूर्ण ग्रंथ जैसे कि सारंगधारा संहिता और वांगा सेन द्वारा चिकित्सा संग्रह, यागरात बाजार और भवमिस्त्र के भावप्रकाश को संकलित किया गया था।

योग अनिवार्य रूप से आध्यात्मिक है और यह स्वस्थ जीवन जीने की एक कला और विज्ञान है जो शरीर और मन के बीच सामंजस्य लाने पर केंद्रित है। चिकित्सा की यूनानी प्रणाली की उत्पत्ति ग्रीस में हुई, फिर मध्यकालीन भारत में मिस्त्र, अरब, ईरान, चीन, सीरिया और भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं के पारंपरिक ज्ञान का विलय हुआ। यह स्वाभाविक रूप से होने वाली ज्यादातर हर्बल दवाओं और जानवरों, समुद्री और खनिज मूल की कुछ दवाओं के उपयोग पर जोर देती है। दारा शिकोह को समर्पित नूरुद्दीन मुहम्मद की मुसलजती-दशीकोही, ग्रीक चिकित्सा से संबंधित है और अंत में, लगभग संपूर्ण आयुर्वेदिक सामग्री औषधि है। सिद्धा भारत में चिकित्सा की प्राचीन प्रणालियों में से एक है जिसका द्रविड़ संस्कृति के साथ घनिष्ठ संबंध है। सिद्ध शब्द का अर्थ है उपलब्धियां और सिद्ध वे हैं जिन्होंने चिकित्सा में पूर्णता प्राप्त की है। कहा जाता है कि 18 सिद्धारों ने योगदान दिया है। सोवा रिग्पा या आमची हिमालयी क्षेत्र में लोकप्रिय चिकित्सा की सबसे पुरानी जीवित प्रणालियों में से एक है। इसे 2009 में जोड़ा गया था। यह हिमालयी क्षेत्रों में विशेष रूप से लेह और लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, दार्जिलिंग आदि में प्रचलित है। यह अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, गठिया आदि जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन में प्रभावी है।

समकालीन समय में भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग नामक एक विभाग मार्च 1995 में बनाया गया था और नवंबर 2003 में आयुष का नाम बदलकर इन प्रणालियों के विकास पर अधिक ध्यान देने पर ध्यान दिया गया था। 2014 में, भारत की केंद्र सरकार के तहत एक अलग मंत्रालय बनाया गया था, जिसके प्रमुख राज्यमंत्री होते हैं। आयुष मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कार्यालय द्वारा गैर-मूल आविष्कारों पर पेटेंट के अनुदान को रोकने के लिए सीएसआईआर के सहयोग से टीकेडीएल (पारंपरिक ज्ञान डिजिटल लाइब्रेरी) का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय आयुष मिशन में पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पतालों में आयुष का सह-स्थान, अस्पतालों का उन्नयन और 50 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना शामिल है।

कुपोषित होने की तुलना में गैर-संचारी रोग बड़ी समस्या बन सकते हैं। आधुनिक चिकित्सा के विपरीत, आयुष केवल बीमारी के इलाज पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिक समग्र दृष्टिकोण का पालन करता है। इस तरह का दृष्टिकोण गैर-संचारी रोगों के मामले में अधिक महत्व रखता है, जो एक बार पुरानी स्थिति में विकसित हो जाने के बाद इलाज करना मुश्किल होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, चिकित्सा की वैकल्पिक प्रणालियों, विशेष रूप से योग के स्वास्थ्य प्रभाव के बारे में अधिक से अधिक वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध हो रहे हैं।

यह संदेह से परे साबित हो चुका है कि वैकल्पिक दवाओं के साथ प्री-डायबिटीज और प्री-हाइपरटेंसिव स्थितियों में समय पर हस्तक्षेप से बीमारियों का प्रतिगमन और स्वास्थ्य की बहाली हो सकती है। योग न केवल रोकथाम और नियंत्रण में बल्कि रोगों के उपचार में भी प्रभावी है। आज पूरी दुनिया स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को अपना रही है। ये आयुर्वेदिक साहित्य और वैज्ञानिक प्रकाशनों द्वारा समर्थित हैं। आयुष मंत्रालय की पहल के बाद कई राज्य सरकारों ने भी प्रतिरक्षा और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पारंपरिक चिकित्सा समाधानों पर स्वास्थ्य सलाह का पालन किया,

# भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने पर हो रहा है विचार

**– प्रहलाद सबनानी**

**वैश्विक** स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का एवं भारत के राजकोषीय घाटे से सम्बंधित आंकड़ों का लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। यदि उक्त दोनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग इइइ- है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है।

किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है।

प्रधानमंत्री मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल के समस्त सदस्यों को विभागों का आबंटन भी किया जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों का भरपूर लाभ देश को मिला है। इससे देश के आर्थिक विकास को गति मिली है एवं आज भारत, विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में अपार कमी दृष्टिगोचर है। देश में बहुत बड़े स्तर पर वित्तीय समावेशन हुआ है, जनधन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक बचत खाते खोले जा चुके हैं एवं इन बचत खातों में आज लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपए की राशि जमा है, इस राशि का उपयोग देश के आर्थिक विकास के लिए किया जा रहा है।

रोजगार के नए अवसर भारी संख्या में निर्मित हुए हैं। देश में प्6ाति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 2200 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष तक पहुंच गई है। देश के कुछ राज्यों में तो किसानों की आय दुगने से भी अधिक हो गई है। भारत में विदेशी निवेश भारी मात्रा में होने लगा है एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में ही करने लगी हैं। इससे देश में विनिर्माण इकाईयों (उद्योग क्षेत्र) की विकास दर 8-9 प्रतिशत के पास पहुंच गई है। मंदिर की अर्थव्यवस्था एवं लगातार तेज गति से आगे बढ़ रहे धार्मिक पर्यटन के चलते भारत में आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से भी अधिक रही है।

भारत, अपने आर्थिक विकास की गति को और अधिक तेज करने के उद्देश्य से आधारभूत ढांचें को विकसित करने के लगातार प्रयास कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.5 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान देश के आधारभूत ढांचे को विकसित करने हेतु किया गया था, जिसे वित्तीय वर्ष 2023-24 में 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया था एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इसे और अधिक बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है। आधारभूत ढांचे को विकसित करने से देश में उत्पादकता में सुधार हुआ है एवं विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत में कमी आई है। जिससे, कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को भारत में स्थापित करने हेतु आकर्षित हुई हैं। स्टैंडर्ड एंड पूअर का तो यह भी कहना है कि भारत जिस प्रकार की आर्थिक नीतियों को लागू करते हुए आगे बढ़ रहा है और केंद्र में नई सरकार के आने के बाद से अब सम्भावनाएं बढ़ गई हैं कि भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रम बहुत तेजी के साथ किए जाएंगे इससे कुल मिलाकर भारत की आर्थिक विकास दर को लम्बे समय तक 8 प्रतिशत से ऊपर बनाए रखा जा सकता है।

भारत ने अपने आर्थिक विकास की गति को तेज रखते हुए अपने राजकोषीय घाटे पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का राजकोषीय घाटा 17 लाख 74 हजार करोड़ रुपए का रहा था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 16 लाख 54 हजार करोड़ रुपए का रह गया है। यह राजकोषीय घाटा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5.8 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में घटकर 5.6 प्रतिशत रह गया है। भारत के राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.1 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4.5 प्रतिशत तक नीचे लाने के प्रयास केंद्र सरकार द्वारा सफलता पूर्वक किए जा रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रान्स, जर्मनी जैसे विकसित देश भी अपने राजकोषीय घाटे को कम नहीं कर पा रहे हैं, परंतु भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान यह बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। सरकार का खर्च उसकी आय से अधिक होने पर इसे राजकोषीय घाटा कहा जाता है।

केंद्र सरकार ने खर्च पर नियंत्रण किया है एवं अपनी आय के साधनों में अधिक वृद्धि की है। यह लम्बे समय में देश के आर्थिक स्वास्थ्य की दृष्टि से एक बहुत महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आया है। भारत के कुछ राज्यों (पंजाब, पश्चिम बंगाल, केरल, आदि) में राजकोषीय घाटे को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, परंतु केंद्र सरकार एवं कुछ अन्य राज्य (उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु आदि) जरूर अपने राजकोषीय घाटे को सफलता पूर्वक नियंत्रित कर पा रहे हैं। राजकोषीय घाटा मलेशिया, फिलिपीन, इंडोनेशिया, थाईलैंड, वियतनाम जैसे देशों में 4 प्रतिशत से कम है जबकि भारत में केंद्र सरकार एवं समस्त राज्यों का कुल मिलाकर राजकोषीय घाटा 7.9 प्रतिशत है। उक्त वर्णित समस्त देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग इइइ है जबकि भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग इइइ- है। अतः भारत के कुछ राज्यों को तो अपने राजकोषीय घाटे को कम करने हेतु बहुत मेहनत करने की आवश्यकता है।

राजकोषीय घाटे को कम करने में भारत को सफलता इसलिए भी मिली है कि देश 20 से अधिक करों को मिलाकर केवल एक कर प्रणाली, वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली, को सफलता पूर्वक लागू किया गया है। आज वस्तु एवं सेवा कर के रूप में भारत को औसत 1.75 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रतिमाह अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त हो रही है। साथ ही, प्रत्यक्ष कर के संग्रहण में भी 20 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि परिलक्षित हुई है। भारत में बैंकिंग व्यवस्थाओं के डिजिटलीकरण को ग्रामीण इलाकों तक में लागू करने से भारतीय अर्थव्यवस्था का औपचारीकरण बहुत तेज गति से हुआ है, जिससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में भारी भरकम वृद्धि हुई है। जबकि केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों ने अपने गैर योजना खर्च की मदों पर किए जाने वाले व्यय पर नियंत्रण करने में सफलता भी पाई है। इसके कारण राजकोषीय घाटे को लगातार प्रति वर्ष कम करने में सफलता मिलती दिखाई दे रही है।

स्पीड न्यूज

### पत्रकार विद्या शर्मा की मां की अंत्येष्टि आज

**जादूगोड़ा।** पत्रकार विद्या शर्मा की 90 वर्षीय मां मूलक रानी देवी का आज संध्या समय ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उन्होंने संध्या 7 बजे अंतिम सांस लीं। वे एक महीने पहले सोने के क्रम में पलंग से गिर गई थी जिसको लेकर पैर की हड्डी में क्रेक के बाद दर्द की शिकायत पर टाटा मेन अस्पताल से भर्ती कराया गया जहा से छुट्टी देने के बाद भी सुधार न होने पर दोबारा दर्द उठने पर बीते शनिवार को ब्रह्मा नंद अस्पताल भर्ती करवाया गया।

### मसूद खान ने एसडीओ से फजले हक के खिलाफ की शिकायत

**जमशेदपुर।** धातकीडीह के सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिक मसूद खान ने एसडीओ धालभूम को पत्र लिखकर फजले हक खान उर्फ चिंटू के खिलाफ लिखित शिकायत की है। मसूद खान का कहना है कि वह 70 साल के हैं और धातकीडीह लाइन नंबर 6 में रहते हैं। 19 जून को एसडीओ कोर्ट में केस संख्या एचआरसी 7/ 2018 का तारीख था, जिसमें वह अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित थे जबकि दूसरी पार्टी उसे दिन उपस्थित नहीं हुई। उसके बदले दूसरा व्यक्ति जिसका नाम फजले हक खान उर्फ चिंटू पिता स्वर्गीय जीएम खान उर्फ मुन्ना खान, धातकीडीह बी ब्लॉक निवासी है। वह कोर्ट में आकर मुझसे बहस करने लगा जबकि वह इस केस में कोई पार्टी ही नहीं है। दूसरी पार्टी का नाम शमी उल हक मिड्डा पिता स्वर्गीय मोहम्मद रफीक मिर्धा धातकी डी मार्केट एरिया होल्डिंग नंबर 3 निवासी हैं। मसूद खान का कहना है कि फजले हक उर्फ चिंटू इस केस में किसी भी के पक्ष में नहीं है ना ही कोई वह अधिवक्ता था। फिर भी वह बार-बार मसूद खान को धोखेबाज और बेईमान जैसे शब्दों से संबोधित कर बेइज्जत कर रहा था। उसने एक झूठा इल्जाम भी लगाया कि मसूद खान ने उसे 21 लख रुपए लेकर धोखा दिया है। मसूद खान के अनुसार यह सरासर झूठ है। उन्होंने एसडीओ से कहा है कि अगर उसने मुझे कोई रकम दी है तो उसे साबित करें मसूद खान ने एसडीओ को लिखा है कि जानबूझकर उनकी छवि को धूमिल करने को देश से वकीलों एवं आम जनों के बीच फजले हक मुझे जलील कर रहा था।

### स्पीकर ओम बिरला को दिया बधाई संदेश

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने राजस्थान के कोटा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत कर आये माननीय ओम बिरला को अठारहवीं लोकसभा के स्पीकर के रूप में चुने जाने पर बधाई दी है। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने उन्हें बधाई देते हुये कहा कि माननीय ओम बिरला ने इतिहास दोहराते हुये लगातार दो बार लोकसभा स्पीकर के पद पर विराजमान हुये हैं। इससे पहले बलराम जाखड़ दो बार लोकसभा स्पीकर के पद पर चुने गये थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हड़पू गोत्र के कब्जा कुटुंब को सुहा नहीं रहा शंख मैदान का सौंदर्यीकरण : सरयू राय

## चंद्रगुप्त सिंह को चेताया, सुधर जाइये अन्यथा बिगड़ैल सांढ़ को मुझे नाथना आता है...

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सूर्य मंदिर सिदगोड़ा के अध्यक्ष और संरक्षक क्रमशः भूपेन्द्र सिंह और चन्द्रगुप्त सिंह काफी दिनों से अफवाह फैला रहे हैं कि शंख मैदान सूर्य मंदिर परिसर का हिस्सा है और मैं इसकी धार्मिक आस्था पर चोट करने के लिए विधायक निधि से यहां बास्केटबॉल कोर्ट सहित कई काम कराना चाहता हूं। इसलिए उन्होंने इसे रोक दिया है।

सच्चाई यह है कि शंख मैदान और सूर्य मंदिर दोनों अलग-अलग इकाई हैं। दोनों के बीच बाउंड्रीवाल (चहारदीवारी) का निर्माण 3 दिसंबर और 10 मार्च 2022 के बीच तत्कालीन सांसद महेश पोद्दार की सांसद निधि से 13,15,955 रुपये के व्यय पर किया गया। इसके लिए श्री पोद्दार ने 7 फरवरी 2020 को अनुशंसा की, जिसकी प्रति पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के निजी सहयक अंजन सरकार को भी प्रेषित है। (अनुलग्नक-1) इस बाउंड्रीवाल को सूर्य मंदिर समिति के लोगों ने 12 अप्रैल, 2024 को तोड़ दिया है जिसके विरुद्ध जमशेदपुर अक्षेस ने सिदगोड़ा थाना में 14 अप्रैल, 2024 को प्राथमिकी दर्ज करायी।

ऐसा इन्होंने इसलिए किया कि शंख मैदान पर कब्जा कर लिया जाये। आश्चर्य है कि इस योजना का न तो शिलान्यास हुआ, न लोकार्पण और न शिलापट्ट लगाया गया। यह जानकारी पूर्वी सिंहभूम के जिला अभियंता ने दिनांक 13 दिसंबर, 2023 को दी है।


संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते विधायक सरयू राय। साथ में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा और दुर्गा राव।

जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने शंख मैदान के बारे में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि मैंने अपनी विधायक निधि से शंख मैदान का सौंदर्यीकरण कराने मैदान में पार्क के चारों ओर बैठने के लिए बेंच लगाने और शंख को उचित स्थान पर रखने तथा श्रीमद्भागवत गीता में वर्णित छह शंखों को मैदान के किनारे लगाने के लिए अनुशंसा भेजा था जिसे उप विकास आयुक्त ने स्वीकृत कर अगस्त, 2023 को निधि विमुक्त कर दिया। तबसे इसका निर्माण सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह और संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह नहीं होने दे रहे हैं। उन्होंने जनता में अफवाह फैलाया कि मैं शंख मैदान में बास्केटबॉल और कबड्डी का कोर्ट बनाकर धार्मिका आस्था पर प्रहार कर रहा हूं। गत 24 जून को इन्होंने दिखाने के लिए एक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित कर शंख मैदान के सौंदर्यीकरण का काम रोकवा दिया। इसके पहले जब भी जमशेदपुर अक्षेस के कर्मी काम करने गये तो इन्होंने उन्हें भगा दिया।

#### सूर्य मंदिर समिति को अब जेल में बंद अपराधी चला रहे

सूर्य मंदिर समिति अब जेल में बंद अपराधियों के इशारा और समर्थन पर चलने लगी है। भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा को जेल से मिली धमकी इसका प्रमाण है। अमित शर्मा को जेल में बंद एक अपराधी ने सूर्य मंदिर मामले से अलग हो जाने को कहा। बात नहीं मानने पर हत्या करने की धमकी दी। उस अपराधी ने यहां तक कहा कि हम वहीं है जिसने उपेंद्र सिंह को ऊपर पहुंचा दिया।

#### अपनी संपत्ति की रक्षा तक नहीं कर पा रहा जिला प्रशासन

विधायक सरयू राय ने कहा कि जिला प्रशासन से मेरी शिकायत है कि वे सरकारी संपत्ति की रक्षा करने में विफल साबित हुए हैं। विधान सभा में, विधान सभा समितियों के सामने तथा राज्य सरकार से हुए पत्रचारों में इन्होंने स्वीकार किया है कि सूर्य मंदिर के सामने वाला भूखंड सरकारी हैं। इनपर खड़ी संरचनाएं सरकारी निधि से बनी हैं, इन्हें जमशेदुपर अक्षेस को हस्तगत करा दिया गया है और जमशेदपुर अक्षेस ने इन्हें हस्तगत करना स्वीकार कर लिया है। (अनुलग्नक-7) परंतु 24 जून को उस स्थान पर हुई घटना साबित कर रही है कि इनका मनचाहा उपयोग सूर्य मंदिर समिति कर रही है। इतना ही नहीं जिला प्रशासन जानता है कि शंख मैदान में मैंने अपनी विधायक निधि से क्या क्या विकास कार्य करने की अनुशंसा की है परंतु जब सूर्य मंदिर समिति के भूपेन्द्र सिंह और चन्द्रगुप्त सिंह आदि अफवाह फैला रहे हैं तो इसका खंडन और वस्तुस्थिति से अवगत कराने की कोशिश उन्होंने नहीं की। उन्होंने न तो योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए ही समुचित कार्रवाई की और न ही इसके क्रियान्वयन में बाधा डालने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई ही की।

# श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, केबुल टाउन में प्राण प्रतिष्ठा समारोह तीन जुलाई से

- विधायक सरयू राय दशकों से अधूरे पड़े बिरला मंदिर को करवा रहे हैं पूर्ण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, केबुल टाऊन में श्री लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का कार्यक्रम 3 जुलाई से 7 जुलाई, 2024 तक होगा। श्री नारायण, लक्ष्मी जी, हनुमान जी और गणेश जी की प्रतिमाएं जयपुर से यहाँ आ गई हैं। माँ काली और शिव दरबार 2 दिन के भीतर आ जाएंगी। सभी प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा 7 जुलाई को होगी। उक्त जानकारी विधायक सरयू राय ने अपने बिष्टुपुर स्थित आवास पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी।


जयपुर से मंगाये श्री लक्ष्मीनारायण प्रतिमा को मंदिर गर्भगृह में पहुंचाता क्रेन।

दूसरी ओर, गोलमुरी केबल टाउन स्थित निमार्णाधीन श्री श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आगामी 3 जुलाई से लेकर 7 जुलाई तक चलने वाले प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारियों के निमित्त महिलाओं की एक बैठक मंजू सिंह की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित हुई। इस बैठक में महायज्ञ को सफतापूर्वक संपन्न कराने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। 3 जुलाई को होने वाले कलश यात्रा एवं पूजा व्यवस्था के संबंध में रूपरेखा तैयार की गई। मंजू सिंह ने बताया की जमशेदपुर के सभी क्षेत्रों से महिलाएं कलश यात्रा में भाग लेने के लिए स्वेच्छा से अपना नाम भेज रही हैं।

महिलाएं दोमुहानी सोनारी से जल भरकर मंदिर लेकर आयेगी। 1100 महिलाएं कलश यात्रा में भाग लेंगी। आज की बैठक में काकुली मुखर्जी, वंदना रंजीता, मनोरमा, शिवानी, गीता कुंडू ममता, रेनू प्रसाद उपस्थित थीं। महिलाओं में मंदिर निर्माण और मूर्ति की स्थापना को लेकर काफी उत्साह है।

## गायत्री परिवार का महिला सम्मेलन नवंबर में, शैलबाला पंडया आयेंगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** गायत्री परिवार टाटानगर का प्रज्ञा महिला मंडल और नवयुगदल युवा प्रकोष्ठ के अनुरोध पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख श्रधेया शैलबाला पंड्या जीजी जी के तरफ से टाटानगर उपजोंन के लिए 3 दिवशीय महिला सम्मेलन (नारी सशक्तिकरण शिविर) के आयोजन का अनुमति दिया गया है। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार से आदरणीया बहन शेफाली पंड्या बहनजी अपने ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली के साथ पधारेंगे। इस तरह का सम्मेलन झारखंड में पहली बार होने जा रहा है। इसलिए इस सम्मेलन में टाटानगर के तीनों जिले के 1000 से ज्यादा बहने भाग लेंगें। इस आयोजन के सफल संचालन हेतु प्रज्ञा महिला मंडल का एक महत्वपूर्ण गोष्ठी गायत्री ज्ञान मंदिर,भालूबासा में सम्पन्न हुआ। इस गोष्ठी की अध्यक्षता बहन जसवीर कौर ने किया। इसके अलावा महिला मंडल के पूर्व अध्यक्ष बहन रेखा शर्मा और जिला महिला प्रतिनिधि बहन मंजू मोदी के साथ जमशेदपुर और आदित्यपुर समेत 20 शाखाओं से सैकड़ों बहनों ने भाग लिया।

## रामनगर, सोनारी में 1000 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन

- टाटा स्टील यूआईएसएल के चेयरमैन चाणक्य चौधरी ने किया लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने रामनगर, सोनारी में अत्याधुनिक 1000 केएलडी सीवेज पम्पिंग स्टेशन (एसपीएस) का उद्घाटन किया, जो सोनारी एसपीएस का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। इस सुविधा का उद्घाटन आज टाटा स्टील यूआईएसएल के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे ने किया। इस कार्यक्रम में वरुण बजाज, चीफ टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड लॉजिस्टिक्स, संजीव कुमार झा, महाप्रबंधक, जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन, टाटा स्टील यूआईएसएल,वरिष्ठ नेतृत्व टीम, टाटा स्टील के वरिष्ठ अधिकारी और जुस्को श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे, जो टिकाऊ शहरी बुनियादी ढांचे और सामुदायिक विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रामनगर में 1000 केएलडी सीवेज पम्पिंग स्टेशन को सीवेज की पर्याप्त मात्रा को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है।


नवनर्मित सिवेज प्लांट और सिवेज प्लांट का उद्घाटन करते चाणक्य चौधरी और एमडी रितुराज सिन्हा।

# जुस्को की बिजली के लिए जेम्को आजाद बस्ती में स्थल परीक्षण

- विधायक सरयू राय का प्रयास है जेम्को, आजाद बस्ती में जुस्को बिजली कनेक्शन दिलाने का
- क्षेत्र की जनता विधायक के दौरे के वक्त रख चुकी है जुस्को बिजली देने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जेम्को, आजाद बस्ती में जुस्को की बिजली देने के संबंध में कार्य प्रारंभ हो चुका है। बुधवार को जुस्को के अधिकारी जेम्को, आजाद बस्ती के बेलगड्ढा मैदान इलाके में गये और बिजली सब स्टेशन के लिए स्थल का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण को लेकर इलाके में उत्साह का माहौल था। लोगों को लगा कि अब उन्हें जल्दी ही जुस्को की बिजली मिलने लगेगी।

गौरतलब है कि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय विगत रविवार को आजाद बस्ती के दौरे पर थे। वहां के लोगों ने उनसे मुलाकात की थी और कहा था कि अगर क्षेत्र के लोगों को जुस्को का बिजली कनेक्शन मिल जाता तो बेहतर होता।


सर्वे करने पहुंची जुस्को की टीम।

## एएसआईएससी जोनल स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता (वरिष्ठ वर्ग) का आयोजन संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो के सभागार में 26/06/24 को जीवंत, सजीव एवं ज्ञानवान दर्शकों की उपस्थिति में ए एस आई एस सी जोनल स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जमशेदपुर के लगभग 25 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्थल पर विद्यार्थियों को सबसे पहले वाद-विवाद का विषय दिया गया तथा उन्हें तैयारी के लिए एक घंटे का समय भी दिया गया। वाद-विवाद का विषय था- क्या वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए पशु परीक्षण पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए? कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन बिन्दा सिंह ने किया। प्राचार्या वीशा मोहिंद्रा, उप प्राचार्या अनीता तिवारी, प्रतिष्ठित विद्यालयों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सूर्य मंदिर परिसर की जमीन छेंकने की बात बोलकर हंसी का पात्र बन रहे विधायक सरयू राय : भूपेंद्र सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के शंख मैदान में संरचना निर्माण कार्य की अनुशंसा कर विधायक सरयू राय एक सुंदर, रमणीक और लाखों लोगों की आस्था से जुड़े धार्मिक स्थल को बर्बाद करने में लगे हैं। पिछले साढ़े चार से कोई ना कोई कार्य के जरिये वे सूर्य मंदिर के छठ घाट तालाब, आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान की महत्ता को नष्ट करने की राजनीतिक साजिश कर रहे हैं। उपरोक्त बातें सूर्य मंदिर समिति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय सूर्य मंदिर समिति पर कोई न कोई बेबुनियाद और निराधार आरोप लगाकर हर दिन खबरों में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष और संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह पर जमीन छेकने की बात बोलकर वे स्वयं हंसी का पात्र बन रहे हैं। सूर्य मंदिर समिति विगत 25 वर्षों से बिना किसी विवाद, लोभ-लालच और स्वार्थ के बिना आध्यात्मिक, सामाजिक एवं रचनात्मक कार्य कर रही है। परंतु साढ़े चार से विधायक सरयू राय मनगढ़ंत और तथ्यहीन आरोप से सूर्य मंदिर की पवित्रता को भंग करने की साजिश कर रहे हैं। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति मंदिर परिसर के समुचित देखभाल और धार्मिक गतिविधियों का संचालन बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के शुद्ध धार्मिक भावना के साथ करती है और इसकी स्वच्छता और पवित्रता हमारे लिए सर्वोपरि है। कहा कि सूर्य मंदिर समिति किसी भी अपवित्र सोच वाली राजनीतिक हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगी जो लोगों की धार्मिक आस्थाओं और सनातन परंपराओं को ठेस पहुंचाता हो।

**संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा-** साढ़े चार साल से बेबुनियाद आरोप लगाकर दिन काट रहे सरयू राय, जनता देख रही है कि आध्यात्मिक स्थल को बर्बाद करने के लिए किस तरह की हो रही है साजिश


सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह। समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह।

## एक नजर में

### ब्रह्मर्षि भवन, कदमा में स्वामी दयानंद सरस्वती की पुण्यतिथि मनायी गयी



**जमशेदपुर।** 26 जून को स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि के अवसर कदमा ब्राह्मर्शी भवन में स्वामी सहजानंद सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर जटा शंकर पाण्डेय ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती जीका जन्म 22 फरवरी 1889 में उत्तर प्रदेश गाजीपुर में हुआ था तथा उनकी मृत्यु 26 जून 1950 को पटना में हूई थी। श्री पाण्डेय ने कहा कि स्वामी जी एक महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रकांड बिद्वान, तथा आदिगुरु शांकराचार्य के सच्चे अनुयायी थे। कार्यक्रम में रांची ग्रामीण भाजपा प्रभारी विनोद सिंह, जिला मंत्री बिजय तिवारी, नील कमल शेखर, अनुज चौधरी, रबि भूषण शर्मा, अनुज कुमार, अजय सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान



**चांडिल।** कुकड़ू प्रखंड के विस्थापित गांव कुमारी में दो जंगली हाथियों ने खाने के लिए घर में रखे अनाज से भरे बोरियों को निकालने के दौरान शॉर्ट सर्किट हो गया। जिससे पुआल से बने आठ घर जलकर खाक हो गया। मंगलवार की शाम दो जंगली गजराज कुमारी गांव के पास डेरा जमाये हुए थे। जिसको लेकर गांव के आठ घरों के लोग घर में ताला लगाकर पास के प्राथमिक विद्यालय में सोने चले गये। रात्रि करीब 11 बजे दो जंगली हाथी कुमारी गांव पहुंचे तथा धान से भरे बोरी को घर से खींचने लगे। इसी दौरान स्वीच बोर्ड टूट कर गिर गया। उसी वक्त लाईन भी आ गई, जिससे शॉर्ट सर्किट हुआ और देखते ही देखते आठों घरों में आग लग गयी। जानकारी के अनुसार कुमारी गांव के प्रेम चांद महतो, संतोष महतो, बिनोद महतो, धर्मु महतो, सुनील महतो, मनोज महतो, बिरेन महतो, जितेंद्र नाथ महतो की घर जलकर नष्ट हो गई हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम शुभ्रा रानी विधायक सविता महतो हाथी प्रभावित कुमारी गांव पहुंचे तथा नुकसान का आकलन किया। पीड़ित परिवारों को जरुरत के सामान एवं आर्थिक सहयोग किया। एसडीएम ने वन विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि देने को कहा। विधायक ने आपदा राहत के तहत एवं वन विभाग से पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग दिलाने का भरोसा दिया। दोपहर तक दोनों हाथी गांव से मात्र 200 मीटर की दूरी पर डेरा जमाये हुए थे।

### ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने एमजीएम में ठंडा शरबत और भोजन का किया वितरण



**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए एमजीएम अस्पताल में इलाज मरीज के अटेंडर, अभिभावक एवं रिश्तेदारों में लगभग 500 लोगों के बीच ठंडा शरबत, बच्चों के लिए केक, अन्य लोगों के लिए ब्रेड केला और फल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वसीम शरीफ एवं महताब आलम परवेज ने उपस्थित होकर अपने हाथों से जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण किया। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान, रिजवानुज जमा,ताहिर हुसैन, अयूब अली, इरशाद खान, परवेज खान, अफताब आलम, सैयद इकबाल हुसैन आरवी, शाहबाज आलम भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किए गए कार्यों की काफी सराहना की और ऐसे कार्यों से जुड़े रहने में स्वयं को बहुत गर्वमानित महसूस किया।

### श्रीनाथ विवि में हुआ नशा उन्मूलन पर विशेष सत्र



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विवि ने अंतर्राष्ट्रीय नशा उन्मूलन और अवैध तस्करी दिवस के उपलक्ष्य में वाणिज्य और प्रबंधन विभाग के छात्रों के लिए एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रो मे नशे के खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना था। इस सत्र का नेतृत्व मोक्षिता गौतम ने किया, जो प्रतिष्ठित यंग इंडियंस की सदस्य, वक्ता और मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा उन्मूलन में विशेषज्ञ परामर्शदाता हैं। एक दशक के आर्ट ऑफ लिविंग के अनुभव के साथ श्रीमती गौतम ने नशे से निपटने और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। यंग इंडियंस जमशेदपुर के उमंग मोदी ने छात्रों को नशे की आदत का मुकाबला करने के लिए प्रभावी रणनीतियों के बारे मे बताया। मौके पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ एसएन सिंह ने श्रीमती मोक्षिता गौतम, श्री उमंग मोदी और यंग इंडियंस जमशेदपुर टीम का आभार व्यक्त किया।

### नशीला पदार्थ की प्रति जलाकर मना नशा मुक्ति दिवस



**जमशेदपुर।** नशा मुक्ति दिवस के दिन मानगों के डिमना चौक में लोगों ने नशीले पदार्थ की प्रति जलाकर अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे भाजपा नेता विकास सिंह ने नशीले पदार्थ सेवन करने से हो रहे शरीर समाज और देश के नुकसान के बारे में लोगों को बताया। सैकड़ों लोगों ने एक स्वर से नशा करने वाले, नशा का सामान बेचने वाले और नशीले पदार्थ का विरोध किया। लोगों ने नशा खुरानी के शिकार लोगों को नशा छुड़वाकर मुख्य रास्ते में लाने के साथ साथ नशा की सामग्री बेचने वाले का खुलकर विरोध करने का संकल्प लिया।






# विश्वकप की हार का इंग्लैंड से बदला लेने उतरेगा

- भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 विश्व कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल मैच भारतीय समयानुसार गुरुवार रात आठ बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम साढ़े सात बजे होगा।



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइसीसी टी20 विश्व कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा। भारतीय टीम इस सेमीफाइनल में अंग्रेजों से साल 2022 टी20 विश्व कप का बदला लेने मैदान पर उतरेगी। साल 2022 टी20 विश्व कप में भारत को इंग्लैंड ने 10 विकेट से हराया था। ऐसे में अब रोहित सेना की बारी है कि वह इंग्लैंड को सेमीफाइनल में रौंद कर खिताबी भिड़ंत के लिए फाइनल में अपनी जगह बनाये। आइसीस टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया अब तक अपने सभी मुकाबलों में जीत हासिल की है। सिर्फ एक मैच उसका बारिश के कारण धुल गया था। ऐसे में सेमीफाइनल मैच में कुछ कमियों के बावजूद रोहित शर्मा अपने विनिंग कॉम्बिनेशन के साथ ही मैदान पर उतरेगी। टॉप ऑर्डर में पिछले कुछ समय से रोहित अपने लय में नहीं थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रनों की तूफानी पारी खेलकर उन्होंने बता किया कि वह अब रुकने वाले नहीं है। हालांकि, विराट कोहली का फॉर्म का चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन बड़े मैचों में वह हमेशा से अपना जलवा दिखाए हैं। ऐसे में उम्मीद है कि वह सेमीफाइनल में अपनी लय में आएंगे और इंग्लैंड के बॉलिंग की धज्जियां उड़ाएंगे। इसके अलावा तीसरे नंबर पर ऋषभ पंत लगातार प्रभावित करते हुए आ रहे हैं। वहीं चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव का फॉर्म उपर नीचे रहा है लेकिन इसके बावजूद उनका प्लेइंग इलेवन में खेलना है निश्चित है। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद है। हालांकि उच्च मानकों के अनुसार इस टूनामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित से सेमीफाइनल में अधिक उम्मीदें है। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है और इस विश्व कप में वह लय में हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजो के खिलाफ वह और भी अधिक घातक रहे हैं। टी-20 में जॉस बटलर ने अब तक बुमराह का 12 पारियों में सामना किया है और उसमें केवल 5.19 की रनरेट से रन बनाते हुए चार बार आउट हुए हैं। वहीं सैम करन तो पांच पारियों में चार बार बुमराह का शिकार बने हैं। इसी तरह लियम लिविंगस्टन और मोईन अली जैसे खिलाड़ियों भी नाम हैं, जिनका बल्ला बुमराह के खिलाफ शांत रहा है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी में धार गेंदबाजी कर तथा हार्दिक पांड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी से भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है। जॉस बटलर टी-20 विश्व कप में 900 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की अगर लिस्ट निकाली जाए तो सबसे अधिक स्ट्राइक रेट के मामले में वह बहुत आगे हैं। उन्होंने इस टूनामेंट में अब तक 45 की औसत और 147.1 के स्ट्राइक रेट से 990 रन बनाए हैं। 2016 के बाद से बटलर ने हर टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

### टी20 क्रिकेट में भारत का इंग्लैंड पर पलड़ा भारी

नॉकआउट मैच में भारतीय टीम एक बार फिर रोहित शर्मा की अगुवाई में जोस बटलर की सेना का सामना करती नजर आएगी। टी20 क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच 23 बार भिड़ंत हुई है जिसमें भारत का पलड़ा भारी है। टीम इंडिया को 12 मैचों में जीत मिली है जबकि इंग्लैंड ने 11 मुकाबलों में जीत का स्वाद चखा है। वहीं, टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड का भारत से चार बार आमना-सामना हुआ है। दोनों ही टीमों ने दो-दो मैच जीते हैं।

### मध्यक्रम में हार्दिक और शिवम पर जिम्मेदारी

मध्यक्रम में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे को जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी। आईपीएल के खराब फॉर्म से उबरने के बाद हार्दिक ने टी20 विश्व कप में कहर बरपाया है। वहीं शिवम को बड़े मैच में अपनी उपयोगिता को साबित करना होगा। इसके अलावा रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ी भी निचले क्रम में तेजी के साथ रन बनाने की क्षमता रखते हैं।

### बुमराह और कुलदीप संभालेंगे गेंदबाजी का जिम्मा

बॉलिंग में भारतीय टीम की सबसे बड़ी ताकत जसप्रीत बुमराह को एक बार फिर से अपना कमाल दिखाना होगा जबकि कुलदीप यादव अपनी फिरकी का कमाल दिखाने के लिए तैयार हैं। वहीं अर्शदीप सिंह ने इस टी20 विश्व कप में लगातार अपनी बॉलिंग ने टीम इंडिया को सफलता दिलाने का काम किया है।



### टी20 विश्व कप 2024 के लिए दोनों टीमें

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंडः** फिल सॉल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर/कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली, हैरी ब्रूक, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड, रीस टॉप्ली, बेन डकेट, विल जैक्स, टॉम हार्टले, क्रिस जॉर्डन।



## पहली बार फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचने के लिए तैयार दोनों टीमें


मैच का समय : सुबह 6 बजे।

एजेंसी

**तारोबा (त्रिनिदाद)।** टूनामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दोनों सफेद गेंद के प्रारूपों में किसी भी क्रिकेट विश्व कप में पहली बार फाइनल में जगह बनाने का यह दोनों टीमों के लिए एक मौका होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूनामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आइसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन आस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था। अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं- कप्तान राशिद खान ने पूरे टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरूआती सफलताए दिलाई, गुलबदिन नायब ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूनामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं। यह अपने आप में एक कहानी बयां करता है कि कैसे अफगानिस्तान के दो खिलाड़ी कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़कर आंकड़ों की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। लेकिन यह सब बेकार हो सकता है अगर वे ब्रायन लारा अकादमी में लड़खड़ा जाए। इस स्थल का नाम वेस्टइंडीज के दिग्गज खिलाड़ी के नाम पर रखा गया है जिन्होंने अफगानिस्तान का भरपूर समर्थन किया है। अफगानिस्तान इससे पहले कभी विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं खेला और दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। बेहद करीबी मुकाबले जीते हैं। टीम ने टूनामेंट में एक रन (नेपाल के खिलाफ), चार रन (बांग्लादेश के खिलाफ) और तीन विकेट (वेस्टइंडीज के खिलाफ) की करीबी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की अतीत की टीमें इन परिस्थितियों में विफल हो सकती थी लेकिन एडेन मार्कराम की टीम ने



उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई है। टूनामेंट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में केवल एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी है। क्विंटन डिकॉक सात मैच में 199 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं जबकि उनका कोई भी गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। लेकिन वे यहां सेमीफाइनल में खेल रहे हैं और उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ छोटे और महत्वपूर्ण क्षणों से निपटना होगा। अफगानिस्तान भी चीजों को काबू में रखता है तो एक शानदार मुकाबला देखने को मिल सकता है।

## नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी के कोलांबी मैदान में बुधवार को नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन, रणजी खिलाड़ी कौशल किशोर सिंह, युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, अंबर इंडस्ट्रीज के निदेशक अंबर कुमार व समाजसेवी चारो उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में नगड़ी अचीवर्स लायंस और नगड़ी अचीवर्स बुल्स के बीच में हुआ। लायंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। लायंस ने अपने कप्तान के गेंजबाजी करने के निर्णय को सही साबित करते हुए 20 ओवरों के मैच में बुल्स को 105 रन में ऑल आउट कर दिया। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लायंस की टीम ने लक्ष्य को 15.2 ओवर में 06 विकेट के नुकसान पर 110 रन बना कर मैच जीत लिया। मैच के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए लायंस के ऑलराउंडर खिलाड़ी मो. सकलेन को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। प्लेयर ऑफ द मैच का इनाम विजन वीएफएक्स के निदेशक शुभांसु, जी7 इंटरनेशनल के कुंदन ने संयुक्त रूप से दिया।

| संक्षिप्त स्कोर |
|---|
| नगड़ी अचीवर्स बुल्सः 105/10 (19.2 ओवर) |
| प्रेम - 33 (4७1) (6 गुना 1) |
| उज्जवल - 14 (4 गुना 2) |
| सकलेन - 03/ 18 (04 ओवर) |
| सतीश - 02/ 22 (3.5 ओवर) |
| पवन, श्याम और अन्विक 1-1 विकेट। |
| नगड़ी अचीवर्स लायंसः 110/6 (15.2 ओवर) |
| एरिक अमर - 52 (4 गुना 3) (6 गुना 3) |
| सकलेन - 23 (4 गुना 4) |
| रंजित कुमार - 03/21 (04 ओवर) |
| अरबाज, कारण और अभिषेक 1-1 विकेट। |
| आज के मैचः नगड़ी अचीवर्स बुल्स बनाम नगड़ी अचीवर्स पैंथर्स। |

### कपिल देव पीजीटीआइ के अध्यक्ष चुने गये

**नयी दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआइ) के अध्यक्ष के रुप में अपनी नई पारी की शुरूआत करेंगे। कपिल देव को सर्वसम्मति से प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआइ) का अध्यक्ष चुना गया है।

### वेस्टइंडीज महिला टीम ने टी-20 मैच में श्रीलंका को छह विकेट से हराया

**हम्बनटोटा।** एफी फ्लेचर (चार विकेट) उसके बाद हेली मैथ्यूज (29) और स्टेफनी टेलर नाबाद (28) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को वर्षा बाधित मैच में डकवर्थ लुईस पद्धित के तहत पांच गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है। वेस्टइंडज ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने वर्षा बाधित मुकाबले में नेविशमी गुणरत्ने (24) और कप्तान चमारी अटापट्टू (26) रनों की पारियों के बदौलत 15 .2 ओवर में चार विकेट पर 89 का स्कोर बनाया। इमेशा दुलानी (4) और हर्षिता समरविक्रमा (14) रन बनाकर आउट हुये। हसिनी परेरा (4) और कविशा दिलहारी (14) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज की ओर एफी फ्लेचर ने 23 रन देकर चार विकेट लिये।

### चौथा रांची स्नूकर चैंपियनशिप का समापन

- सुशांत सिन्हा बने प्लेयर ऑफ टूनार्मेंट



**रांची।** गेमर्स गैरेज, बरियातू में चौथा रांची स्नूकर चैंपियनशिप का बुधवार को समापन हो गया। जमशेदपुर के सुशांत सिन्हा ने 3 इवेंट जीत कर प्लेयर ऑफ टूनार्मेंट बने। सुशांत सिन्हा ने मास्टर 15 रेड में यश किंगर को 3-2 से हराया, 6 रेड में शुभम गुप्ता को 3-2 हराया और 9 बॉल्स में हजारीबाग के डॉ स्नेहांशु साहा को 5-3 हराया। वहीं, मिनी 15 रेड में सिद्धार्थ पावर (सिद्धू) ने अनुज को 3-2 हराया और 6 रेड में ऋग ने अमृतांश को 3-2 हराया। इस प्रतियोगिता में झारखंड के अलग अलग जगह से प्लेयर्स भाग लिया। यश किंगर ने विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफी, नगद राशि तथा क्लब का फ्री मेंबरशिप भी मिली। डॉ० मोहम्मद जाकिर इस टूनार्मेंट को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। समापन समारोह में विजेताओं और उप विजेताओं सहित हरीश, इरफान, मेजर, टीपू, इंदर, राहुल, नीरज , जॉनसन, शुभम, सुशांत, सिद्धू, अमृतांश, नील मौजूद थे।

## ओलंपिक के लिए 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

## हरमनप्रीत सिंह होंगे कप्तान, कांस्य को स्वर्ण पदक में बदलने का लक्ष्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया। भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं। टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैंपियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं।अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा। वहीं, पांच खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक में पदार्पण करेंगे जिसमें जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं। टोक्यो में 41 साल के अंतराल बाद पदक जीतने के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद भारतीय डिफेंडर रूपिंदरपाल सिंह और बीरेंद्र लाकड़ा संन्यास ले चुके हैं जबकि सुरेंदर कुमार टीम से बाहर हैं। टोक्यो में मुख्य टीम का हिस्सा रहे नीलकांत शर्मा को वैकल्पिक खिलाड़ियों में रखा गया है और दिलप्रीत सिंह को मौका नहीं मिला। गोलकीपर कृष्ण पाठक लगातार दूसरे ओलंपिक में वैकल्पिक खिलाड़ी होंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत, अमित रोहिदास, सुमित और संजय जबकि मिडफील्ड में पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह और विवेक सागर प्रसाद शामिल हैं। फॉरवर्ड में अभिषेक, सुखजीत, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह और गुरजंत सिंह शामिल हैं। पाठक और नीलकांत के अलावा डिफेंडर जुगराज सिंह भारत के तीसरे वैकल्पिक खिलाड़ी हैं।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमारे खिलाड़ियों में प्रतिभा की गहराई के कारण पेरिस ओलंपिक की टीम के लिए चयन प्रक्रिया काफी प्रतिस्पर्धी थी। हालांकि मुझे विश्वास है कि चुना गया हर खिलाड़ी पेरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा, चुने गए हर खिलाड़ी ने तैयारी चरण के दौरान असाधारण कौशल, समर्पण और लचीलापन दिखाया है। फुल्टन ने कहा, हमारा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो खेलने के अलग स्टाइल और परिस्थितियों से सांमजस्य बिठा सके। मुझे विश्वास है कि हमने इसे हासिल कर लिया है। भारतीय टीम अपना अभियान 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद 29 जुलाई को टीम का सामना अर्जेंटीना से होगा। फिर भारत 30 जुलाई को आयरलैंड से, एक अगस्त को बेल्जियम से और दो अगस्त को आस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारत अभी तक आठ स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य से कुल 12 ओलंपिक पदक जीत चुका है। पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान देश फ्रांस शामिल है।



### पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम

| पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम |
|---|
| गोलकीपरः श्रीजेश परट्टू रवींद्रन |
| डिफेंडरः जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय |
| मिडफील्डरः राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद |
| फॉरवर्डः अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह |
| वैकल्पिक एथलीटः नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक |

### पुलिसकर्मी दिखाएंगे खेलों में अपना जौहर

(खबर मन्त्र संवाददाता)



**रांची।** रांची के न्यू पुलिस लाइन केंद्र में बुधवार को तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिले की पुलिस टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में पुलिसकर्मी खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

**एक दर्जन प्रतियोगिताएं आयोजित :** दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, कराटे और दौड़ समेत एक दर्जन से अधिक खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जिसमें 400 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले पुलिस खिलाड़ियों को पुलिस नेशनल गेम में खेलने का मौका मिलेगा।

**तनाव दूर करने के लिए खेल बहुत जरूरी :** प्रतियोगिता का उद्घाटन दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के पांच जिलों के खिलाड़ियों ने परेड के जरिए किया। समारोह के मुख्य अतिथि रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे, रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और खूंटी के पुलिस अधिकारियों ने गुब्बारे उड़ाकर और कबूतर उड़ाकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा कि खेल से न सिर्फ शारीरिक और मानसिक क्षमता बढ़ती है, बल्कि तनाव भी कम होता है। डीआईजी ने कहा कि एक तरफ जहां तनाव पुलिसकर्मियों के लिए चुनौती है, वहीं दूसरी तरफ इससे उबरने के लिए फिट रहना भी जरूरी है। यह खेल से ही संभव हो सकता है।

# सरकारी दवाएं फेंके जाने के 103 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं किये जाने पर सीएम से की फरियाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र में काफी बड़े पैमाने पर डेटवाली सरकारी दवाएं फेंक दिए जाने के मामले में 103 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर सीएम से फरियाद की गई। सीएम ने तुरंत रिपोर्ट तलब कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कांडी के सतबहिनी के निकट एक गड्ढे में करीब पांच लाख रुपए की कामयाब सरकारी दवाएं फेंकी हुई पाई गई थी। यह 16 मार्च 2024 की घटना है। इस गंभीर मामले की जानकारी दिए जाने पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने जांच व कार्रवाई का निर्देश दिया था। बावजूद इसके कांडी थाना में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर के बाद से मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने कांडी अस्पताल के निकट 11 जुन को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन भी किया है। स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गेनाईजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिलकर इस अक्षम्य आपराधिक वारदात की विस्तार से जानकारी देते हुए आवेदन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। सीएम ने तत्काल अपने निजी सचिव को संबंधित घटना की रिपोर्ट मंगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। युवा समाजसेवी ने दो दिन पहले गढ़वा जिला में ही मझिआंव प्रखंड के पुरहे के सुगवा नाला के निकट बड़े पैमाने पर दवाएं फेंके जाने की भी जानकारी दी। लोकल जांच में उसे प्राइवेट दवाएं बताया जा रहा है। कहा गया कि सरकारी अस्पताल में जेनरिक दवाएं नहीं आतीं। जबकि सदर अस्पताल के दवा वितरण केंद्र से केवल जेनरिक दवाएं दी जाती हैं। जबकि सदर अस्पताल के ही पीएम जन औषधि केंद्र में भी आधी जेनरिक दवाएं ही रहती हैं।


सीएम को आवेदन सौंपते युवा समाजसेवी।

## मजदूरी करने बाहर गया व्यक्ति दो महीने से गुम

**रमना।** क्षेत्र के लिए पलायन केवल समस्या ही नहीं है, एक भयंकर अभिषाप भी बन गया है। गत दिन पहले ही बहियार खुर्द पंचायत के सीरियाटोंगर के मजदूरी करने जा रहे पांच मजदूरों का टेम्पू-हाइवा के टक्कर में मौत हो गयी। आये दिन दूसरे राज्यों में कमाने गये गरीब मजदूरों का शव आते रहता है। लेकिन इस क्षेत्र के जनता और जनप्रतिनिधि दोनों ही पता नहीं किस बेवसी का शिकार है कि पलायन के रोकथाम के लिए कोई आवाज ही नहीं उठाते। पलायन को विवश सिलीदाग पंचायत के 43 वर्षीय मजदूर शम्भू राम पिता स्व. पच्चू दुसाध मजदूरी करने के लिए जा ही रहे थे कि सिकंदराबाद के जोड़िबाटारा रेलवे स्टेशन से चार अप्रैल 2024 को गायब हो गये।

## पेज एक का शेष

### हंगामे के बीच आपातकाल ...

**इमरजेंसी के पीड़ितों के सम्मान में मौन अद्भुत : मोदी :** आपातकाल मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया में पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मुझे खुशी है कि लोकसभा अध्यक्ष ने आपातकाल की कड़ी निंदा की। उस दौरान की गयी ज्यादतियों को उजागर किया और यह भी बताया कि किस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा गया। आपातकाल के समय पीड़ित सभी लोगों के सम्मान में मौन रहना भी एक अद्भुत भाव था। कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए लिखा कि आपातकाल 50 साल पहले लगाया गया था, लेकिन, आज के युवाओं के लिए इसके बारे में जानना महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह इस बात का एक उपयुक्त उदाहरण है कि जब संविधान को रौंदा जाता है, जनमत को दबाया जाता है और संस्थाओं को नष्ट किया जाता है तो क्या होता है। आपातकाल के दौरान की घटनाओं ने एक तानाशाही का उदाहरण दिया। भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान पूरी दुनिया में 'लोकतंत्र की जननी' के तौर पर है। ऐसे भारत पर इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोपी गयी। लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया। तब की तानाशाही सरकार ने मीडिया पर अनेक पाबंदियां लगा दी थी और न्यायपालिका की स्वायत्तता पर भी अंकुश लगा दिया था।

### हिरासत में ले कर...

वहीं सीबीआई ने नितिश कुमार, रॉकी, अखिलेश कुमार, सिकंदर यादवेन्दु, बिप्टू कुमार, संजीव, अमित आनंद और आयुष राज पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। इनलोगो में रॉकी और संजीव फिलहाल फरार चल रहा है, जबकि अन्य लोग जेल में बंद है। सूत्रों की माने तो इन नामजद आरोपियों को रिमांड पर लेकर सीबीआइ नये सिरे से पूछताछ करेगी। वही सीबीआई टीम पूर्व में की गई जांच और जब्त किए गए मोबाइल फोन, लैपटॉप, जले हुए प्रश्न पत्रों की फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस की इओयू ( आर्थिक अपराध इकाई) टीम ने पटना के रामकृष्ण नगर क्षेत्र से अधजला प्रश्न पत्र बरामद किया था। इस प्रश्न पत्र के सीरियल नंबर की जांच से पता चला कि यह हजारीबाग के मंडई रोड में ओएसिस स्कूल स्थित एग्जाम सेंटर का है। इसी मामले की जांच शुरू करने के बाद सीबीआई की टीम मंगलवार को हजारीबाग पहुंची। प्रिंसिपल से उनके घर और स्कूल में मंगलवार और बुधवार को पूछताछ की। बाद में सीबीआई टीम उन्हें अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

### अब झारखंड को...

**बहन- बेटियों को सम्मान राशि :** सीएम ने कहा कि ग्रामीण और शहरी इलाकों की स्थिति काफी दयनीय है। अगले माह से आपकी सरकार मुख्यमंत्री बहन-बेटी योजना शुरू करने जा रही है। इसमें 25 से 50 साल तक की बहन-बेटियों को सम्मान राशि देंगे। युवाओं को स्वरोजगार के लिए 25 लाख तक का लोन, 40 प्रतिशत अनुदान पर दिया जायेगा। हर खेत को पाइप लाइन से पानी देंगे। किसानों का 2 लाख तक का ऋण माफ करेंगे। 125 यूनिट बिजली माफी के बाद अब सरकार 200 यूनिट बिजली फ्री देगी। सीएम ने कहा कि जुलाई से सरकार 15 लाख तक की अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने जा रही है। पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र रहेगा और वहां हर दवा उपलब्ध रहेगी।

### डोडा में सुरक्षाबलों ....

**अमरनाथ यात्रा: बेस कैंप पर ट्रायल रन :** अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त होगी। इसे ले कर बुधवार को जम्मू बेस कैंप में अमरनाथ यात्रा का ट्रायल रन किया गया। इस मौके पर कई अधिकारी मौजूद रहे। डिवीजनल कमिश्नर जम्मू और एडीजीपी जम्मू व कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीजीपी, जम्मू, डीसी रामबन, डीआईजी डीकेआर, डीआईजी ट्रैफिक और वरिष्ठ अधिकारी ड्राई रन में शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया ताकि तीर्थयात्रा आराम दायक व सुचारू रूप से हो सके। इस मौके पर अधिकारियों ने सुरक्षा के सभी इंतेजामों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतेजाम किए गए हैं। वहीं लांबर बनिहाल में संभागीय आयुक्त और एडीजीपी ने यात्री निवास का दौरा किया और संबंधित विभागाध्यक्षों और नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने तीर्थयात्रियों को सभी सुविधाएं और सेवाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

### नशा मनुष्य और...

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशीली पदार्थों के तस्करों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस प्रशासन द्वारा कई जगहों पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया है। ब्राउन शुगर, गांजा, डोडा आदि मादक पदार्थों की रिकवरी भी हुई है। सैकड़ों की संख्या में आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अंतराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया गया है तथा सप्लाई चेन को चिन्हित कर कार्रवाई भी की जा रही है। **युवा भविष्य हैं, नशा से दूर रहें :** सीएम ने कहा कि युवा हमारे राज्य और देश के भविष्य हैं। वे नशे से दूर रहें। युवाओं को नशा मुक्त रख कर ही समृद्ध प्रदेश का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवार या समाज नशा मुक्त रहकर ही उन्नति की मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। मनुष्य जीवन में नशा, नाश का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अगर नशे की चपेट में रहेंगे तो उनके जीवन के साथ साथ राज्य और देश के भविष्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। किसी भी हाल में राज्य के युवाओं को नशे की चपेट में नहीं आने देंगे। उन्होंने कहा कि हमसभी लोगों को यह संकल्प और प्रतिज्ञा लेने का दिन है कि स्वयं के साथ.साथ दूसरों को भी नशा से दूर रहने के लिये प्रेरित करेंगे। नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभायेंगे।

इस अवसर पर सीएम एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखंड सरकार पुस्तक का अनावरण भी किया गया। मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, महिलाए बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में मानव श्रृंखला, साइकिल दौड़, बच्चों का मैराथन दौड़ आदि कार्यक्रम आयोजित की गयी।

### 10 साल बाद...

जिनमें सुषमा स्वराज, लाल कृष्ण आडवाणी, सोनिया गांधी, शरद पवार, अटल बिहारी वाजपेयी, राजीव गांधी, यशवंतराव चव्हाण और राम सुभग सिंह शामिल हैं।

**अब तक किसने संभाला है नेता प्रतिपक्ष का पद :** डॉ. राम सुभग सिंह (17 दिसंबर 1969 से 27 दिसंबर 1970 )। सीएम स्टीफन (12 अप्रैल 1978 से 10 जुलाई 1979 )। यशवंतराव बलवंतराव चव्हाण (10 जुलाई 1979 से 28 जुलाई 1979 तक और 23 मार्च 1977 से 12 अप्रैल 1978 )। जगजीवनराव गणपतराव कदम (28 जुलाई 1979 से 22 अगस्त 1979 )। राजीव गांधी (18 दिसंबर 1989 से 24 दिसंबर 1990 )। गंगा देवी (16 मई 1996 से 01 जून 1996 )। अटल बिहारी वाजपेयी (01 जून 1997 से 04 दिसंबर 1997 तक और 26 जुलाई 1993 से 10 मई 1996 )। शरद चंद्र गोविंदराव पवार (19 मार्च 1998 से 26 अप्रैल 1999 )। सोनिया गांधी (13 अक्टूबर 1999 से 06 फरवरी 2004 )। लाल कृष्ण आडवाणी (22 मई 2009 से 21 दिसंबर 2009 , 22 मई 2004 से 18 मई 2009 , 21 जून 1991 से 25 जुलाई 1993 और 24 दिसंबर 1990 से 13 मार्च 1991 )। सुषमा स्वराज (21 दिसंबर 2009 से 18 मई 2014 ) और अब और अब राहुल गांधी ।

**नेता प्रतिपक्ष और सुविधाएं :** प्रावधान के अनुसार नेता प्रतिपक्ष को कैबिनेट मंत्री की सुविधाएं मिलती हैं, जिसमें सरकारी सचिवालय में एक दफ्तर, उच्च स्तर की सुरक्षा और मासिक वेतन और दूसरे भत्तों के लिए 3 लाख 30 हजार रुपये मिलेंगे। 1969 में कांग्रेस विभाजन के बाद नेता प्रतिपक्ष पद अस्तित्व में आया था जब कांग्रेस (ओ) के राम सुभग सिंह ने इस पद के लिए दावा किया था। इसके बाद संसद के 1977 के एक अधिनियम द्वारा नेता प्रतिपक्ष पद को वैधानिक दर्जा दिया गया। इसमें कहा गया था कि एक विपक्षी दल को नेता प्रतिपक्ष पद के लिए विशेषाधिकार और वेतन का दावा करने के लिए सदन के कम से कम दसवें हिस्से पर अधिकार होना चाहिए। यानी कुल सांसद संख्या के 10 प्रतिशत सांसद होने चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बने छोटन


छोटन कुमार सिंह।

**केतार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष एवं सचिव का चयन किया गया है। गढ़वा जिला के केतार प्रखंड में झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह एवं सचिव हरिनंदन राम को बनाए जाने पर युवाओं में खुशी है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर छोटन कुमार सिंह ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि हमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष के काबिल समझ कर इस पद को दिया गया। उन्होंने कहा कि झामुमो आने वाले विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से भवनाथपुर विधानसभा में जीत दर्ज करेगी। झामुमो के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार राज्य का चौतरफा विकास कर रही है।

### साइकिल वितरण में संवेदक द्वारा बरती जा रही है लापरवाही


साइकिल के साथ बच्चे।

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कल्याण विभाग से मिलने वाली आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण में संवेदक के द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। बुधवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी के 53 छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया गया। जिसमे कई साइकिल में घंटी, लाईट, कैरिअर नहीं लगा था। साथ ही किसी भी साइकिल के टायर में हवा नहीं होने के कारण छात्र को साइकिल को पैदल एक किलोमीटर दूर जा कर दुकान में पैसा खर्च कर टाइट फिटिंग कराना पड़ रहा है। साइकिल वितरण के पहले दिन ही छात्र से 50-50 रु वसूली की भी शिकायत मिली। जहां गांव के हीउमत रसूल अंसारी के द्वारा पैसा वसूला जा रहा था। जिसकी सूचना सिंघीताली निवासी छोटन चौबे को सूचना मिलने पर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर हंगामा करने पर लिए गए कुछ छात्र को पैसा वापस कराया गया। हालांकि विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार से पूछे जाने पर पैसा वसूली की शिकायत के बारे में अंभिगता जाहिर किया गया। बताते चले की पूरे झारखंड में पंजाब की कंपनी हीरो ईको टैक्स को साइकिल देने का ठेका दिया गया है।जिसके द्वारा जल्दीबाजी में साइकिल कसने के चक्र में कर्मी लापरवाही बरत रहे है। भवनाथपुर प्रखंड में 1200 छात्र के बीच साइकिल वितरण होने है जिसमे मात्र अभी 800 साइकिल का ही कसाई किया गया है। कल्याण विभाग के प्रखंड प्रभारी राजगीर राम ने बताया कि साइकिल वितरण में पूर्ण रूप से पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है कोई त्रुटि नहीं हो रही है।

### नीतीश कुमार ने बेतिया मे वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का किया लोकार्पण

**बेतिया।** राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 27 जून को एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर में आयेंगे। पश्चिम चंपारण ज़िला के डीएम दिनेश कुमार राय ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम को लेकर पश्चिम चंपारण जिला में पहुंच रहे हैं, जिसकी तैयारी जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के कर-कमलो द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर के वाल्मीकि सभागार एवं अतिथि गृह का लोकार्पण किया जायेगा।

### नीतीश ने ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी। श्री कुमार ने बुधवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि श्री ओम बिरला के कुशल नेतृत्व में लोकसभा की कार्यवाही का संचालन अच्छे ढंग से होगा।

## 24 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी।

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने 24 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुवा गांव निवासी रामलाल चंद्रवंशी का पुत्र अविनाश कुमार चंद्रवंशी, गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा रेलवे स्टेशन निवासी स्व. कृपालु चौहान का पुत्र शत्रुघन कुमार चौहान उर्फ छोटू कुमार एवं पिंटू कुमार चौहान का नाम शामिल हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को गढ़वा थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर दी।

एसपी श्री पांडेय ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली था कि एक काला भूरे रंग का मारुति स्विफ्ट कार (जेएच 01 सी एक्स 9759) से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा सासाराम, मोहनिया से ब्राउन शुगर खरीद कर गढ़वा में बिक्री किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने कार्रवाई करते हुए भरठिया महुपी रोड पहुंचकर चेकिंग लगाया। उन्होंने बताया कि चेकिन के दौरान कार पर सवार लोगों ने पुलिस को देखकर कार को लेकर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान छापेमारी दल द्वारा उक्त कार को पकड़ा गया इसमें तीन लोग सवार थे। उक्त तीनों की बारी-बारी से तालाशी लेने पर अविनाश कुमार चंद्रवंशी के पास से दो मोबाइल, एक ब्राउन शुगर जिसका भजन 21.550 ग्राम, शत्रुघन कुमार चौहान के पास से दो मोबाइल, 79.430 ग्राम ब्राउन शुगर तथा पिंटू कुमार चौहान के पास से दो मोबाइल, 20.460 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि उक्त तीनों कारोबारी गढ़वा जिला के अलावे पलामू, गुमला, लातेहार जिला में ब्राउन शुगर की बिक्री करते थे। पिंटू चौहान व शत्रुघन चौहान का आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पूर्व भी इसी मामले में जेल जा चुका है। छापामारी दल में एसडीपीओ नीरज कुमार, पिंटू कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बृज कुमार, पुअनि सुभाष कुमार पासवान, शशि कुमार शर्मा, सअनि अभिमन्यु कुमार सिंह, आरक्षी अभय कुमार सिंह सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

## धूमधाम से मनाई गई मां कामाख्या की पहली वर्षगांठ

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के टड़हे पंचायत अंतर्गत गांव करुइ में स्थित मां कामाख्या देवी की 26 जून दिन बुधवार को काफी धूमधाम से पहली वर्षगांठ मनाई गई। बताते चलें कि पिछले वर्ष गांव में स्थित देवी मंदिर के समीप नवनिर्मित मंदिर में मां कामाख्या मां की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा वाराणसी से आए हुए विद्वानों के द्वारा कराया गया था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे मंदिर स्थल से मां की पालकी यात्रा सह नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों की संख्या में मां भक्तों ने भाग लिया। विशेष जानकारी देते हुए मां भक्त सह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि कृपाल सिंह ने बताया कि मां की पालकी यात्रा मंदिर स्थल से चलकर मुंद्रिका सिंह उच्च विद्यालय, मेन रोड तथा करुइ पुरे गांव टोला में भ्रमण करने के बाद पुनः मंदिर परिसर में समापन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान मां कामाख्या देवी की जय ,वीर बजरंगबली की जय,हर हर महादेव सहित कई जयकारों के साथ पुरा इलाका भक्ति मय हो गया। इसके बाद आचार्य आशीष बैद्य,अतुल शास्त्री एवं कामाख्या मंदिर के पुजारी छवी नाथ दुबे के द्वारा मंदिर में पूजन एवं अनुष्ठान कार्य किया गया। इसके बाद शाम 3 बजे से देर रात्रि तक भंडारे का आयोजन किया गया। कहा कि शाम 7 बजे से अखंड कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं मां कामाख्या मंदिर को पूरे भव्य रूप एवं आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

यह कार्यक्रम मां कामाख्या धाम मंदिर समिति के सदस्यों एवं मंदिर कमेटी अध्यक्ष रण विजय सिंह, टड़हे पंचायत की मुखिया इंदू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा नेता कृपाल सिंह के नेतृत्व में की गई। मौके पर जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, विजय सिंह, श्याम किशोर सिंह, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, रमाशंकर सिंह, आलोक सिंह, सुशील सिंह, धनंजय सिंह, उमाशंकर दुबे, अमित सिंह, संजू सिंह, उमेश सिंह, राजा सिंह, सतीश सिंह, राकेश रजक सहित दर्जनों गांवों के हजारों की संख्या में महिला- पुरुष उपस्थित थे।


भ्रमण के दौरान भक्त।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन


खिलाड़ियों के साथ पदाधिकारी।

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रामासाहू आउटडोर स्टेडियम के मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल सेंटर डे बोर्डिंग की टीम तथा रामासाहू मुख्यमंत्री एक्सीलेंस विद्यालय की टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैच में तीन सेट के मुकाबले में डे बोर्डिंग की टीम दो सेट जीतकर विजयी हुई। मौके पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक ने कहा कि सभी प्रतिभागियों को ओलंपिक संघ की तरफ से प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। हम लोग प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व ओलंपिक दिवस को धूमधाम से मना रहे हैं, जिसमें सभी खेल के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी को हिस्सेदारी लेनी चाहिए। मौके पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा, सुशील तिवारी, अजयकांत, चंद्र बहादुर सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, किशोर कुणाल, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, रामासाहू मुख्यमंत्री हाई स्कूल के फिजिकल टीचर प्रदीप कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## राज्य में नौ बजे से 4:30 बजे तक खुलेंगे स्कूल



**पटना।** बिहार में मानसून के प्रवेश करने के बाद मौसम में आई नरमी को देखते हुए स्कूल के समय में बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों के लिए नई समय सारिणी जारी कर दी है। अब हर दिन सुबह नौ बजे से शाम 4:30 बजे तक स्कूलों का संचालन होगा। छात्रों की छुट्टी तीन बजे ही कर दी जाएगी जबकि शिक्षक स्कूल बंद होने तक रुकेंगे। जारी आदेश के अनुसार सभी शिक्षकों को सप्ताह में 45 घंटे ड्यूटी करना अनिवार्य होगा। ऐसे में सोमवार से शनिवार तक हर दिन उन्हें साढ़े सात घंटे की ड्यूटी करनी होगी। आवश्यकता पड़ने पर पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए यह कार्यावधि प्रधानाध्यापक द्वारा बढ़ायी जा सकती है। शिक्षा विभाग द्वारा भी समय-समय पर अतिरिक्त कक्षा संचालन का निर्देश दिया जाएगा। इसके अलावा शिक्षकों को हर दिन छात्रों को होमवर्क देने और अगले दिन उसकी जांच करना जरूरी बताया गया है। बिहार के सरकारी स्कूलों में हर दिन बच्चों के लिए आठ घंटे की पढ़ाई होगी। इसके अलावा मिशन दक्ष के छात्रों के लिए अलग से क्लास होगी।

## बिहार में शराबबंदी फेल : अस्पताल में सफाईकर्मियों ने की दारू पार्टी

एजेंसी



**भभुआ।** शराबबंदी वाले राज्य बिहार में अस्पताल में दारू पार्टी का मामला सामने आया है। जिसमें सफाई एजेंसी के कर्मचारी शामिल हैं। जो अस्पताल के कैदी वार्ड में दारू पार्टी कर रहे थे। गुप्त सूचना पर पुलिस ने तीनों को धर दबोचा है। घटना भभुआ के सदर हॉस्पिटल की है। जब सदर अस्पताल के कैदी वार्ड के नीचे एक कमरे में शराब पार्टी मना रहे सफाई एजेंसी के तीन कर्मियों को डायल 112 नंबर की पुलिस ने बुधवार को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में समस्तीपुर निवासी सफाई प्रभारी प्रिंस कुमार, वैशाली निवासी सुपरवाइजर रंजीत कुमार, और हाजीपुर थाना क्षेत्र के निवासी सुपरवाइजर टुनटुन सिंह शामिल हैं। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने तीनों की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है। इस एजेंसी को सदर अस्पताल के शौचालय व बॉथरूम की सफाई करने की जिम्मेदारी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एनजीओ के कर्मी मटन के साथ शराब पार्टी मना रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे को दोनों तरफ से घेराबंदी कर उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कर पुलिस उन्हें थाना ले गई। शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उनके खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। इससे पहले भी बिहार केकई अस्पतालों में दारू पार्टी की घटनाएं सामने आ चुकी है। जिसमें डॉक्टर तक शामिल थे। सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद अभी तक पूरी तरह राज्य में शराब पर लगाम लगती नहीं दिख रही है। हालांकि हर रोज शराब तस्करी करने वाले और इस गोरखधंधे में शामिल लोगों पर कार्रवाई होती रहती है।

## हमारी सरकार अपराधी का एनकाउंटर करती है : विजय सिन्हा

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पत्रकार हत्याकांड को लेकर विपक्ष ने एनडीए सरकार को घेरा था। इसके बाद डिप्टी सीएम विजय सिन्हा मुजफ्फपुर पहुंचे। वहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारी सरकार कार्रवाई करने वाली सरकार हत्या है। अब अपराधी को संरक्षण देने वाले को बक्शा नहीं जाएगा। अपराधियो का एनकाउंटर होगा। बिहार में इसकी शुरूआत मुजफरपुर से हुई है। यह राजद का काम नहीं है। एनडीए में किसी भी अपराधी बचेंगे नही।



**अब 2005 के पहले वाली बात नहीं है, अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा**

डिप्टी सीएम ने कहा कि यह मुजफ्फरपुर की धरती है। अपराधी का एनकाउंटर करती है और यह गूंज अपराधी के कानों तक सुनाई देती है। अब 2005 के पहले वाली बात नहीं है। अब अपराधी को संरक्षण नहीं दिया जाता है। हमारी एनडीए की सरकार पूरी तरह से सजग और गंभीर है कोई भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले को हमारी सरकार बहुत ही गम्भीरता से ले रही है। कोई भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### बिहार में अपराधी अब पकड़े नहीं जाते बल्कि एनकाउंटर किया जाता है


वहीं पत्रकार हत्याकांड के बारे में उन्होंने कहा कि पुलिस को इस मामले में अवगत कराया गया है। इसके साथ साथ ही मामले में करेगी एसआईटी का गठन। हत्या के मामले में दो लोगो को पकड़ा गया है और ऐसे लोगों को किसी भी तरह से बक्शा नहीं जायेगा। डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने फिर से कहा कि बिहार में अपराधी अब पकड़े नहीं जाते हैं बल्कि एनकाउंटर किया जाता है। मुजफ्फरपुर में इन दिनों हुई करवाई को लेकर के सूबे में इस बात का संदेश गया है कि बिहार में अब ऐसे अपराधी पकड़े नहीं बल्कि एनकाउंटर किए जाते हैं।

स्पीड न्यूज

## अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

जम्मू। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी प्रारंभ हो गया। आज सुबह पंजीकरण स्थल पर तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। दक्षिण जम्मू के एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि सरस्वती धाम टोकन सेंटर से अमरनाथ यात्रियों को ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। इसके आधार पर पंजीकरण होता है और तय होता है कि आगे वो किस दिन यात्रा करेंगे। हमारे तीन ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि 27 जून के पंजीकरण के लिए 1000 लोगों कोटा आया है। यह लोग 29 जून को यात्रा करेंगे। 13 साल से कम आयु के बच्चों और 70 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति को यात्रा की अनुमति नहीं है।

## फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर हुआ रिलीज



मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म 'इंडियन 2' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 1996 में प्रदर्शित फिल्म 'इंडियन' में कमल हासन ने सेनापति नाम के स्वतंत्रता सेनानी का रोल किया था, जो भ्रष्टाचार से लड़ता है और फिल्म इंडियन के सीक्वल इंडियन 2 में उन्होंने इसी रोल में दमदार वापसी की है।'इंडियन 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरूआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें देश के हालात के बारे में बताया जाता है। कहा जाता है- कैसा देश है ये। पढ़े-लिखे लोगों के लिए काम नहीं, और काम है तो पगार नहीं। चोर चोरी करता रहेगा और अपराधी भी अपराध करता रहेगा। ऐसे में देश फिर से 'इंडियन' को बुलाना चाहता है, जो उसके लोगों को बचा सके।

## पाकिस्तान में टीटीपी के दो कमांडर गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के दो कुख्यात कमांडरों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आतंकवादियों की गिरफ्तारी संघीय कैबिनेट के ऑपरेशन आज्म-ए-इस्तेहकम को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद हुई हैं। बलूचिस्तान के गृहमंत्री लैंगोव ने कहा कि आतंकवादी नसरुल्ला और इदरीस को मुश्किल अभियान के बाद गिरफ्तार किया जा सका।

## मार्क रूटे होंगे अगले नाटो महासचिव

मॉस्को। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने नीदरलैंड्स (डच) प्रधानमंत्री मार्क रूटे को संगठन के अगले महासचिव चुने जाने की बुधवार को पुष्टि की। नाटो की ओर से जारी बयान के मुताबिक सहयोगियों ने श्री रूटे को नाटो के अगले महासचिव के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वह जेन्स स्टोलटेनबर्ग का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल एक अक्टूबर को समाप्त हो जायेगा।
पाकिस्तान में लू से 25 लोगों की मौत, हजारों बीमार

## कराची में लू से 36 मरे, हजारों बीमार

इस्लामाबाद। कराची में पिछले तीन दिन में भीषण गर्मी के दौरान लू लगने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गयी और हजारों लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बचाव दल मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी है। चिकित्सकों ने बताया कि तेज गर्मी के कारण कई मरीजों के शरीर में पानी की कमी हो गयी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। पिछले तीन दिन में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिसका मुख्य कारण शहर में समुद्री हवा का रुक जाना है।

# एक जुलाई से लागू होगा तीन नये आपराधिक कानून, तैयारी पूरी

एजेंसी

- इन विधेयकों को 25 दिसंबर को किया गया था अधिसूचित
- अपराधी पहचान नेटवर्क प्रणाली में हुये हैं 23 सुधार
- अपराध ब्यूरो ने समीक्षा और सहायता के लिए 36 टीमें और कॉल सेंटर बनाये



नयी दिल्ली। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने और पुराने पड़ चुके कानूनों को समाप्त करने के उद्देश्य से पिछली लोकसभा में पारित तीनों नये आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को एक जुलाई से लागू किये जाने की तैयारी कर ली गयी है। इन विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद 25 दिसम्बर को अधिसूचित किया गया था। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं। राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता पैदा करने के मामले में पूरी तरह तैयार हैं। नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने इन तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस कर्मियों, जेल कर्मियों, अभियोजकों, न्यायिक अधिकारियों, फॉरेंसिक कर्मियों के साथ-साथ आम जनता सहित सभी पक्षों के बीच विभिन्न पहल शुरू की है ताकि तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक जागरूकता फैले और इन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। चूंकि नए आपराधिक कानूनों में जांच, ट्रायल और अदालती कार्यवाहियों में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है, इसलिए राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो ने मौजूदा अपराध एवं अपराधी पहचान नेटवर्क प्रणाली में 23 सुधार किए हैं।

इसके अलावा ब्यूरो ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन में राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों की निरंतर समीक्षा और सहायता के लिए 36 टीमें और कॉल सेंटर बनाए हैं। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने नए आपराधिक कानूनों के तहत अपराध स्थलों, न्यायिक सुनवाइयों और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अदालती समन की तामील की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की सुविधा के लिए ई-साक्ष्य, न्यायश्रुति और ई-समन ऐप विकसित किए हैं। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो ने क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित कर सभी हितधारकों के साथ साझा किए हैं। उसने 250 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ,वेबिनार और सेमिनार भी किए जिनमें 40,317 अधिकारियों तथा कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। ब्यूरो के मार्गदर्शन में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने 5,84,174 कर्मियों की क्षमता निर्माण का काम भी किया, जिनमें जेल, फॉरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन पक्ष के 5,65,746 पुलिस अधिकारी और कर्मी शामिल हैं। कर्मयोगी भारत और विकास ब्यूरो नए आपराधिक कानूनों पर तीन-तीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं, जिनमें अब तक 2,17,985 कर्मियों ने नामांकन कराया है।

देशवासियों को इन परिवर्तनकारी सुधारों के बारे में जागरूक बनाने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय ने वेबिनारों के माध्यम से नए कानूनों का प्रचार-प्रसार किया है, जिनमें लगभग 40 लाख जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

विधिक मामलों के विभाग ने राज्यों की राजधानियों में चार सम्मेलन भी आयोजित किए, जिनमें देश के प्रधान न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों और विधि विशेषज्ञों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उच्चतर शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नए कानूनों के बारे में शिक्षकों और छात्रों को विषय से अवगत कराने के लिए 1,200 विश्वविद्यालयों और 40,000 कॉलेजों और भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने लगभग 9,000 संस्थानों को नए कानूनों के बारे में जानकारी दी है।

## इन कानूनों की मुख्य बातें


इन कानूनों का उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्ट करना, किसी भी पुलिस थाने पर प्राथमिकी यानी जीरो एफआईआर दर्ज करना, प्राथमिकी की निःशुल्क प्रति देना, गिरफ़्तारी होने पर सूचना देने का अधिकार, गिरफ्तारी की जानकारी प्रदर्शित करना, फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह और वीडियोग्राफी, त्वरित जांच, पीड़ितों को मामले की प्रगति का अपडेट देना, पीड़ित महिलाओं और बच्चों के लिए निःशुल्क चिकित्सा उपचार, इलेक्ट्रॉनिक समन, पीड़िता के महिला मजिस्ट्रेट द्वारा बयान, पुलिस रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना, न्यायालय में सीमित स्थगन, गवाह सुरक्षा योजना, जेंडर समावेश,सभी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में होना, बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, विशेष परिस्थितियों में पुलिस थाने जाने से छूट, जेंडर-न्यूट्रल अपराध, सामुदायिक सेवा, अपराधों के लिए अपराध की गंभीरता के अनुरूप जुर्माना, सरलीकृत कानूनी प्रक्रियाएं एवं तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान शामिल हैं।

# उच्च कोटि के संवाद व चर्चा करें

## सभी सदस्यों से सदन के संचालन में सहयोग की अपेक्षा: बिरला

एजेंसी

- मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार राजग की सरकार बनी है, जनता की अपेक्षायें, आशायें, आकाक्षायें बढ़ी हैं : स्पीकर
- 18 वीं लोकसभा में 281 सदस्य पहली बार चुने गये हैं, वे सदन के नियमों और परिपाटियों का अध्ययन करें



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के सुचारु संचालन में सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा किये जाने के साथ ही उन्हें पुनः पीठासीन अधिकारी चुने जाने पर आभार व्यक्त किया है। बिरला ने बुधवार को अध्यक्ष चुने जाने के बाद अपने पहले सम्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों, सभी राजनीतिक दलों के नेता और सभी सदस्यों का उन्हें पुनः सदन का पीठासीन अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन का अवसर प्रदान किये जाने पर हार्दिक आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनके प्रति उन्होंने जो विश्वास जताया है, उसके लिये वह बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वह किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना चाहते, हम सब लोग संवाद करें, चर्चा करें। उच्च कोटि के संवाद, चर्चा करें। उन्होंने कहा कि संसद के विरोध और सड़क के विरोध में अंतर रहना चाहिये। सभी सदस्यों का प्रयास होना चाहिये कि सदन का गौरव बढ़ाने का निरंतर प्रयास करें। बिरला ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार राजग की सरकार बनी है, ऐसे में सरकार से जनता की अपेक्षायें, आशायें, आकाक्षायें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि आइयें हम प्रभावी तरीके से जनता के कार्य करने का पूरा प्रयास करें। बिरला ने कहा कि सदन में चर्चा और संवाद हों, ऐसे प्रयास निरंतर करते रहना है। उन्होंने कहा कि अठारहवीं लोकसभा में 281 सदस्य पहली बार चुने गये हैं। उन्हें सदन के नियमों और परिपाटियों का अध्ययन करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि संसद के नये भवन में ऐतिहासिक कानून पारित किये गये हैं। नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित किया गया। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे हुये हैं। यह ऐसा संविधान है, जो हमारा मार्गदर्शन करने के साथ ही लोक कल्याण, वंचितों का कल्याण करने का मार्ग प्रशस्त करता है। श्री मोदी के मार्गदर्शन में संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई है। बिरला ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि वह सभी को अपनी बात कहने का पर्याप्त अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। पक्ष और विपक्ष से मिलकर सदन चलता है। उनकी कोशिश है कि सबकी सहमति से सदन संचालित करूं। एक दल के सदस्य को भी अपनी बात कहने का अवसर मिले, ऐसी उनकी कोशिश रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं कोशिश करूंगा कि सभी को उनके विचार, भावना व्यक्त करने का मौका मिले।

बिरला ने प्रोटेम स्पीकर भर्तहरि महताब और अन्य पीठासीन अधिकारियों का सदन के सुचारु संचालन में आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह सभी सदस्यों से पुनः अपेक्षा करते हैं कि वह सदन की गरिमा और प्रतिष्ठा बढ़ाने में अपना सहयोग देंगे।

### मोदी, राहुल, अखिलेश समेत कई नेताओं ने स्पीकर को दी बधाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी , समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंधोपाध्याय सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने बुधवार को ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। बिरला के ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का स्पीकर चुने जाने के बाद परंपरा के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू उन्हें अध्यक्ष के आसन तक लेकर गए। इससे पहले दोनों नेताओं ने ओम बिरला को भी बधाई दी। मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि बिरला दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। आपको मेरी और इस पूरे सदन की तरफ से बहुत शुभकामनाएं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है। हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले पांच साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। राहुल गांधी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में पहले भाषण में अध्यक्ष चुने जाने पर बिरला का अभिनंदन किया और कहा कि देश की जनता ने विपक्ष को भी जबरदस्त समर्थन दिया है तथा उन्हें विश्वास है कि बिरला जनता की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के पास सरकार को प्रदत सारी शक्तियां है, लेकिन विपक्ष भी जनता की आवाज है और जनता की आवाज को संसद में सुना जाना आवश्यक है। अखिलेश यादव ने बिरला को बधाई देते हुए कहा कि देश की जनता की आवाज को न्याय देने की जिम्मेदारी आपके पास है। आपको सदन चलाने का पुराना अनुभव है और हमें विश्वास है कि आप इस परंपरा का निर्माण करते हुए 18वीं लोकसभा में देश की जनता की आवाज को बिना भेदभाव के सुनेंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी राजनीतिक दलों के सभी सांसदों को बराबरी का मौका मिलेगा। किसी की आवाज दबाई नहीं जाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि सतरहवीं लोकसभा की तरह सदस्यों का निष्कासन नहीं होगा।



### कामाख्या मंदिर की शुद्धि के बाद खुले पट

गुवाहाटी। विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेला शुरू होने के बाद बुधवार को कामाख्या मंदिर की शुद्धि हो गई और श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोल दिया गया। कई दिनों से कतार में खड़े श्रद्धालुओं को मां कामाख्या पीठ को छूने का मौका भी मिला।

## केजरीवाल से 3 दिन तक सीबीआइ करेगी पूछताछ

- शराब घोटाले में केंद्रीय एजेंसी ने कोर्ट के आदेश पर पूछताछ के बाद दिल्ली के सीएम को किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली। आबकारी नीति कथित घोटाला मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए सीबीआइ की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआइ ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी। सीबीआइ ने धन शोधन के मामले में ईडी की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ के बाद बुधवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया।



## राममंदिर की छत से एक बूंद पानी नहीं टपका : चंपत राय

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बुधवार को कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में वर्षा काल के दौरान छत से एक बूंद पानी नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। गौरतलब है कि पिछले दिनो रामलला के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास ने बयान दिया था कि गर्भगृह को छोडकर जहां पर श्रद्धालु दर्शन करते हैं वहां पर पहली बरसात में पानी टपकने लगा था। इस बयान को खारिज करते हुए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने मंगलवार को कहा था कि मंदिर की छत से पानी नहीं टपक रहा था बल्कि बौछार आने से पानी आ गया था। श्री राय ने कहा कि अयोध्या में दो दिन हुए वर्षा के दौरान गर्भगृह जहां भगवान रामलला विराजमान हैं वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में मंडप है। इसे गूढ़मंडप कहा जाता है।

## इमरजेंसी पर संसद में बंटा विपक्ष

- स्पीकर के प्रस्ताव को कांग्रेस ने किया विरोध, सपा-टीएमसी ने अपातकाल को नहीं किया समर्थन

नयी दिल्ली। इमरजेंसी पर संसद में बंटा विपक्ष। इमरजेंसी को लेकर स्पीकर के प्रस्ताव का विरोध सिर्फ कांग्रेस सांसदों ने किया। सूत्रों के मुताबिक, इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी ने कांग्रेस का इस मुद्दे पर साथ नहीं दिया। सपा और तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा में आपातकाल के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया। लोकसभा सत्र के तीसरे दिन स्पीकर बनने के बाद ओम बिरला ने अपनी पहली स्पीच में 1975 में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। इस दौरान सदन में इमरजेंसी में मारे गए लोगों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्पीकर के प्रस्ताव के बाद विपक्ष ने सदन में काफी देर तक हंगामा और नारेबाजी की। लेकिन, इस मुद्दे पर विपक्ष की एकजुटता नहीं दिखाई दी। सूत्रों के मुताबिक, सिर्फ कांग्रेस पार्टी ने स्पीकर के प्रस्ताव का विरोध किया। जबकि, टीएमसी और सपा सांसदों ने इस पर कांग्रेस का साथ नहीं दिया। इतना ही नहीं इमरजेंसी के दौरान मारे गए लोगों को समाजवादी पार्टी और टीएमसी के सांसदों ने श्रद्धांजलि भी दी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के इमरजेंसी पर दिए बयान कहा कि मुझे खुशी है कि माननीय अध्यक्ष ने आपातकाल की कड़ी निंदा की।




Er. Partha Pal

B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: **98351 29422**
**e-mail: palpartha078@gmail.com**
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHYAT AND CHAS NAGAR NIGAM

हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।


# रिलायंस की छलांग से शेयर बाजार को लगे पंख

## सेंसेक्स 78,674 के साथ नये शिखर पर, 24 हजार के करीब पहुंचा निफ्टी

एजेंसी



मुंबई। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक अर्थात 0.80 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,674.25 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 147.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत मजबूत होकर 23,868.80 अंक के सार्वकालिक स्तर पर रहा। हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों में घटबढ़ रही। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.29 प्रतिशत फिसलकर 45,887.88 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,141.11 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4008 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1960 में गिरावट जबकि 1922 में तेजी रही वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 26 कंपनियों में लिवाली जबकि 23 में बिकवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

**10 समूहों में तेजी :** बीएसई के 10 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे दूरसंचार 2.30, ऊर्जा 1.45, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 0.25, इंडस्ट्रियल्स 0.02, यूटिलिटीज 0.22, बैंकिंग 0.58, तेल एवं गैस 0.98, टेक 0.78 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.46 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09, जर्मनी का डैक्स 0.13, जापान का निक्केई 1.26, हांगकांग का हैंगसेंग 0.09 अरु चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.76 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 41 अंक की बढ़त के साथ 78,094.02 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली हावी होने से थोड़ी देर बाद ही 77,945.94 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 78,759.40 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 78,053.52 अंक के मुकाबले 0.80 प्रतिशत चढ़कर 78,674.25 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी बढ़त के साथ 23,723.10 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 23,670.45 अंक के निचले जबकि 23,889.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 23,721.30 अंक की तुलना में 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,868.80 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की लाभ में रही कंपनियों में रिलायंस 4.09, एयरटेल 3.07, अल्ट्रासिमको 2.78, आईसीआईसीआई बैंक 1.60, सन फार्मा 1.37, एक्सिस बैंक 1.26, एनटीपीसी 1.14, बजाज फाइनेंस 1.09, अदाणी पोर्ट्स 0.93, कोटक बैंक 0.84, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.78, मारुति 0.75, नेस्ले इंडिया 0.69, एलटी 0.52, टीसीएस 0.44, एसबीआई 0.38, एशियन पेंट 0.22 और आईटीसी 0.20 प्रतिशत शामिल रही।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !